CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 13°C

मुरादाबाद, मंगलवार 24 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 217 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 4 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**बंगाल में भी दिखाई देगा पीडीए का असर: अखिलेश यादव** पेज 2



**युद्ध के बीच गैस-तेल से ईरान की हो रही रिकॉर्ड कमाई** पेज 12



**पश्चिम बंगाल चुनाव : सत्ता की जंग से बड़ी चुनाव आयोग की साख की अग्नि परीक्षा** सम्पादकीय



**ईरान ने अमेरिका का एफ -15 लड़ाकू विमान मार गिराया** पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### NIA ने लालकिला विस्फोट जांच में कश्मीर में कई जगहों पर मारे छापे

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में लालकिले के पास पिछले साल 10 नवम्बर को हुए कार विस्फोट मामले की चल रही जांच के तहत कश्मीर भर में कई जगहों पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि ये छापे श्रीनगर, बारामूला, कुपवाड़ा और कुलगाम जिलों में छह जगहों पर उन लोगों से जुड़े ठिकानों पर मारे गए, जिन्हें धमाके के पीछे के आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था।
सूत्रों ने बताया कि एनआईए ने बारामूला जिले के रफीबाद के रहने वाले डा. बिलाल नसीर मल्ला के घर पर तलाशी ली, जिसे इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। कुपवाड़ा जिले के लंगाते इलाके में भी एक और तलाशी ली गई।

### विकसित भारत के लिए आय बढ़ानी होगी : विपक्ष

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष ने सोमवार को कहा कि सरकार विकसित भारत की सिर्फ बातें करती है और इसके लिए उसके पास कोई ठोस नीति नजर नहीं आती। लोकसभा में 'वित्त विधेयक 2026' पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के डा. अमर सिंह ने कहा कि देश में प्रति व्यक्ति आय करीब 3000 डॉलर है, जबकि विकसित भारत के लिए यह आमदनी 14000 डॉलर प्रति व्यक्ति होनी चाहिए। उनका कहना था कि सरकार जो दावा करती है और जो बुनियादी स्थिति है उसमें बहुत बड़ा फर्क है और इस गैप को बांटने के लिए कोई ठोस कदम उठाते हुए सरकार नजर नहीं आती है।

### अमृतसर में नशा तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 2 पकड़े

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर काउंटर इंटेलिजेंस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नशा तस्करी के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से पांच किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस मॉड्यूल के तार पाकिस्तान स्थित तस्करों से जुड़े हुए हैं।

# युद्ध का असर लंबा चल सकता है, हमें कोरोना संकट की तरह तैयार रहना होगा: पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया संघर्ष पर भारत का रुख किया स्पष्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा: ईरान और अमेरिका-इजरायल युद्ध ने दुनियाभर के सामने ऊर्जा संकट पैदा किया
- भारत में गैस की किल्लत होने लगी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में बताया कि मिडिल ईस्ट में हालत चिंताजनक है। देश के सामने चुनौतियां बेहद ज्यादा हैं। दुनियाभर के लोग युद्ध रोकने के लिए आग्रह कर रहे हैं। पीएम मोदी ने मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष और इस जंग पर भारत का क्या रुख है, वो स्पष्ट किया।

पीएम मोदी ने बताया कि बीते दिनों होर्मुज स्ट्रेट में फंसे हमारे कई जहाज भारत आए भी हैं। संकट के इस समय में देश की एक और तैयारी भी है, जो बहुत काम आ रही है। पिछले 11 साल में इथेनॉल के उत्पादन और उसकी ब्लेंडिंग पर अभूतपूर्व काम हुआ है। एक दशक पहले तक देश में सिर्फ एक से डेढ़ प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग कैपसिटी थी। आज हम पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनाल ब्लेंडिंग के करीब पहुंच रहे हैं। इसके कारण प्रति वर्ष करीब साढ़े 4 करोड़ बैरल कम ऑयल इम्पोर्ट करना पड़ रहा है। हालांकि, पीएम मोदी ने बताया कि ईरान-इजरायल जंग का असर लंबा चल सकता है। हमें कोरोना संकट की तरह तैयार रहना होगा। ईरान और अमेरिका- इजरायल युद्ध का सोमवार को 24वां दिन था। ये जंग कब रुकेगी, कुछ कहा नहीं जा सकता है। लेकिन इस जंग ने दुनियाभर के सामने ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। भारत में भी गैस की किल्लत महसूस की जा रही है। ऐसे में विपक्षी पार्टियां भारत की मौजूदा विदेश नीति और केंद्र सरकार पर कई सवाल उठा रही हैं। इन्हीं सवाल का जवाब प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को लोकसभा में दिया। पश्चिम एशिया संघर्ष पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से 3,75,000 से अधिक भारतीय सुरक्षित रूप से भारत लौट चुके हैं। ईरान से अब तक लगभग 1,000 भारतीय सुरक्षित लौट चुके हैं, जिनमें से 700 से अधिक मेडिकल छात्र हैं।

### संसद में प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर प्रियंका गांधी ने व्यापक चर्चा की रखी मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर जो बयान दिया है उसमें कोई नई बात सामने नहीं आई है। संसद के बजट सत्र के दूसरे भाग के दौरान सोमवार को प्रधानमंत्री ने लोकसभा में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर बयान दिया, जिसमें उन्होंने भारतीय नागरिकों की सुरक्षित देशवापसी से लेकर एलपीजी जैसी जरूरी व्यवस्थाओं पर सरकार के कदमों की जानकारी दी।



श्रीमती वाड्रा ने इस बयान पर प्रतिक्रिया करते हुए संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को मौजूदा परिस्थितियों से अवगत कराया है, लेकिन उनके बयान में कोई नई बात सामने नहीं आई।

# सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के मामले में दोबारा सुनवाई के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें एक तलाक के मामले की नए सिरे से सुनवाई करने को कहा गया था।

यह मामला इसलिए चर्चा में आया, क्योंकि एक परिवार न्यायालय ने तलाक की मंजूरी देते समय कानून की ऐसी धारा का इस्तेमाल कर दिया था, जो असल में है ही नहीं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसने पुराने तलाक को रद्द कर नए सिरे से सुनवाई का आदेश दिया था। फिलहाल उच्चतम न्यायालय ने दोबारा सुनवाई पर रोक लगा दी है। पूरा मामला तब उलझ गया जब दिल्ली उच्च न्यायालय ने पाया कि परिवार न्यायालय के न्यायाधीश ने अलग-अलग कानूनों को आपस में मिला दिया था। केस हिंदू मैरिज एक्ट के तहत दर्ज था, लेकिन न्यायालय ने विशेष विवाह अधिनियम (स्पेशल मैरिज एक्ट) की एक ऐसी धारा का जिक्र कर दिया जो कानून की किताब में मौजूद ही नहीं है। इन कानूनी गलतियों की वजह से उच्च न्यायालय ने पूरे मामले को शुरू से सुनने का निर्देश दिया था।अब उच्चतम न्यायालय ने इस बात की जांच करेगा कि क्या इस मामले में दोबारा सुनवाई की जरूरत है या नहीं। इस बीच, उस न्यायाधीश ने भी उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है, जिन्होंने यह फैसला सुनाया था। उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ की गई सख्त टिप्पणियों को हटाने की मांग की है। हालांकि, फरवरी में हुई पिछली सुनवाई में उच्चतम न्यायालय ने उन टिप्पणियों पर रोक लगाने से मना कर दिया था।

# ट्रम्प बोले जंग खत्म करने को हमारी बात हुई, ईरान का इन्कार



- ईरान के बिजली संयंत्रों व ऊर्जा ढांचे पर सभी सैन्य हमलों को 5 दिन के लिए टाला: ट्रम्प

**वाशिंगटन/ तेहरान।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि मध्य पूर्व में चल रहे टकराव को पूरी तरह ख़त्म करने को लेकर बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि पूरी तरह समाधान के मुद्दे पर सकारात्मक बातचीत हुई है।

ट्रंप ने यह भी कहा कि वह ईरान के बिजली संयंत्रों और ऊर्जा ढांचे पर किसी भी तरह के हमलों को पांच दिन के लिए टालेंगे, लेकिन ईरान के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बातचीत वाले बयान को नकार दिया है। इससे पहले ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने लिखा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका और ईरान के बीच पिछले दो दिनों में मध्य पूर्व में टकराव के पूरी तरह समाधान को लेकर बहुत अच्छी और सकारात्मक बातचीत हुई है। इस रचनात्मक बातचीत के रुख़ और माहौल को देखते हुए, जो पूरे सप्ताह जारी रहेंगी, मैंने वॉर डिपार्टमेंट को निर्देश दिया है कि ईरान के बिजली संयंत्रों और ऊर्जा ढांचे पर सभी सैन्य हमलों को पांच दिन के लिए टाल दिया जाए। यह फ़ैसला बैठकों और चर्चाओं की सफलता पर निर्भर करेगा। न्यूज़ एजेंसी के अनुसार, ईरान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कही गई उस बात को नकारते हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत चल रही है।

### अमेरिका को आईआरजीसी की कड़ी चेतावनी, 'हर हमले का मिलेगा जवाब'

**तेहरान।** इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि ईरान के खिलाफ किसी भी खतरे का बराबर और प्रतिरोधक जवाब दिया जाएगा। आईआरजीसी ने सोमवार को जारी बयान में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन आरोपों का जवाब दिया, जिनमें कहा गया था कि ईरानी बल क्षेत्रीय जल विलवणीकरण संयंत्रों को निशाना बना सकते हैं। आईआरजीसी ने आरोप लगाया कि युद्ध की शुरुआत अमेरिकी सेना ने की और अब तक बच्चों सहित कई नागरिकों को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया कि अमेरिकी हमलों में जल अवसंरचना को भी नुकसान पहुंचाया गया, जिसमें क़ेश्म द्वीप का विलवणीकरण संयंत्र शामिल है।

# उत्तर प्रदेश में गेहूं का एमएसपी ₹2585 हुआ

शाह टाइम्स ब्यूरो



- योगी कैबिनेट ने लिए 35 महत्वपूर्ण फैसले

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट बैठक में 37 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जबकि दो प्रस्ताव को फिलहाल स्थगित कर दिया गया। बैठक में किसानों, ऊर्जा, शहरी विकास और औद्योगिक निवेश से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए, जिन्हें राज्य के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने फैसलों की जानकारी दी। श्री शाही ने कहा कि किसानों को बड़ी राहत देते हुए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल तय किया है। प्रदेश में गेहूं की खरीद 30 मार्च से 15 जून तक की जाएगी और इसके लिए 6500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि किसानों को उतराई, सफाई आदि के लिए 20 रुपये प्रति कुंतल अतिरिक्त भुगतान भी दिया जाएगा। इस बार 30 लाख टन खरीद का लक्ष्य रखा गया है, जबकि 50 लाख टन तक खरीद का अनुमान है। कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में भी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। घाटमपुर में 660 मेगावॉट की तीन यूनिट परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए झारखंड स्थित कोल ब्लॉक के विकास के लिए 2242.90 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इस परियोजना से 270 मिलियन टन कोयला उत्पादन का अनुमान है और बिजली दरों में करीब 80 पैसे प्रति यूनिट तक कमी आने की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही गोरखपुर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में भी पहल की गई है। चिलुआताल में 20 मेगावॉट क्षमता का फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए लगभग 80 एकड़ क्षेत्र उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए कैबिनेट ने 'नवयुग नगर पालिका योजना' को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत प्रदेश के 58 शहरों को स्मार्ट बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 55 नगर पालिका परिषद और 3 नगर पंचायत शामिल हैं। श्री शर्मा ने बताया कि 145 करोड़ रुपये की लागत से पांच वर्षों में लागू होने वाली इस योजना में 1.5 लाख से अधिक आबादी वाले 24 निकायों को प्राथमिकता दी जाएगी।



PATANJALI wellness
Yoga, Ayurveda & Naturopathy


**पतंजलि वेलनेस में सेवा (जॉब) का अनुपम अवसर**

पतंजलि वेलनेस कर्मयोगी बनकर सेवा के द्वारा विश्व के सबसे बड़े योग, आयुर्वेद, स्वदेशी के आंदोलन से जुड़ें। विश्व के सबसे बड़े योग, यज्ञ, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा के सेवा अभियान के लिए पतंजलि वेलनेस में योग्य एवं अनुभवी **थेरेपिस्ट / योगाचार्य / वैद्य गण (प्रस्नाथक को प्राथमिकता)** के लिए कर्मयोगियों की आवश्यकता है।

**थेरेपिस्ट हेतु अहर्ता (Eligibility):** न्यूनतम 10वीं पास / पंचकर्म डिप्लोमा / नेचरोपैथी डिप्लोमा / कार्य से सम्बंधित अनुभव + उत्तराखंड आयुष चिकित्सा कौंसिल द्वारा पंजीकृत।
**आयु:** 18 से 35 वर्ष
**प्रशिक्षण अवधि :** 2 माह
**अन्य सुविधायें :** भोजन , आवास व बस

**योगाचार्य हेतु अहर्ता (Eligibility): योग** स्नातक / स्नातकोत्तर डिप्लोमा योग / कार्य से सम्बंधित अनुभव।
**आयु:** 18 से 35 वर्ष

**वैद्य हेतु अहर्ता (Eligibility):** BAMS/BNYS/MD (आयुर्वेद/नेचुरोपैथी) / Ph.D. (आयुर्वेद/नेचुरोपैथी) / कार्य से सम्बंधित अनुभव + उत्तराखंड आयुष चिकित्सा कौंसिल द्वारा पंजीकृत।

**वेतन / मानदेय: योग्यता एवं कार्य दक्षता के अनुसार।**

**कार्य स्थल : पतंजलि वेलनेस/ योगग्राम/ निरामयम्, हरिद्वार, उत्तराखंड**

**संपर्क करें : 8954-666-111**
89548 91711 / 72170 45416 / 82720 68187
अपना बायोडाटा / CV/ RESUME नीचे दिए गए Whatsapp अथवा ई-मेल पर भेजें
895489-6661 | career@patanjaliwellness.com

**पतंजलि के नाम पर किसी भी प्रकार के (एडमिशन, बुकिंग, नौकरी, फ्रैंचाइज़ी आदि) ऑफर के बहाने होने वाली ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचें।**
हम नौकरी हेतु किसी भी प्रकार की धनराशि की मांग नहीं करते हैं तथा पतंजलि वेलनेस में बुकिंग हेतु केवल अधिकृत नंबर 8954-666-111 पर ही संपर्क करें; ऑनलाइन भुगतान करने से पहले संबंधित बैंक खाते की पुष्टि अवश्य कर लें।

# गौकशी का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

## प्रतिबंधित मांस व तमंचा बरामद, साथी मौके से फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** पुलिस ने मुठभेड के दौरान गौकशी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 22 मार्च को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सलमान उर्फ बिहारी पुत्र उस्मान उर्फ बाबू, अयान पुत्र उस्मान उर्फ बाबू एवं उस्मान उर्फ बाबू पुत्र कल्लू निवासीगण ग्राम भनेड़ा, थाना किरतपुर ईद के अवसर पर अपनी रिश्तेदारी में इदरीश पुत्र महबूब निवासी काजी हाउस तिराहा, मौहल्ला पठानपुरा, थाना नजीबाबाद के घर पर प्रतिबंधित गोवंशीय पशु का मांस लेकर आए हैं। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचकर इदरीस के घर से लगभग 500 ग्राम प्रतिबंधित गौवंशीय मांस बरामद किया गया। इस संबंध में थाना नजीबाबाद पर मुकदमा गौवध निवारण अधिनियम बनाम सलमान उर्फ बिहारी आदि पांच लोगों के विरुद्ध दर्ज किया गया था। पुलिस ने सलमान उर्फ बिहारी पुत्र उस्मान उर्फ बाबू निवासी निकट बुध बाजार ग्राम भनेड़ा, अयान पुत्र उस्मान उर्फ बाबू निवासी निकट बुध बाजार ग्राम भनेड़ा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आज करीब 11.25 बजे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गौवध निवारण अधिनियम में वांछित अभियुक्त आजाद पुत्र हनीफ निवासी ग्राम हुसैनपुर थाना किरतपुर व उस्मान उर्फ बाबू पुत्र कल्लू निवासी निकट बुध बाजार ग्राम भनेड़ा नीले रंग की प्लेटिना बाइक से कोटद्वार से नजीबाबाद की तरफ आ रहे है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा जफराबाद चौकी पर बैरियर लगाकर चैंकिग की जा रही थी। इसी दौरान प्लेटिना बाइक सवार दो व्यक्तियों को रुकने का लिए कहा, परंतु वे नहीं रुके और भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने एवं पुन: रुकने के लिए कहने पर उनके द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में एक आरोपी जमीन पर गिर गया। जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया जबकि दूसरा अभियुक्त जंगल का लाभ उठाकर फरार हो गया।

घायल अभियुक्त ने पूछताछ में अपना नाम आजाद पुत्र हनीफ निवासी ग्राम हुसैनपुर, थाना किरतपुर बताया। जिसके कब्जे से एक अवैध 315 बोर तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस 315 बोर, पशु कटान के उपकरण और घटना में प्रयुक्त बाइक संख्या यूपी 20पी 0142 बरामद हुई।

अभियुक्त से बरामद अवैध तमंचा, कारतूस एवं मांस काटने के औजारों के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह अपने साथी उस्मान उर्फ बाबू पुत्र कल्लू निवासी ग्राम भनेड़ा, थाना किरतपुर के साथ मिलकर आवारा घूम रहे गौवंशीय पशुओं को पकड़ कर सुनसान स्थानों पर ले जाकर उनका वध करते थे तथा मांस को आसपास के क्षेत्रों में बेचते थे। उसने बताया कि ईद से पूर्व हुसैनपुर के जंगल में एक गौवंशीय पशु का वध कर उसका मांस बेचा गया था तथा उसी दौरान उस्मान उर्फ बाबू अपने पुत्रों सलमान उर्फ बिहारी व अयान के साथ उससे लगभग दो किलो मांस लेकर गया था। बाद में उसे जानकारी हुई कि उसके दोनों पुत्र पुलिस द्वारा पकड़े जा चुके हैं।

अभियुक्त ने स्वीकार किया कि घटना के दिन वह अपने साथी उस्मान उर्फ बाबू के साथ कोटद्वार-नजीबाबाद मार्ग पर पुन: किसी आवारा गौवंशीय पशु की तलाश में था, ताकि उसे जंगल में ले जाकर उनका वध करते थे तथा मांस को आसपास के क्षेत्रों में बेचते थे।

अभियुक्त ने यह भी बताया कि ईद से पूर्व हुसैनपुर के जंगल में एक गौवंशीय पशु का वध कर उसका मांस बेचा गया था तथा उसी दौरान उस्मान उर्फ बाबू अपने पुत्रों सलमान उर्फ बिहारी व अयान के साथ उससे लगभग 02 किलो मांस लेकर गया था। बाद में उसे जानकारी हुई कि उसके दोनों पुत्र पुलिस द्वारा पकड़े जा चुके हैं। अभियुक्त ने स्वीकार किया कि घटना के दिन वह अपने साथी उस्मान उर्फ बाबू के साथ कोटद्वार-नजीबाबाद मार्ग पर पुन: किसी आवारा गौवंशीय पशु की तलाश में था, ताकि उसे जंगल में ले जाकर वध कर मांस बेच सकें। पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास करने पर उसने जान से मारने की नीयत से अवैध तमंचे से फायरिंग की तथा उसका साथी मौके से फरार हो गया।

अभियुक्त से अवैध तमंचा, कारतूस एवं बाइक के वैध अभिलेख/लाइसेंस प्रस्तुत करने को कहा गया, किंतु वह कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

घायल अभियुक्त को उपचार के लिए सीएचसी नजीबाबाद भेजा गया है। वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया। अन्य आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है।

# प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** प्रदेश सरकार के अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के नौ वर्ष पूरे होने पर ब्लॉक कार्यालय में समारोह आयोजित किया गया। प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सरकार की उपलब्धियां के संबंध में आज ब्लॉक कार्यालय स्थित डबाकरा हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार के साथ-साथ भाजपा पदा. धिकारी, प्रधान, किसान मोर्चा के पदाधिकारी, कृषक तथा महिला शक्ति के रूप में समूह की महिलाओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सभी विभागों की योजनाओं में विगत 9 वर्षों में हुई प्रगति के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया। शासन स्तर से प्राप्त वीडियो सभी प्रतिभागियों को दिखाया गया तथा सरकार की योजनाओं के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। सभी विभागों के स्टॉल्स लगाकर योजना के पात्र लाभार्थियों को चिन्हित किया गया तथा योजनाओं के विषय में अवगत कराया गया।

इस मौके पर बीडीओ मनवीर सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली, गन्ना समिति के चेयरमैन मलकीत सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश बंजारा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कासमपुर गढ़ी विनय चौहान, एडीओ ललित प्रताप, एडीओ आईएसबी इकबाल अहमद, एबीएसए प्रेम सिंह राणा, मोहित त्यागी, विमला देवी, कमलेश लता आदि भारी संख्या में समूह की महिलाएं मौजूद रही।

## एक नजर

### गुलदार का शावक मिलने से हड़कंप



**नहटौर।** ग्राम कोकापुर में किसान के गन्ने के खेत में गुलदार का शावक मिलने से हड़कंप मच गया। कोकापुर निवासी विनीत कुमार के गन्ने के खेत में बने एक गड्ढे में गुलदार का शावक बैठा हुआ मिला। मादा गुलदार भी शावक के साथ खेत में मौजूद थी, लेकिन ग्रामीणों के शोर-शराबे के कारण वह शावक को छोड़कर भाग निकली। गुलदार का शावक मिलने की खबर तेजी से पूरे गांव में फैल गई। जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। नीरज कुमार, केशव कुमार, दिनेश कुमार, अंकित कुमार, जितेंद्र सिंह और नंद किशोर सहित अन्य ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने की मांग की है। वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि मादा गुलदार आसपास ही हो सकती है, इसलिए ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वन विभाग शावक को सुरक्षित रूप से उसकी मां से मिलाने का भी प्रयास कर रहा है।

### परिवार की सुख-समृद्धि की कामना




**हल्दौर।** मौहल्ला जमुनादास स्थित धर्मशाला में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां स्कंदमाता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भजन-कीर्तन किया और देश व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना करते हुए परिवार की खुशहाली, सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। भजन-कीर्तन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु मां के जयकारे लगाते हुए भक्ति में लीन दिखाई दिए। नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में प्रतिदिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर पारुल रस्तोगी, किरण शर्मा, अंजू, उर्मिला, अनिता, माया, पूजा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष व बच्चे मौजूद रहे और सभी ने धर्म लाभ अर्जित किया।

### महिलाओं को किया जागरूक



**हल्दौर।** रेलवे फाटक पर नारी शक्ति मिशन अभियान के अंतर्गत अम्हेड़ा चौकी प्रभारी अनू पवार ने महिलाओं को शरारती तत्वों से हिम्मत के साथ मुकाबला कर आत्मनिर्भर होने के प्रति जागरुक किया गया। नारी मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत अम्हेड़ा चौकी प्रभारी दरोगा अनू पवार ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा संबंधी कानूनों एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं समाज की महत्वपूर्ण शक्ति हैं और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरुक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में महिलाएं तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें और बिना डर के पुलिस को सूचना दें। उन्होंने महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112 सहित अन्य सुरक्षा सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### तिसोतरा में पुलिस का पैदल गश्त



**नांगल सोती।** पुलिस ने ग्राम तिसोतरा में पैदल गश्त करके ग्रामीणों को सुरक्षा का एहसास कराया। नांगल क्षेत्र के ग्राम तिसोतरा कई मौहल्लों में सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह और थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर ने पुलिस बल के साथ गश्त की, इस दौरान पुलिस ने गश्त करके ग्रामीणों को सुरक्षा का एहसास कराया, इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से कहा गांव में होने वाले किसी अपराध और संदिग्ध व्यक्ति की तुरंत पुलिस को सूचना दे।

# राजा का ताजपुर में बाइक फिसलने से परिवार घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला जामा मस्जिद निवासी इसरार मलिक उर्फ चेयरमैन अपने बीवी-बच्चों के साथ बाइक से बाजार जा रहे थे। स्योहारा-नूरपुर रोड पर अचानक बाइक फिसलने से इसरार मलिक उर्फ चेयरमैन की पत्नी शहनाज परवीन, पुत्री माही परवीन, हुमैरा परवीन आदि गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहागीरों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर आयुष दिवाकर ने बताया कि एक बच्ची के सिर में ज्यादा चोट है। सभी लोग खतरें से बाहर है। सभी को ईलाज करने के बाद घर भेज दिया है।

# समाधान दिवस में 21 शिकायतें दर्ज

## शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए।

डीएम कौर आज तहसील नजीबाबाद के कवि दुष्यंत कुमार सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिका. रियों को दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्तमान और लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना संभव नहीं है, तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुन: प्रेषित न कर सके। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम में अच्छा कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आज संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर 21 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें एक शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद, राजस्व, पुलिस, विकास एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस मौके पर एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, सीएमओ डा. कौशलेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक दिनकर भारती, तहसीलदार सहित अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# आरबीडी में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

## शिक्षण संस्थान वर्तमान समय में अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे : प्रो. गौरव राव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरबीडी डिग्री कॉलेज एवं उच्च शिक्षा विभाग उ.प्र. द्वारा संयुक्त रूप से 'चैलेंजेस फॉर क्वालिटी हायर एजुकेशन इन प्रेजेंट सिनेरियो' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई।




संगोष्ठी के प्रथम दिवस का शुभारंभ फैकल्टी ऑफ एजुकेशन कुमाऊं विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के डीन एवं प्रो. जेके जोशी, बीज वक्ता गुरु घासीदास विवि केंद्रीय विवि, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रो. सुजीत कुमार मिश्रा, दिल्ली विवि शिक्षा विभाग के प्रो. गौरव राव, कुंवर सत्य वीरा डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह कौरव, वर्धमान कॉलेज बिजनौर की प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना, कुंवरानी प्रेमा सत्य वीरा कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर की सचिव स्वाति वीरा महाजन, प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी, प्रबंध समिति के सदस्य प्रवीण गुप्ता एवं संगोष्ठी के समन्वयक डा. सुरेश सिंह के द्वारा मां वाग्देवी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर, पुष्प गुच्छ प्रदान कर एवं शॉल भेंट कर किया गया। इसी क्रम में संगीत विभाग की छात्राओं के द्वारा वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी के द्वारा स्वागत वक्तव्य दिया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में सभी का स्वागत और अभिनंदन किया। इसी के साथ उन्होंने आयोजन समिति एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा साधुवाद दिया। इसके पश्चात ऑनलाइन माध्यम से जुड़े गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा वह है जो मनुष्य को मनुष्य बनाती है। इसलिए शिक्षा का गुणवत्ता पूर्ण होना अति आवश्यक है। राष्ट्र केवल संख्या से नहीं बनता बल्कि चरित्र, गुण और विवेक से बनता है। इसके बाद संगोष्ठी के समन्वयक डा. सुरेश सिंह ने संगोष्ठी के विषय के बारे में संक्षिप्त में विवरण दिया। इसी क्रम में प्रो. जेके जोशी ने अपने वक्तव्य में कहा कि संगोष्ठी के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर देना सही है, लेकिन किसी भी संगोष्ठी की सार्थकता तब है जब उत्तरों से प्रश्न खड़े किए जाएं।

इसी क्रम में प्रो. सुजीत कुमार मिश्रा ने कहा कि नीतियां केवल प्रशासनिक नहीं होती हैं, वे विशिष्ट आवश्यकताओं या 'परिदृश्यों' के अनुरूप प्रणाली को ढालने के उपकरण हैं। उन्होंने शिक्षक और छात्र के मध्य की दूरियों को कम करने पर बल दिया। कहा कि नई शिक्षा नीति के बाद भी नई परीक्षा प्रणाली लागू नहीं हुई है, यही कारण है कि परीक्षाओं को सम्पन्न कराने में बहुत अधिक समय व्यय होता है। इसके बाद डा. सुरेश सिंह द्वारा रचित पुस्तक शिक्षा के सामाजिक आर्थिक परिप्रेक्ष्य का विमोचन हुआ। इसी के साथ संगोष्ठी के ई सोवनियर का भी विमोचन किया गया।

प्रो. गौरव राव ने कहा कि शिक्षण संस्थान वर्तमान समय में अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षक छात्र संवाद, छात्रों की बेहतर मानसिक स्थिति जैसे मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने अंत में कहा कि मूलत: मनुष्य स्वभाव से अच्छा ही होता है।

स्वाति वीरा महाजन ने कहा कि हम सभी किसी न किसी रूप में शिक्षक की भूमिका निभा रहा है। शिक्षक का कार्य एक ऐसा कार्य है जिसे डाक्टर के समक्ष माना जाना चाहिए। जिस प्रकार डाक्टर व्यक्ति की जिंदगी बचाने का कार्य करते हैं, उसी प्रकार शिक्षक अपने छात्र की जिंदगी संवारने का कार्य करते हैं। इसी क्रम में प्रो. प्रीति खन्ना ने भी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान क्षेत्र में चुनौतियों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार पाना रह गया है। उन्होंने आगे कहा कि क्योंकि शिक्षक चरित्र निर्माण का कार्य करते हैं। इसलिए उनकी भर्ती एवं प्रशिक्षण बहुत गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की बात की। भोजनावकाश के बाद दो आनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता वर्धमान कालेज बिजनौर की असिस्टेंट प्रो. डा. निदा खान, आरएसएम कालेज धामपुर असि.प्रो. डा. अनिल यादव ने की। द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता वर्धमान कॉलेज बिजनौर के असिस्टेंट प्रो. डा. धर्मेंद्र बीआईटी कॉलेज के शिक्षक शिक्षा विभाग के असि.प्रो.डा. कावेंद्र ने की। तकनीकी सत्र में कुल 40 शोध पत्र पढ़े गए।

कार्यक्रम का संचालन डा. शताक्षी, डा. दीपा, एवं डा. आस्था प्रताप, डा. शीबा ने किया। कार्यक्रम में प्रो मंजू अरोड़ा, प्रो मंजू चौधरी, डा. नीरू, डा.राजीव चौहान मुरादाबाद, डा. विमला सैनी, डा. एस के जोशी, डा. ओपी सिंह, डा. राजीव अग्रवाल आदि सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम को संपन्न कराने में आयोजन समिति के सदस्य डा. नजमुनिसा, डा. सारिका, डा. शिरीन, डा. प्रताप सिकदर सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षक इतर कर्मचारियों का योगदान रहा।

### बिजली बकायदारों के घरों की बत्ती गुल

**नांगल सोती।** स्मार्ट मीटर ने बिजली बकायदार घरों की अचानक बत्ती गुल कर दी। जिससे सैकड़ों उपभोक्ताओं को बिना बिजली के ही काम चलाना पड़ा।

स्मार्ट मीटर ने बिजली के बकायदारों घरों की बिजली ऑटोमेटिक काटनी शुरू कर दी है। आज नांगल क्षेत्र के सैकड़ों बिजली बकायदारों की अचानक बिजली गुल हो गई। कुछ देर तक तो उपभोक्ताओं को समझ में नहीं आया कि मीटर बिजली की सप्लाई क्यों नहीं निकाल रहा है। बिजली गुल होने बाद कुछ उपभोक्ता बिजली का केबिल हिलाते रहे, घंटों बाद बकायदारों को पता चला कि बिजली विभाग ने बकाया के चलते स्मार्ट मीटर से ऑटोमैटिक उनके घरों की बिजली बंद कर दी है। जिसके बाद कुछ उपभोक्ताओं ने बिजली का बकाया जमा कर दिया। जिसके बाद घंटों बाद उनके घर की बिजली सुचारू हो सकी। वहीं कुछ उपभोक्ताओं का बिजली नेटवर्क या सिस्टम की कमी के कारण जमा नहीं हो सका। जिस कारण उनके घरों में अंधेरा ही बना रहा। बिजली विभाग ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का 90 दिन का बकाया बिल है उनके घरों की स्मार्ट मीटर के द्वारा बिजली बंद की जा रही है। बिल जमा करने पर आधे से एक घंटे के समय में बिजली सुचारू हो रही है। कुछ उपभोक्ताओं के बिल नेटवर्क की समस्या के कारण जमा नहीं हो सके, जिस कारण उनके घरों में अंधेरा बना हुआ है।

# अफसरों की नाकामी का फायदा सपा को मिल रहा: डा. संजय निषाद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि अफसरों की नाकामी का फायदा सपा को मिल रहा है।

डॉ. संजय निषाद ने सोमवार को यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि सपा का 'पीडीए' अधिका. रियों की नाकामी है। अधिकारी लड्डू परोस रहे हैं सपा को। जैसे लेखपाल की भर्ती, पशुधन की भर्ती। पहले आरक्षण का सही से पालन न करो, फिर उसे सुधारो। अधिकारी किसलिए बैठे हैं। क्या कर रहे हैं। अभी एसआई की परीक्षा हुई, अधिकारी पेपर पढ़ नहीं सकते, तो किसलिए बैठे हैं। यह सपा को लड्डू नही परोस रहे हैं, तो क्या कर रहे हैं। लेकिन इसका मतलब यह नही है कि सारे अधिकारी दोषी हैं। ज्यादातर ठीक हैं, तभी तो अच्छा काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में हमारा मुद्दा आरक्षण में हमारी गिनती अनुसूचित में कराने की है। संविधान के हिसाब से केंद्र सरकार की अधिसूचना से लेकर राष्ट्रपति की अधिसूचना में भी मांझी, मल्लाह, केवट अनुसूचित में आते हैं। यहां तक की राज्यपाल की तरफ से 31 दिसम्बर 2016 को जारी अंतिम अधिसूचना में पिछड़े से अनुसूचित में शामिल करने को लेकर नई सूची बनाने को कहा गया। पर, वह अभी लागू नहीं हुआ है। अभी तक 26 दिसम्बर वाली ही अधिसूचना लागू है। ऐसे में हमारी मांग है कि ओबीसी से 9 प्रतिशत काट कर एससी में शामिल किया जाए। ओमप्रकाश राजभर के सामाजिक न्याय समिति की मांग पर उन्होंने कहा कि वह बटवारा चाह रहे हैं ओबीसी में और हम बटवारा नहीं चाहते हैं हम संविधान वाला चाहते हैं। संविधान के हिसाब से अनुसूचित जाति की सूची में हरिजन, धोबी, मझवार, पासी आते हैं।

# शहीद दिवस पर आप की छात्र विंग का प्रदेशव्यापी शिक्षा अभियान

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश की छात्र विंग ने सोमवार को शहीद दिवस पर प्रदेशभर में शिक्षा और युवाओं के मुद्दों को लेकर अभियान की शुरुआत की। लखनऊ में इसकी शुरुआत लखनऊ विश्वविद्यालय से की गई, जहां छात्र-युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए छात्र विंग के प्रदेश महासचिव अनित रावत ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को भगत सिंह और डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों से जोड़ना है, ताकि समाज में शिक्षा, समानता और अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ाई जा सके।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2022 CE-UCTIGCC-2022/POLICY/PLI (E-3320424) दिनांक 13.03.2026 के अनुसार, भारतीय रेलवे मानक सामान्य अनुबंध की शर्तें (GCC), अप्रैल-2022 के लिए अग्रिम शुद्धि पर्ची संख्या 11 (Advance Correction Slip No. 11) जारी की गई है। अतः, अग्रिम शुद्धि पर्ची (ACS) संख्या 11 के अनुपालन में निम्नलिखित निविदा (tender) की बयाना राशि (Earnest Money) को संशोधित किया गया है। GCC-2022 की अग्रिम शुद्धि पर्ची संख्या 11 को छोड़कर अन्य सभी नियम और शर्तें यथावत रहेंगी। निविदावार बयाना राशि (EMD) के संशोधित मूल्य नीचे दिए गए हैं:

| Tender No. | 323-DRM-MB-25-26 12.03.2026 | 324-DRM-MB-25-26 12.03.2026 |
|---|---|---|
| Existing value of EMD | 3,78,600.00 | 3,78,600.00 |
| Modified Value of EMD | 9,14,500.00 | 9,14,500.00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 973/2026

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 21.03.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 335-DRM-MB-25-26 20.03.2026 | 336-DRM-MB-25-26 20.03.2026 | 337-DRM-MB-25-26 20.03.2026 | 338-DRM-MB-25-26 20.03.2026 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of 225 KL RCC OHT and other associated work like boring of tube well, laying of pipeline etc. for improvement of water supply in colonies in lieu of existing steel tank at RWL in the jurisdiction of Sr.DEN/I/MB. | Provision of 225 KL RCC OHT with plumbing pipe, pump house with bore in lieu of steel tank at HW in the jurisdiction of ADEN/HW. | Provision of 225 KL RCC OHT in lieu of existing steel tank and other associated work like boring of tubewell, laying of pipeline etc. for improvement of water supply in colonies at DWO in the jurisdiction of Sr.DEN/I/MB. | Replacement of existing steel tank with 450 KL RCC OHT at LRJ in the jurisdiction of Sr. DEN/ I/ MB. |
| निविदा का प्रकार | Works | Works | Works | Works |
| निविदा की कीमत | Nil | Nil | Nil | Nil |
| अनुमानित लागत | 94,53,212.79 | 89,81,468.58 | 94,53,212.79 | 1,67,05,851.75 |
| धरोहर राशि | 1,89,100.00 | 1,79,600.00 | 1,89,100.00 | 3,34,100.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 23.04.2026 16:00 | 23.04.2026 16:00 | 23.04.2026 16:00 | 23.04.2026 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 09.04.2026 | 09.04.2026 | 09.04.2026 | 09.04.2026 |
| ऑफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months | 06 Months | 06 Months | 12 Months |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 975/26

# नवजात संग मां को अस्पताल से निकाला

## बेटी होने पर टूटा कहर, सड़क पर बिलखती रही, दोनों पक्षों में मारपीट





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर में सामने आई यह घटना इंसानियत को झकझोर देने वाली है। एक मां, जिसने अभी कुछ दिन पहले ही ऑपरेशन के दर्द को सहते हुए एक मासूम बेटी को जन्म दिया था। उसी मां को उसकी नवजात बच्ची के साथ अस्पताल से बाहर सड़क पर फेंक दिया गया।

यह सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि समाज के उस कड़वे सच की तस्वीर है, जहां आज भी बेटी का जन्म कुछ लोगों के लिए 'खुशी' नहीं, बल्कि 'गुनाह' माना जाता है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीड़िता मुन्तरीन नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर की रहने वाली है। करीब नौ महीने पहले उसकी शादी उमरपुर पालकी निवासी वसीम से हुई थी। एक सप्ताह पूर्व उसने ऑपरेशन के जरिए बेटी को जन्म दिया, लेकिन यह खुशियां कुछ ही दिनों में दर्दनाक हकीकत में बदल गई।

बताया जा रहा है कि पति वसीम को बेटे की चाहत थी। बेटी के जन्म से वह इस कदर नाराज हुआ कि उसने इंसानियत और रिश्तों की सारी सीमाएं पार कर दीं। रविवार को जब मुन्तरीन के मायके वाले अस्पताल पहुंचे और नवजात को देखने लगे, तभी अचानक माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि वसीम ने गुस्से में आकर मुन्तरीन के साथ बेरहमी से मारपीट की और एक हफ्ते की नवजात बच्ची सहित उसे अस्पताल से बाहर सड़क पर धक्का देकर निकाल दिया। अस्पताल के बाहर का मंजर दिल दहला देने वाला था।

एक मां, जो अभी ऑपरेशन के दर्द से उबर भी नहीं पाई थी, अपने जख्मों के साथ नवजात को सीने से चिपकाए खड़ी थी। आंखों से आंसू बह रहे थे, और चारों तरफ लोगों की भीड़ थी, जिसमें गुस्सा भी था और बेबसी भी। पीड़िता के भाई उस्मान ने बताया कि मुन्तरीन पांच भाइयों की इकलौती बहन है और उसकी शादी बड़े अरमानों के साथ की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बेटी होने के बाद से ही उसके साथ अत्याचार शुरू हो गया था। समय पर खाना तक नहीं दिया जाता था, जरूरी दवाइयों की अनदेखी की जा रही थी, लगातार मारपीट कर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।

जब यह बात मायके पक्ष के लोगों के सामने आई तो उनका गुस्सा फूट पड़ा। अस्पताल के बाहर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। बताया जा रहा है कि परिजनों ने दामाद वसीम और उसके साथ आए कुछ लोगों को घेरकर पीटा। जिससे माहौल और ज्यादा तनावपूर्ण हो गया।

काफी देर तक अस्पताल के बाहर हंगामा, चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को लेकर कोतवाली ले गई। फिलहाल पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।

यह घटना सिर्फ एक परिवार की कहानी नहीं, बल्कि उस सोच का आईना है, जो आज भी बेटियों को बोझ समझती है। क्या एक बेटी की कोई कीमत नहीं? कब तक यूं ही मासूमों और माताओं के साथ होता रहेगा अत्याचार?

पीड़ित परिवार न्याय की आस लगाए बैठा है, जबकि अब सबकी नजरें पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हैं।

# 2027 में सपा सरकार बनानी है: राशिद हुसैन



### डा. राम मनोहर लोहिया को अर्पित की पुष्पांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी आंदोलन के महानायक एवं समाजवादी पार्टी के प्रेरणा स्रोत व महान स्वतंत्रता सेनानी सांसद डा. राम मनोहर लोहिया की आज 116वीं जयंती के अवसर पर सपा जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन ने कहा कि हम डा. राम मनोहर लोहिया के विचारों को आत्मसात करते हुए उनके पद्चिन्हों पर चलने का संकल्प लेते हैं। लोहिया जी ने कहा था कि जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करते। इसलिए सांप्रदायिक शक्तियों को सत्ता से दूर रखने के लिए और देश व प्रदेश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप को बचाने के लिए सभी समाजवादी शक्तियों को एक झंडे के नीचे आकर देश को बचाने का संकल्प लेना है। आपसी अहंकार को छोड़कर देश व प्रदेश की जनता के हित में समाजवादी विचारधारा और समाजवादी रास्ते को अपनाने का संकल्प लेकर 2027 में समाजवादी पीडीए सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है।

धनंजय यादव के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में सत्यपाल सिंह, अखलाक पप्पू, प्रभा चौधरी, शमशाद अंसारी, मदन लाल सैनी, चौधरी दिनेश, हनी फैसल, बीके कश्यप एड., डा. योगेंद्र चौधरी, शहजाद आलम अंसारी, तरुण लाम्बा, श्लोक पवार, कमलेश भुईयार, अशोक आर्य, कृपारानी प्रजापति, मनोज राजपूत, नमन कुमार, विमलेश चौधरी रहीश कस्सार, सलमानी आदि मौजूद रहे।

# विवेक विश्वविद्यालय में जल दिवस मनाया

## नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली एवं वॉल पेंटिग से जल संरक्षण का संदेश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमैंट एंड कॉमर्स एवं कम्पोजिट स्कूल अगरी के संयुक्त तत्वाधान में विश्व जल दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जागरुकता रैली एवं वॉल पेंटिग प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नागरिकों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरुक करना तथा जल संकट जैसी गंभीर समस्या के समाधान के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता को रेखांकित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डा. एनके गुप्ता, डीन रिचर्स डा. मनोज गहलौत, डीन इंजीनियरिंग डा. हर्ष, स्कूल ऑफ मैनेजमैंट एंड कॉमर्स के डीन डा. सर्वेश कुमार शीतल, हैड इंजीनियरिंग डा. राशि तनवर, हैड कम्प्यूटर एपलिकेशन प्रयांशु कुमार की उपस्थिति में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर अपने उद्घाटन संबोधन में डा. एनके गुप्ता ने कहा कि 'जल ही जीवन है, और इसके बिना मानव असतित्व की कल्पना भी असंभव है। वर्तमान समय में जल संकट एक वैश्विक समस्या बन चुकी है, जिसका समाधान केवल जागरुकता एवं जिम्मेदार व्यवहार से ही संभव है। रैली में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह रैली विश्वविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर आसपास के क्षेत्रों से होती हुई कम्पोजिट स्कूल अगरी में समाप्त हुई। प्रतिभागियों ने हाथों में तखतियां एवं बैनर लेकर 'जल है तो कल है', 'पानी बचाओ, जीवन बचाओ', 'हर बूंद कीमती है' जैसे प्रेरणादायक नारे लगाते हुए लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरुक किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने आम नागरिकों को जल के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा जल के अनावश्यक व्यय को रोकने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कम्पोजिट स्कूल अगरी में विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक वॉल पेंटिग एवं नुक्कड़ नाटक के द्वारा जागरुक किया।

कार्यक्रम का संचालन बी.कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा दृष्टि बंसल एवं कनिका अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। इन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। रैली के पश्चात कम्पोजिट स्कूल अगरी में वॉल पेंटिग, नुक्कड़ नाटक, कविता, भाषण आदि के आयोजन में सामिया, वंशिका, खुशी, मयंक, धारा, जैसिका, अविका, मानवी, निधि, अंशिका, इंशा, रिजा आदि ने भाग लिया। जिसमें प्रधानाध्यापक प्रशांत शर्मा एवं सभी शिक्षकों ने जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अपने संबोधन में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डीन डा. सर्वेश कुमार शीतल ने जल संकट की वर्तमान स्थिति, इसके प्रमुख कारणों जैसे बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण, औद्योगीकरण एवं जल के दुरुपयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जल संचयन जल पुनर्चक्रण तथा जल के संतुलित एवं विवेकपूर्ण उपयोग को अपनाने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने जल संरक्षण से संबंधित पोस्टर एवं नारे प्रस्तुत किए, जिनमें जल बचाने के व्यावहारिक उपायों को दर्शाया गया।

अंत में सभी उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण के प्रति जागरुक रहने एवं अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस मौके पर जल बचाओ अभियान के अंतर्गत एक शपथ भी दिलाई गई। जिसमें सभी ने जल के विवेकपूर्ण उपयोग एवं संरक्षण का वचन लिया।

विवेक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। बल्कि समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम को सफल बनाने के प्रबंधन विभाग के असि. प्रो. विश्वजीत सिंह, डा. शोभित रस्तौगी, ऋतुराज, दयानंद ठाकुर, मोहित त्यागी, डा. राहुल गर्ग, प्रयांशु शेरावत, सौरभ चौधरी, अमन रस्तौगी, सलोनी वत्सल, श्रेया गोयल, शिप्रा त्यागी, शिवानी राजपूत, निरूल कुमार, शरद चौधरी, नरपेंद्र शर्मा, तरून गर्धव, पूर्वी अग्रवाल, आदि सभी शिक्षकों का योगदान रहा।

# किरतपुर में भव्य ईद मिलन समारोह

## हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की मिसाल पेश की गई






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर की गंगा-जमुनी तहजीब को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल करते हुए गंगा-जमुनी तहजीब के अलंबरदार मौहम्मद साईम राजा व मरियम साईम द्वारा मंडावर रोड स्थित मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल में राजा गजन्फर अली खान चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले भव्य ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुरादाबाद सांसद कुंवरानी रुचि वीरा मौजूद रहीं। इस मौके पर शहर ही नहीं बल्कि पूरे जनपद से दोनों समुदायों के हजारों लोगों ने एक साथ पहुंचकर भाईचारे और एकता का शानदार संदेश दिया। कार्यक्रम का आगाज प्रतीकात्मक रूप से कबूतर उड़ाकर किया गया, जो शांति, प्रेम और सौहार्द का संदेश दे रहा था। पूरे आयोजन में आपसी सद्भाव और गंगा-जमुनी तहजीब की झलक साफ दिखाई दी। रुचि वीरा ने कहा कि किरतपुर की यह परंपरा पूरे देश के लिए मिसाल है। यहां के लोग धर्म और जाति से ऊपर उठकर एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल होते हैं, यही असली भारत की पहचान है। हमें इस एकता को और मजबूत करना होगा, ताकि समाज में नफरत फैलाने वाली ताकतों को करारा जवाब मिल सके। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक समरसता को बढ़ाते हैं और नई पीढ़ी को भाईचारे का सही संदेश देते हैं। कार्यक्रम के आयोजक एवं समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा ने कहा कि गंगा-जमुनी तहजीब हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमारा मकसद सिर्फ ईद मिलन नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ना है। जब तक हम एक-दूसरे के सुख-दुःख में साथ खड़े रहेंगे, तब तक समाज में कोई दरार नहीं आ सकती। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी ओर से होते रहने चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी ने कहा कि ईद मिलन में लोग अपने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे के गले मिलते हैं और मोहब्बत, अमन व भाईचारे का संदेश देते हैं।

हमारे समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी गंगा-जमुनी तहज़ीब है, जहां हर धर्म और वर्ग के लोग एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल होकर खुशियां साझा करते हैं। ईद मिलन इसी परंपरा को आगे बढ़ाने का काम करता है। इसमें न कोई छोटा होता है न बड़ा, सब एक साथ बैठते हैं और इंसानियत का असली मतलब समझते हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में, जब समाज में दूरियां बढ़ती नजर आती हैं, ऐसे आयोजन और भी ज्यादा जरूरी हो जाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति प्रमोद गोयल ने की। संचालन शब्बन जुनैदी ने किया। समारोह के अंत में रुचि वीरा सहित अन्य गणमान्य लोगों को ट्राफी एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

वक्ताओं में डा. एनएच मिर्जा और राहुल चौधरी, खुशनूद खान, रवि मेहरा एड., हसन अली चौधरी एड., साजिद अली खान, मुबाशिर जमा खान, नगीना चेयरमैन शाहनवाज खलील, शाहनवर किरतपुरी सीए उवैस अली खान, मुनिदेव शर्मा ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने गंगा-जमुनी तहजीब को देश की असली पहचान बताते हुए इसे बनाए रखने की अपील की।

कार्यक्रम आसपा के वरिष्ठ नेता मौहम्मद एजाज, नदीम अहमद, मौहम्मद साईम राजा की पुत्री ऊमना साईम, डा. एहसान उल करीम, मास्टर मजहर नामी, पालिका के ब्रांड एंबेसडर प्रदीप चौहान खालिद बख्श, फुरकान अहमद, मुंशी हसीनुद्दीन, शेख अक़ीलुद्दीन, हुमायूं खान, नरेश कालरा, शिहाब अतहर उर्फ कल्लू खान, तौफीक मलिक, पप्पू जुनैदी, रईस अहमद, डा.रफत, उस्मान ठाकुर, आसिफ अली एड., पूर्व सभासद रफत अहमद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पूरे कार्यक्रम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि किरतपुर की पहचान उसकी गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे से ही है। कार्यक्रम के अंत में आयोजक मौहम्मद साईम राजा व मरियम साईम ने मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

## एक नजर

### जान से मारने की धमकी निंदनीय



**किरतपुर।** इंडियन बैकवर्ड कांफ्रेंस युवा के प्रदेश अध्यक्ष एंव युवा राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय मंत्री शुऐब चौधरी ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख जयंत चौधरी को जान से मारने की धमकी देने की घटना को बेहद निंदनीय और कायरतापूर्ण बताया है। शुऐब चौधरी ने कहा कि यह धमकी केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि उन लाखों-करोड़ों लोगों की भावनाओं पर आघात है, जो उन्हें अपना नेता, मार्गदर्शक और उम्मीद मानते हैं। शुऐब चौधरी ने कहा कि जयंत चौधरी हमेशा समाज के हर वर्ग, किसान, युवा, मजदूर और व्यापारी की आवाज बनकर खड़े रहे हैं। उन्होंने 36 बिरादरी और सर्वसमाज को साथ लेकर चलने का काम किया है। ऐसे नेता को धमकी देना यह दर्शाता है कि कुछ लोग उनकी बढ़ती लोकप्रियता और जनसमर्थन से घबराए हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह समझना जरुरी है कि जिस नेता की सुरक्षा और सम्मान के लिये पूरा सर्वसमाज हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई एकजुट खड़ा हो, उसे डराने की कोशिश करना सिर्फ कायरता नहीं बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान भी है। समाज के हर वर्ग को इस तरह की घटनाओं के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए, ताकि ऐसे असामाजिक तत्वों को सख्त सजा मिल सके। शुऐब चौधरी ने कहा कि जयंत चौधरी जैसे नेताओं का सम्मान और सुरक्षा पूरे समाज की जिम्मेदारी है। हम सभी इसमें पूरी तरह उनके साथ हैं।

### स्टेडियम शहीद भगत सिंह के नाम समर्पित



**नजीबाबाद।** ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल की अध्यक्षता में विकास कार्यों से सम्बंधित बैठक में ग्राम पंचायत गुढ़ा के राजस्व ग्राम नियामतपुर में निर्मित स्टेडियम का नाम अमर शहीद सरदार भगत सिंह के नाम पर रखने का प्रस्ताव ब्लाक प्रमुख द्वारा रखा गया। जिसे उपस्थित सभी लोगों ने एक मत से स्वीकार किया। देश की अस्मिता के लिए जान में न्यौछावर करने वाले अमर शहीद सरदार भगत सिंह के शहीदी दिवस पर आज उनके नाम से स्टेडियम का नामकरण करना हमारी ओर से एक छोटी सी श्रद्धांजलि है। इसके अतिरिक्त बैठक में विकास खंड में पूर्व में नियुक्त रहे पंचायत विकास अधिकारी विवेक देशवाल के आचरण के संबंध में चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों द्वारा इस बात पर आपत्ति प्रकट की गई कि यह सुनने में आ रहा है कि उनकी नियुक्ति पुनः इसी विकास खंड में की जाएगी, जबकि सभी ने एक स्वर में कहा कि जब पूर्व में उनके द्वारा विवादित कार्य के कारण उन्हें यहां से हटाया गया है, तो पुनः इस विकास खंड में उनकी नियुक्ति करके विकास खंड का माहौल खराब किया जाएगा। जो स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी ने एक मत से प्रस्ताव पारित किया कि किसी भी दिशा में उन्हें इस विकास खंड में स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में लगभग 135 सदस्यों ने विकास कार्य कराए जाने के लिए प्रस्ताव दिए। जिसे ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल द्वारा स्वीकार कर 2026-27 की कार्य योजना में शामिल करने का प्रस्ताव पारित किया। सभी ने इस कार्यकाल में अब तक किए गए सभी कार्य पर संतोष व्यक्त किया बैठक में बीडीओ प्रशांत चौधरी, अर्पण चौधरी, सतविंदर पोप, जसविंदर सिंह, धीर सिंह, ब्रजराज सिंह एड. अंकित गिरी, प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

### कार पेड़ से टकराई, तीन घायल



**रेहड़।** सुआवाला मार्ग पर ग्राम हसनपुर के पास ओवरटेक के प्रयास में एक कार सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। जिससे कार चालक सहित तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गए। जबकि कार क्षतिग्रस्त हो गई। ग्राम सुरजननगर, थाना ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) निवासी कार चालक अंकित कुमार वर्मा बीती रात अपने साथी मोहसिन और शादाब के साथ अफजलगढ़ किसी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। अफजलगढ़ से वापस लौटते समय बीती रात लगभग 2.30 बजे बादीगढ़ चौराहा - सुआवाला मार्ग पर ग्राम हसनपुर व सिरियावाली के बीच उनकी कार आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दांई तरफ खड़े एक पेड़ से टकरा गई। जिससे कार चालक अंकित कुमार वर्मा और उनके साथी मोहसिन और शादाब मामूली रूप से घायल हो गए और कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने दुर्घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इस दुर्घटना के संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है।

### साइकिल वितरण दो अप्रैल को

**चांदपुर।** समाजसेवी संस्था आभा फाउंडेशन द्वारा आगामी दो अप्रैल को विशाल निःशुल्क साइकिल वितरण कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें वर्ष 2024-25 में आठवीं, नौवीं एवं ग्यारहवीं कक्षा पास करने वाली छात्राओं को निःशुल्क साइकिल दी जाएगी। फाउंडेशन की संचालिका एवं वरिष्ठ समाजसेविका आभा सिंह ने बताया कि आभा फाउंडेशन की ओर से दो अप्रैल को फादरसन पब्लिक स्कूल स्याऊ में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि आभा फाउंडेशन हमेशा ही गरीब परिवारों की लड़कियों की शादी करना, गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षित बनाना आभा फाउंडेशन का ही मिशन है।

ईद उल फितर व नवरात्र की मुबारकबाद
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# नकली गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़

## पांच आरोपियों पर मुकदमा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नकली गुटखा बनाने के मामले में गगन गुटखा कंपनी के डायरेक्टर की तहरीर पर पुलिस ने बैंकट हॉल संचालक सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मौके से भारी मात्र में नकली गुटखा, पैकिंग सामग्री और मशीनें बरामद की गई हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार बिजनौर-मुरादाबाद मार्ग पर ग्राम पावटी के पास स्थित एक बैंकट हॉल में नकली गुटखा तैयार किए जाने की सूचना पर बीती शाम खाद्य सुरक्षा विभाग, जीएसटी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम को मौके से तैयार गुटखे के 2537 पाउच (आठ बोरे), 24 किलो खाली पाउच तथा करीब 130 किलो कच्चा माल बरामद हुआ। इसके अलावा पैकिंग मशीन और अन्य उपकरण भी जब्त किए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यहां कानपुर से संचालित गगन गुटखा कंपनी के नाम से नकली उत्पाद तैयार कर बाजार में सप्लाई किए जा रहे थे। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में गगन कंपनी के डायरेक्टर अनिल गुप्ता की तहरीर पर बैंकट हॉल संचालक आदिल निवासी मौहल्ला कबीरनगर कस्बा नूरपुर, अब्दुल रहमान निवासी कबीरनगर नूरपुर, युसूफ निवासी गांव कुंडा थाना नूरपुर, अजय निवासी बरेली और आसिफ निवासी बदायूं के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि एक आरोपी अब्दुल रहमान का चालान कर दिया गया है तथा अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नकली खाद्य पदार्थ बनाने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गौवंश वध और पशु क्रूरता में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पुलिस ने गौवंश वध और पशु क्रूरता में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

फैजान पुत्र नसीम निवासी मौहल्ला कटकुई, थाना चांदपुर आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी ग्राम वाजिदपुर और तुराबनगर क्षेत्र के पास जंगल में मिले गौवंशीय अवशेषों के मामले में हुई है। पुलिस के अनुसार फैजान गौवंश के मांस की खरीद-फरोख्त में संलिप्त था। गौरतलब है 19 मार्च को ग्राम वाजिदपुर और गावड़ी पनियाला (तुराबनगर के समीप) के जंगल में दो गौवंशीय पशुओं के अवशेष बरामद हुए थे। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने तत्काल अज्ञात के विरुद्ध मु.अ.सं. 82/2026 के तहत गौवध निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस की गहन जांच के दौरान इस अपराध में कई नाम सामने आए थे। नहटौर पुलिस इस मामले में पहले ही तीन आरोपियों, दयाराम निवासी ग्राम तुराबनगर, नहटौर, शाहबाज उर्फ गुल्लू निवासी ग्राम गावड़ी पनियालाऋ और इमरान निवासी हजरतनगर, नूरपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। साक्ष्यों के आधार पर विवेचना के दौरान इस गिरोह से जुड़े फैजान का नाम सामने आया। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ैजान को गिरफ्तार किया। अभियुक्त का पुराना आपराधिक इतिहास भी है, जिसमें थाना चांदपुर में दर्ज पशु क्रूरता और धोखाधड़ी के मामले शामिल हैं। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र प्रताप सिंह, उप-निरीक्षक सोनू निगम, कांस्टेबल विकास और कांस्टेबल विशाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया है। कोतवाल रवीन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी गौवंश कटान के मामले से जुड़ा था और उसका चालान कर दिया गया है।

## एक नजर

### नशा मुक्ति के लिए जागरुक किया



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कॉलेज में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक करना और समाज को इस बुराई से मुक्त करने का संकल्प लेना था। प्राचार्या प्रो. साधना ने नशे के घातक परिणामों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के लिए जागरुक किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि पूरे परिवार के भविष्य को भी अंधकार में धकेल देता है। उन्होंने आह्वान किया कि हमें न केवल स्वयं नशे से दूर रहना है, बल्कि दूसरों को भी इसके प्रति सचेत करने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। अकादमिक डायरेक्टर प्रो.अनिल कुमार वर्मा ने नशे को एक गंभीर सामाजिक समस्या बताया और कहा कि इस तरह के जागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों और जरुरतमंद लोगों की मदद की जा सकती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी ऊर्जा और सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप) का सकारात्मक उपयोग करें। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध संदेश और वीडियो प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने सभी विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। सभी ने सामूहिक रूप से समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। शिक्षक एवं कर्मचारी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दिया।

### रालोद कार्यकर्ता सम्मेलन



**चांदपुर।** ग्राम रावटी में राष्ट्रीय लोक दल द्वारा एक फार्म हाउस में भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की सक्रियता और मजबूती का बड़ा संकेत माना जा रहा है। कार्यक्रम में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप एवं प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। चांदपुर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर उनका कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमपाल कश्यप द्वारा की गई। संचालन जिला महासचिव डा.विपिन तोमर एवं वरिष्ठ नेता अकरम उस्मानी ने संयुक्त रूप से किया।

### सैम्पिलिंग टीम के आने से व्यापारियों में हड़कंप

**नजीबाबाद।** सोमवार को सुबह नगर के बाजार में अचानक सैम्पिलिंग टीम के आने की खबर मिलते ही बाजारों में खाद्य पदार्थ बेचने वालों ने अपनी दुकानें बंद कर दी। सैम्पिलिंग टीम के आने से बाजार में कई घंटे तक हड़कंप मचा रहा। ईद के मौके पर बाजारों में बिक रहे खाद्य पदार्थों की जांच के लिए शासन के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने कई स्थानों पर पहुंच कर खाद्य पदार्थ की जांच करने के साथ सैम्पिलिंग की। जिससे दुकानदारों में हड़कम्प मच गया। सैम्पिलिंग टीम के मुख्य बाजारों में पहुंचने से पहले ही काफी संख्या में किराना की सामान व मिठाई बेचने वाले दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दी। कुछ समय बाद अधिकारियों ने बाजार से चले जाने के बाद दुकानें खुल गई।

# ईद पर घर आए नगीना के गौरव असद अकील का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** असद अकील अंसारी ने यूपीएससी परीक्षा में 32वीं ऑल इंडिया रैंक हासिल कर शहर का मान बढ़ाया है। असद की इस उपलब्धि पर भारत सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय महासचिव सलाउद्दीन सिद्दीकी और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें सम्मानित किया।

असद अकील ने सेंट मेरी स्कूल नगीना से प्रारंभिक शिक्षा और हिंदू कॉलेज, दिल्ली से स्नातक किया है। मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाले असद ने बचपन से ही प्रशासनिक सेवा में जाने का सपना देखा था। असद की मेहनत ने न केवल उनके परिवार की ईद की खुशियों को दोगुना कर दिया है, बल्कि पूरे नगर को गौरवान्वित किया है।

सम्मान समारोह के दौरान असद अकील ने युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करें और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें। इस मौके पर डा. अलाउद्दीन सिद्दीकी, डा. दानिश हुसैन, तसलीम अहमद नगीनवी सहित अनेक स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# चांदपुर में अतिक्रमण अभियान चलाया

## अतिक्रमण करने वालों से दंडस्वरूप वसूला जुर्माना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान मंडी कोटला, नेहरू मूर्ति, सिलारा पुल से लेकर रेलवे फाटक तथा उसके आसपास से अतिक्रमण हटवाया गया। इस दौरान कुछ अतिक्रमणकारियों से जुर्माना भी वसूला गया।

अभियान के अंतर्गत सबसे ज्यादा सिलारा रोड पर अतिक्रमणकारियों जुर्माने की कार्यवाही की गई। इस संबंध में पालिका ईओ/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी ने बताया कि पिछले सप्ताह अतिक्रमणकारियों को चेतावनी एवं नोटिस दिया गया था। बावजूद नोटिस यह लोग नहीं माने। ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही गई है। अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत फल ठेले वालों को भी सड़क किनारे साइड पैदल पथ मार्ग से हटकर लगाने के निर्देश दिए गए। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ जुर्माने एवं दंडनात्मक कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।

## एक नजर

### तीन दिन बंद रहेगा कल्हेड़ी फाटक

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद-फजलपुर मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक संख्या 485/ए कल्हेड़ी रोड पर रेल पथ की मरम्मत की जाएगी। जिस कारण रेलवे फाटक संख्या-485/ए 22 मार्च को सुबह आठ बजे से 24 मार्च की रात आठ बजे तक बंद रहेगा। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर मौहम्मद अनीस के अनुसार रेलवे ट्रैक के अनुरक्षण कार्य के लिए स्लीपर बदलने ओवरहालिंग तथा रोड सर्फेस बनाने का कार्य किया जाना है। इसके लिए उपरोक्त रेलवे फाटक रोड ट्रैफिक के लिए उपरोक्त अवधि में बंद रहेगा, इसलिए इस फाटक से गुजरने वाले सभी यातायात के लिए कल्हेड़ी नहर से वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध है।

### चेयरमैन मुअज्जम ने मरीजों को फल बांटे

**नजीबाबाद।** नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम ने नवरात्र व्रतों के दौरान कुट्टू के आटे के सेवन से फूड प्वाइजनिंग होने से बीमार हुए लोगों को नगर के पूजा हॉस्पिटल पहुंच कर हाल जाना। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को फलाहार वितरित किया। चेयरमैन ने हॉस्पिटल के एमडी डॉ. संदीप अग्रवाल से मरीजों के स्वास्थ्य के बारे में बातचीत की। डॉ. संदीप ने बताया कि हॉस्पिटल में फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए लगभग 22 लोग आए थे, कुछ को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। बाकी कुछ का उपचार चल रहा है। उनको भी जल्दी छुट्टी दे दी जाएगी। चेयरमैन के इस कार्य की हॉस्पिटल के डॉक्टर्स व स्टाफ ने प्रशंसा की। इस मौके पर मौहम्मद अजमल, सुभाष कुमार आदि मौजूद रहे।

### ठगी के कुंडल के साथ दो गिरफ्तार

**नजीबाबाद।** स्थानीय पुलिस ने थाने में दर्ज मुकदमे के आधार पर धोखाधड़ी करते हुए कानों के कुंडल व 211 रुपए की नकदी के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों के नाम रियाज अहमद उर्फ भूरा पुत्र फय्याज अहमद निवासी नई बस्ती कलियर व ताहिर पुत्र कुतुब खां निवासी मौहल्ला त्यागी कलियर बताये है। पुलिस ने दोनों को ठगे गये एक जोड़ी कान के कुण्डल सहित गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया।

### विद्युत समस्याओं के समाधान की मांग

**नजीबाबाद।** अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी एड. ने जनहित के मुद्दों व क्षेत्र की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए बिजली विभाग के एसडीओ शंभू नाथ से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष ने एसडीओ को उपभोक्ताओं के सामने आ रही विभिन्न तकनीकी व व्यवहारिक दिक्कतों को प्रमुखता से उठाया। एसडीओ ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना व उनके प्रभावी समाधान का आश्वासन दिया। शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य हर नागरिक की समस्या का समाधान सुनिश्चित करना है ताकि बिजली विभाग की योजनाओं का लाभ आम लोगों को मिले।

### सिलेंडर चोर गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी का गैस सिलेंडर भी बरामद किया गया है। बैराज रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी निवासी कल्याण सिंह ने दो दिन पूर्व शहर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कॉलोनी के ही तालिब उर्फ गजनी पुत्र इरुान पर गैस सिलेंडर और मोबाइल फोन चोरी करने का आरोप लगाया था। शिकायत के बाद शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपी तालिब उर्फ गजनी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के समय उसके पास से चोरी का गैस सिलेंडर मिला। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी तालिब उर्फ गजनी पर 20 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### पूर्व सैनिकों ने निकाली रैली

**बिजनौर।** शहीद सरदार भगत सिंह, सुखदेव सिंह और राजगुरु के बलिदान दिवस पर पूर्व सैनिकों द्वारा नगर में रैली का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ नुमाइश ग्राउंड से हुआ। पूर्व सैनिकों ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। रैली चौधरी चरण सिंह चौक से शुरु होकर कृष्णा कॉलेज के पास जानकीपुरम कॉलोनी में समाप्त हुई। रैली में कैप्टन अनिल गुप्ता, पूर्व सैनिक सुरेश चंद्र शर्मा, लवकुश कुमार, राहुल जवान, सतेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, गोपाल शरण, फौजी अरविंद लांबा, चंद्रभान सिंह, तरुण कुमार, वीरेंद्र बिष्ट, प्रमोद कुमार, सूरजमल, जसवीर सिंह, हरिओम आदि सैकड़ों पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

# युवती गंगा बैराज से लापता

## नदी में कूदने की आशंका, एसडीआरएफ कर रही तलाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गंगा बैराज के गेट नंबर तीन से लापता युवती का चौबीस घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। आशंका जताई जा रही है कि युवती ने गंगा नदी में छलांग लगाई है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला जाटान निवासी 27 वर्षीय घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान कमरे में एक नोट मिला, जिसके बाद परिजन शहर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। जांच में पता चला कि युवती बिजनौर रोडवेज बस स्टैंड से रोडवेज बस में चढ़ी थी। वह शाम 5:18 बजे गंगा बैराज पुल पर उतरी।

बैराज पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें युवती को गेट नंबर तीन की तरफ जाते हुए देखा गया है। इसके बाद वह अचानक गायब हो गई। थाना अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि लापता युवती मानसिक रूप से कमजोर थी। उन्होंने पुष्टि की कि गोताखोरों और एसडीआरएफ टीम के साथ उसकी तलाश जारी है। पुलिस घटना के कारणों की भी जांच कर रही है और परिजनों से जानकारी जुटा रही है।

गौरतलब है कि गंगा बैराज पर पूर्व में भी आत्महत्या की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने बैराज पुल को संवेदनशील स्थल घोषित कर चौबीसों घंटे दो पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई थी। इस घटना ने बैराज पर सुरक्षा व्यवस्था पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं।

### गायत्री साधकों ने किया मां दुर्गा पूजन

**नजीबाबाद।** दुर्गा मंदिर जयनगर में गायत्री साधकों ने मां दुर्गा का षोडशोपचार पूजन करते हुए पान, सुपारी, नारियल, पुष्प, नैवेद्य समर्पित करते हुए मां दुर्गा की आरती एवं दुर्गा चालीसा पाठ किया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि मां दुर्गा शक्ति की देवी है, कथा है कि ब्रह्मा जी ने असुरों का सामना करने के लिए सभी देवताओं की थोड़ी-थोड़ी शक्ति संगृहीत करके दुर्गा अर्थात संघ शक्ति का निर्माण किया, उसके बल पर शुभ-निशुभ, मधुकैटभ, महिषासुर आदि राक्षसों का अंत हुआ। दुर्गा की अष्टभुजा का मतलब आठ प्रकार की शक्तियों से है, शरीर-बल, विद्या-बल, चातुर्य-बाल, धन-बल, शस्त्र बल, शौर्य-बल, मनो-बल व धर्म-बल इन आठ प्रकार की शक्तियों का सामूहिक नाम ही दुर्गा है, साधकों के लिए नवरात्रि शक्ति संचय का पर्व है। डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ पर सौ परिवार 24-24 हजार का गायत्री मंत्र का अनुष्ठान अखंड दीपक के के समक्ष कर रहे हैं। राज भटनागर, प्रवेश बरनवाल, पीयूष, नीलम बरनवाल, कामेश शर्मा, रेखा चौहान, पिंकी प्रजापति, सरोज यादव, सारिका अग्रवाल, सुमन वर्मा आदि ने दुर्गा पूजन में भाग लिया।

# पेंट आउटलेट का उद्घाटन

## ग्राहकों को मिलेगी एक्सपर्ट गाइडेंस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** रायपुर मार्ग पर बिरला ओपस पेंट आउटलेट का भव्य उद्घाटन चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, डा. दाऊद मुल्तानी और पूर्व सांसद मुंशीराम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

आउटलेट के प्रोपराइटर रफीउल्शान ने बताया कि उनके यहां किफायती, प्रीमियम और लग्जरी सहित हर बजट और जरुरत के हिसाब से उत्पाद उपलब्ध हैं। उन्होंने पेंटिंग तकनीकों के क्षेत्र में कुछ नयापन लाने की उम्मीद जताई।

वहीं, सेल्स मैनेजर ने कहा कि यह आउटलेट ग्राहकों के पेंट खरीदने के अनुभव को पूरी तरह से बदल देगा। अब ग्राहक सिर्फ कैटलॉग या फोटो देखकर पेंट नहीं खरीदेंगे, बल्कि विशेषज्ञों की एक टीम प्रकाश (लाइटिंग), वाटरप्रूफिंग (सीलन बचाव) और अन्य तकनीकी पहलुओं का मुआयना करेगी और ग्राहकों को सही पेंट चुनने के लिए उचित मार्गदर्शन देगी।

इस उद्घाटन समारोह के दौरान एक सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया था, जिसमें यूपीएससी (2025-26) की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले क्षेत्र के पांच युवाओं को सम्मानित किया जाना था। हालांकि, कार्यक्रम में पांचों में से कोई भी युवा उपस्थित नहीं हुआ। युवाओं के इस तरह न पहुंचने पर कई अतिथियों ने मंच से अपने संबोधन के दौरान खुले तौर पर नाराजगी जाहिर की।

इस मौके पर पूर्व सांसद मुंशी राम, पूर्व विधायक सतीश गौतम, मुफ्ती उवैस अकरम, इरशाद मुल्तानी, डा. दाऊद मुल्तानी, शेख शाहनवाज खलील, शेख परवेज़ पाशी, शेख शहरोज खलील, आलमगीर काजमी, कय्यूम राइन, उस्मान जैदी, तनवीर आलम, मौलवी अबरार, इरशाद मुल्तानी, बदर मुनीम, मौहम्मद अहमद, मौलाना खलीक कासमी, नूर अहमद, संजीव दत्त, शानुद्दीन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शिकायतों का तत्काल समाधान करें: एसडीएम

## 15 शिकायतें दर्ज दो का निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** तहसील सभागार में एसडीएम विजय शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कस्बे और आसपास के गांवों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई।

प्राप्त समाचार के अनुसार तहसील दिवस में कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से दो का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष 13 शिकायतों के समाधान के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। तहसीलदार अमरपाल ने भी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिन मामलों के निस्तारण के आदेश दिए गए हैं, उनका तत्काल प्रभाव से समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

इस मौके पर एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम, तहसीलदार अमरपाल सिंह, बीडीओ ज्योति चौधरी, नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद-बिजनौर)**

संख्या: 54/न.पा.परि.बि./2025-26 दिनांक:- 23.03.26

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-70 मौहल्ला सिविल लाइन द्वितीय, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्रीमती सुमन भटनागर पत्नी श्री इन्द्र स्वरूप भटनागर के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित स्वामी के द्वारा बैनामा श्रीमती मंजू मित्तल पत्नी अशोक कुमार मित्तल के हक में किया है, बैनामा एवं शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाज़ा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थीनी श्रीमती मंजू मित्तल पत्नी अशोक कुमार मित्तल का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र अतीक अहमद व पुत्रवधू सईदा खातून गलत संगत में पड़कर बिगड़ गये है। इनके आचरण व गलत व्यवहार के कारण मैंने व परिवार ने पिछले दो साल से इन दोनों से पारिवारिक सम्बंध समाप्त कर लिये है और मैंने इन दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **-अब्दुल लतीफ पुत्र सद्दीक ग्राम पुक्खेवाला, पोस्ट सीरवासुचंद, थाना रेहड़, तहसील धामपुर (बिजनौर)**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाइनेन्स के यहां श्री याशू कुमार पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम नटपुरा, परगना बास्टा, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर ने अपने निर्मित 148.64 वर्ग मी. स्थित खसरा नं. 300 ग्राम नटपुरा, परगना बास्टा, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है। जिसे आदेश देवी पत्नी बाबूराम ने बही सं. 1 जिल्द सं. 13472 पृष्ठ 29 से 42 क्रमांक 4570 दिनांक 18/03/2026 को दान किया है। इसके संबंध में यदि किसी बैंक, उत्तराधिकारी, वित्तीय संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के भीतर निम्न पते पर आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र अंजार अहमद व पुत्रवधू रुबीना ग्राम कोटकादर, थाना नगीना देहात गलत संगत में लिप्त है। मेरे व परिवार के अन्य लोगों के साथ अभद्र व्यवहार करते है। इनके आचरण व गलत व्यवहार से तंग आकर व परेशान होकर मैंने व मेरी पत्नी व परिवार के अन्य लोगों ने अंजार अहमद व उसकी पत्नी रुबीना से पारिवारिक सम्बंध समाप्त कर दिया है और मैंने इन दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करके लादावा कर दिया है । इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है।

**-अनीस अहमद पुत्र जमीर अहमद ग्राम कोटकादर, परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर**

**उ.प्र. आवास विकास एवं परिषद, मुरादाबाद**

**सर्वसाधारण को सूचना**

आवेदक श्रीमती पारूल तोमर पत्नी स्व. श्री सनी तोमर के द्वारा परिषद की वेबसाइट upavp.in https://janhit.upda.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र संख्या MU2026020811251325 दिनांक 08.02.2026 करते हुए श्री सनी तोमर की मृत्यु दिनांक 24.07.2024 को होने के उपरान्त वारिसान के आधार पर सम्पत्ति के अभिलेखों में नाम अन्तरण किये जाने हेतु अनुरोध किया है। यदि इस विक्रयोपरान्त/मृत्योपरान्त नामान्तरण में किसी व्यक्ति/ऋणदायी संस्था को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबंधक कार्यालय (बिजनौर), उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल) के सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात कोई क्लेम/आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

**आज्ञा से सम्पत्ति प्रबन्धक**

# खूनी संघर्ष में घायल हुए युवक की मौत

## पुलिस दो आरोपियों को पहले ही भेज चुकी है जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** खेत की मेढ़ को लेकर हुए खूनी संघर्ष में घायल युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई, युवक की मौत की खबर से उसके परिवार में कोहराम मच गया।

खूनी संघर्ष में घायल हुए युवक मोनू (18 वर्ष) निवासी शहजादपुर की देहरादून के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो जाने से उसके परिवार में कोहराम मच गया। बीते गुरुवार को नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर निवासी महेंद्र और पप्पू दोनों सगे भाइयों में गंगा खादर में खेत की मेड को लेकर कहासुनी और गाली-गलौच हो गई थी। जिसके बाद दोनों के परिवार देर सायं छह बजे अपने खेत से घर आ गए, जिसके दोनों भाईयों के परिवार में एक बार फिर गाली-गलौच के साथ खूनी संघर्ष शुरू हो गया। दोनों पक्षों में काफी देर तक लाठी-डंडे और सरिये चले, इस खूनी संघर्ष में पप्पू और उसका लड़का मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए बिजनौर भेजा, जहां चिकित्सकों ने मोनू की हालत को नाजुक देखते हुए रेफर कर दिया था। जिसका इलाज देहरादून के एक अस्पताल में चल रहा था। रविवार की रात घायल मोनू की इलाज के दौरान मौत हो गई, उसकी मौत की सूचना से उसके परिवार में कोहराम मच गया। इस मामले में मोनू के भाई सोनू ने तहरीर देकर कोमल, यशपाल उर्फ टिंकू, महेंद्र सिंह, जयपाल सिंह और लाल सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है, जिसमें पुलिस ने कोमल और जयपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, शेष आरोपी फरार है। थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर ने बताया कि मुकदमे को हत्या की धारा में तरमीम किया जा रहा है। शेष आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है, जल्द शेष आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# जंगली जानवरों के हमलों पर मुआवजे में असमानता का मुद्दा संसद में गूंजा



सांसद चंद्रशेखर आजाद ने उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने संसद में जंगली जानवरों के हमलों में मानव मृत्यु के मामलों में दी जाने वाली मुआवजा राशि को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने केंद्र सरकार से देशभर में एक समान मुआवजा नीति लागू करने की मांग करते हुए कहा कि वर्तमान व्यवस्था में भारी असमानता है, जो पीड़ित परिवारों के साथ अन्याय है।

सांसद ने कहा कि वर्ष 2023 में मुआवजा राशि को पांच लाख से बढ़ाकर 10 लाख किए जाने की बात कही गई थी, लेकिन जमीनी स्तर पर नगीना लोकसभा क्षेत्र में अब भी अधिकतर मामलों में केवल पांच लाख ही दिए जा रहे हैं। उन्होंने इस मुद्दे को क्षेत्र की बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि यहां गुलदार का आतंक लगातार बढ़ रहा है और आए दिन हमलों की घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

चंद्रशेखर आजाद ने केंद्रीय वन मंत्री से सीधे सवाल करते हुए कहा कि देश के अलग-अलग राज्यों में मुआवजा राशि में बड़ा अंतर है। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में ऐसी घटनाओं पर 20 लाख तक मुआवजा दिया जाता है, जबकि कुछ राज्यों में 10 लाख और कई जगहों पर अब भी केवल पांच लाख ही मिलते हैं।

उन्होंने कहा 'क्या देश में इंसान की जान की कीमत अलग-अलग तय की जा रही है? कहीं 20 लाख, कहीं 10 लाख और कहीं पांच लाख, यह असमानता न केवल चिंताजनक है, बल्कि खतरनाक भी है।'

सांसद ने मांग की कि केंद्र सरकार इस विषय पर एक स्पष्ट और सख्त नीति बनाए, जिससे पूरे देश में एक समान मुआवजा राशि लागू हो सके। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार पहले ही अपने परिजन को खोने के दुख से गुजरते हैं, ऐसे में मुआवजे में असमानता उनके दर्द को और बढ़ाती है। उन्होंने 'डबल इंजन' सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की जिम्मेदारी है कि इस समस्या का जल्द समाधान निकाला जाए। खासकर नगीना लोकसभा क्षेत्र में बढ़ते हमलों को देखते हुए तत्काल प्रभाव से मुआवजा राशि बढ़ाकर एक समान किया जाना चाहिए।

अंत में उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इस मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि देशभर में पीड़ित परिवारों को समान और न्यायपूर्ण सहायता मिल सके।

## एक नजर

### पेंशन बहाली आंदोलन की एक और सफलता



**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने बताया कि प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त शिक्षकों को सरकार द्वारा पुरानी पेंशन से अच्छादित किया गया है, जो 2007 नियमित हुए थे। प्रदेश सरकार द्वारा विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को पुरानी पेंशन से आच्छादित करना सरकार का सराहनीय कदम है। इससे प्रदेश के हजारों शिक्षकों की भविष्य आर्थिक सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। सरकार द्वारा पूर्व में विज्ञापन के आधार पर प्रदेश के हजारों शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली से आच्छादित करने करने का कार्य किया गया था। अटेवा/एनएमओपीएस राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत है और ये सभी संघर्ष के ही परिणाम हैं। अब केवल संघर्ष एवं नेतृत्व में विश्वास रखते हुए पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन का साथ देते रहें। एक दिन पूरे देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का निश्चित लाभ मिलेगा। पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रहेगा।

### सारा ने बनाया जीरो वेस्ट मॉडल

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला मकबरा निवासी छात्रा सारा शाहिद ने 10 दिवसीय विज्ञान घर कार्यक्रम में अपने अनोखे जीरो वेस्ट मॉडल बनाकर नाम रोशन किया है। सारा ने बताया कि हम रोजाना जिस पेन का उपयोग करते हैं, उनमें बड़ी मात्रा में प्लास्टिक होता है। पेन आकार में छोटा होता है, इसलिए लोग इसके प्लास्टिक कचरे को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यही छोटा-छोटा कचरा मिलकर पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा बन जाता है। सारा ने केवल बायोडिग्रेडेबल पेन ही नहीं बनाया, बल्कि प्लास्टिक कचरे के पुनः उपयोग का भी समाधान सुझाया। उन्होंने बताया कि इस्तेमाल किए गए प्लास्टिक पेन को इकट्ठा करके उनकी बॉडी को पीसकर उसमें एपॉक्सी रेजिन मिलाया जा सकता है। इससे टेबल टॉप व अन्य फर्नीचर तैयार किए जा सकते हैं, जो कचरे को उपयोगी उत्पाद में बदलने का एक बेहतरीन उदाहरण है।

### मुल्क में अमनो अमान की दुआ



**हल्दौर।** नगर व आसपास के क्षेत्रों में ईद-उल-फितर का त्यौहार हर्षोल्लास, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। ईदगाह में हजारों मुस्लिम भाइयों ने एकत्र होकर ईद की नमाज अदा की और एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह में सुबह करीब 9 बजे शहर इमाम मौलाना मुफ्ती मौहम्मद अब्दुल्लाह जामिई ने ईद की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश देता है, इसलिए सभी लोग इस त्योहार को मिल-जुलकर मनाएं और समाज में अमन-चैन बनाए रखें। इसके बाद उन्होंने देश की खुशहाली, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआ कराई। ईद के अवसर पर ईदगाह मार्ग पर नमाजियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान पालिका से जुड़े जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग भी मौजूद रहे और सभी को ईद की शुभकामनाएं दीं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे। वहीं देहात क्षेत्रों में भी ईद-उल-फितर का त्योहार पूरे उत्साह और पारंपरिक तरीके से मनाया गया।

### शहीद मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नांगल सोती।** आरबीएस इंटर कॉलेज के खेल मैदान में शहीद मेले के दूसरे दिन उच्च माध्यमिक विद्यालय नांगल के विद्यार्थियों अनमोल, नैना, मानवी, जानवी, राधे ने 'पढ़ना-लिखना सीखो, ओ मेहनत करने वालों', मेरा रंग दे बसंती चोला गीत और कौन गिराए बम बच्चों पर जैसी कविताओं के साथ ही गिरगिट नाटक का मंचन किया। अंत में फिल्म द लीजेंड ऑफ भगत सिंह की स्क्रीनिंग की गई। शहीद मेला आयोजन समिति से चौधरी हेमेंद्र सिंह ने आज के दौर में भगत सिंह के विचार की जरूरत पर बात की। उन्होंने भगत सिंह के समतामूलक समाज बनाने के सपनों को पूरा करने के लिए नौजवानों से आगे आने का आह्वान किया। अपूर्व मालवीय ने कहा कि सरकारें कभी नहीं चाहती कि मेहनतकश जनता के बीच भगत सिंह के विचार पहुंचे। इसलिए सरकारें उनकी मूर्तियां स्थापित करके उस पर फूल माला तो चढ़ा देती हैं लेकिन उनके विचारों को जनता के बीच जाने से रोक देती हैं। यही कारण है कि भगत सिंह की जेल नोटबुक उनकी शहादत के 63 वर्ष बाद प्रकाशित हो सकी। कार्यक्रम में रामाधार, राजू, गीतिका, कविता, कृष्ण पल्लवी, गणेश, मुकेश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप गोस्वामी ने किया।

### मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक



**बरूकी।** क्षेत्र के बरूकी में मिशन शक्ति कार्यक्रम 5.0 के अंतर्गत पुलिस द्वारा ग्राम बरुकी में महिला को शक्तिकरण के बारे में बताया गया। इस अवसर पर हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसआई प्रीति पवार, चौकी प्रभारी राहुल ने कहा कि किसी भी महिला को डरना नहीं है। यदि कोई मनचला उन्हें परेशान करता है, तब वह केवल सूचना दे। ऐसे लोगों से पुलिस द्वारा सख्ती से निपटा जा रहा है। महिला आरक्षी कुसुम रानी, प्रियंका, रामा रानी ने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। छात्राओं को 1076, 1090, 112, 1930, 1076, 181, 102 आदि साइबर हेल्पलाइन की जानकारी देकर किसी भी आकस्मिक स्थिति पर सहायता प्राप्त करने एवं नारी सुरक्षा हेतु पुलिस विभाग का हमेशा तत्पर होने के सम्बन्ध में अवगत कराकर जागरुक किया गया। प्रीति पवार ने संयुक्त रूप से बताया कि यह सभी नंबर संपूर्ण समाज की सुरक्षा के लिए है। लेकिन विशेष रूप से बेटियों के लिए इन नंबर पर सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहती है। मिशन शक्ति प्रभारी प्रीति पवार ने कहा कि मैं और मेरी टीम हमेशा महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार रहती है। अगर किसी के साथ कोई अनहोनी होती है और हमें सूचना समय से मिल जाती हैं तो यथासंभव कोशिश करके उनकी मदद करने का प्रयास करते हैं। कार्यक्रम में चौकी प्रभारी राहुल कुमार, महिला आरक्षी कुसुम रानी, प्रियंका रामा रानी, कांस्टेबल रूप किशोर, राहुल कुमार, चौधरी नीटू आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सीएचसी पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ विधायक अशोक कुमार राणा के पुत्र प्रियंकर राणा ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर प्रियंकर राणा ने कहा कि जन औषधि केंद्र के माध्यम से क्षेत्र की जनता को बाजार से 50 से 80 प्रतिशत तक कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध होंगी। उन्होंने इसे सरकार के स्वस्थ भारत संकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। सीएचसी अधीक्षक डा. बीके स्नेही ने जानकारी दी कि इस केंद्र पर 2000 से अधिक जेनेरिक दवाइयां और 300 से अधिक सर्जिकल उपकरण उपलब्ध होंगे। साथ ही एक रुपए में सेनेटरी पैड भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य मार्च 2027 तक देशभर में 25 हजार जन औषधि केंद्र स्थापित करने का है। जिसके तहत जनपद के सभी सीएचसी और पीएचसी पर ऐसे केंद्र खोले जा रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख दीनबंधु, विधानसभा प्रभारी विपिन कुमार सिसोदिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक, चिकित्सक एवं सीएचसी स्टाफ मौजूद रहा।

# हत्यारोपी अजीम के घर पर मुनादी कराई

## आत्मसमर्पण न करने पर कुर्की की चेतावनी, नोटिस चस्पा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ट्रक चालक सलमान हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजीम की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। लगातार प्रयासों के बावजूद आरोपी के हाथ न आने पर पुलिस प्रशासन ने न्यायालय की शरण लेते हुए विधिक प्रक्रिया के तहत उसके घर पर नोटिस चस्पा कर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 19 फरवरी की रात शुगर मिल गेट के पास टोकन को लेकर हुए मामूली विवाद में सलमान पुत्र नसरुल्ला पर चाकुओं से हमला कर अजीम निवासी चकमहादूद सानी ने हत्या कर दी थी। घटना के बाद से ही आरोपी अजीम फरार चल रहा है। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। मृतक सलमान के भाई शाह आलम की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास शुरू कर दिया था। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि हर संभावित ठिकाने पर छापेमारी की जा रही है, लेकिन आरोपी गिरफ्त से बाहर है। ऐसे में न्यायालय द्वारा आरोपी का गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया था। लेकिन आरोपी ने आत्मसमर्पण नहीं किया। अब पुलिस ने कानूनी शिकंजा कसते हुए न्यायालय से फरारी उद्घोषणा की प्रक्रिया अपनाई और आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा किया गया। रविवार को पुलिस टीम आरोपी के घर पहुंची जहां विधिवत ढोल बजवाकर मुनादी कराई गई और उसे शीघ्र आत्मसमर्पण करने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय के भीतर आरोपी के पेश न होने पर उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि किसी भी हाल में आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार का कहना है कि पहले आरोपी अजीम के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया था। लेकिन आरोपी ने आत्मसमर्पण नहीं किया। इसके बाद न्यायालय द्वारा अगली कार्रवाई का आदेश दिया गया है।

# डीएम ने किया तहसील कार्यालय का निरीक्षण

## वादों के निस्तारण की प्रगति एवं अभिलेखों के रख-रखाव का अवलोकन किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस की समाप्ति के पश्चात तहसील नजीबाबाद कार्यालय का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालय में लंबित प्रकरणों, वादों के निस्तारण की प्रगति एवं अभिलेखों के रख-रखाव का गहनता से अवलोकन किया।

डीएम द्वारा एसडीएम कोर्ट में विचाराधीन विभिन्न राजस्व वादों की फाइलों का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि पांच वर्षों से अधिक लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए, ताकि वादियों को त्वरित न्याय मिल सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशानुरूप जनता को त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय उपलब्ध कराया जाए तथा लंबित प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाई जाए। उन्होंने तहसील स्तर पर बकाया राजस्व वसूली और आरसी के मिलान की स्थिति जांच करते हुए संबंधित पटल सहायकों को वसूली प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, स्वच्छता व्यवस्था एवं न्यायालय परिसर में आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए समयपालन एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, सीएमओ डा. कौशलेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक दिनकर भारती, तहसीलदार सहित अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पति-पत्नी को समझा कर टूटने से बचाया परिवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कासमपुर गढ़ी।** रेहड़ थाना के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में काम कर रही मिशन शक्ति टीम ने काउंसलिंग के माध्यम से पति-पत्नी के एक विवाद को समाप्त करते हुए परिवार को टूटने से बचा लिया।

थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम त्रिलो. कपुर निवासी एक महिला ने अफजलगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी निवासी अपने पति व कई अन्य ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न सम्बंधी घरेलू विवाद के सम्बंध में कार्यवाही के लिए रेहड़ पुलिस को गत दिवस एक प्रार्थना पत्र दिया था।

प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि पति-पत्नी व दोनों पक्षों के परिजनों को थाने बुलाया गया और मिशन शक्ति टीम के सदस्यों महिला आरक्षी पूजा एवं आरक्षी

## मिशन शक्ति टीम का सराहनीय कार्य

विजय तोमर ने पति-पत्नी व दोनों पक्षों से आए कई अन्य महिलाओं-पुरुषों की काउंसलिंग कर उन्हें देर तक समझाते हुए परिवार के टूट जाने के नुकसान और एक साथ रहने के फायदे गिनाए जिसके बाद पति-पत्नी व दोनों पक्षों के परि. जनों ने उन बातों को समझा और एक दूसरे के गिले शिकवे भुलाकर आपसी सहमति से भविष्य में कोई विवाद न करने व एक साथ रहने की बात कहकर पुलिस टीम को दुआएं देते हुए चले गए। राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि किसी परिवार को टूटने से बचाना हमारी जिम्मेदारी के साथ-साथ इंसानियत भरा एक पुण्य कार्य भी है।

# अमर शहीद भगत सिंह, राज गुरु व सुखदेव का बलिदान दिवस मनाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**धामपुर।** गत 50 वर्षों की परंपरा अनुसार उ.प्र. युवा साहित्यकार संघ द्वारा अमर शहीद भगत सिंह, राज गुरु, सुखदेव बलिदान दिवस एवं समाजवादी चिंतक डा. राम मनोहर लोहिया जयंती के अवसर पर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार सुबह 10 बजे भगत सिंह चौक पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीदों को नमन किया। एमएलसी पूर्व मंत्री अशोक कटारिया ने वीर भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भारत माता की जय के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। अपने सम्बोधन में उन्होंने युवा शक्ति से देश के लिए जीने का आह्वान किया। इस मौके पर कवि राज कुमार वर्मा विरेंद्र बेताब, राम सिंह सुमन, नरेश वर्मा विभूति कांत शर्मा ने देश

## युवा शक्ति से देश के लिए जीने का आह्वान

प्रेम से ओतप्रोत रचना प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम में सरदार अमरजीत सिंह, एसपी सलूजा, सतवंत सिंह सलूजा, गुरशरण सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, दिनेश नवीन, इंदु कांत शर्मा, अमित चौहान, डा.शंकर लाल शर्मा, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष रवि चौधरी, मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, आशीष मित्तल, विवेक राज सोनी, पीयूष अग्रवाल, नागेश्वर दयाल, अजय पाल शर्मा, रजनीश शर्मा, सत्य राज, गुरमीत जुनेजा आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता पूर्व विद्यायक डा. इंद्रदेव सिंह ने की संचालन हरीकांत शर्मा ने किया।

# खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर स्कूटी सवार युवक की मौत

**स्योहारा।** धामपुर मार्ग स्थित ग्राम मनसूर सराय निवासी अनवर का 19 वर्षीय पुत्र अयान अपनी मां को स्कूटी पर बैठाकर घर लौट रहा था। बताया जा रहा है कि अनवर अपने परिवार के साथ सहसपुर स्थित ससुराल से वापस आ रहे थे। परिवार के अन्य सदस्य दूसरी बाइक पर सवार थे। जैसे ही वे लोग मंगल लिपि फार्म हाउस के पास पहुंचे, तभी अचानक स्कूटी चला रहा अयान सामने खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अयान गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि अनवर के दो बच्चे हैं, एक बेटी और एक बेटा अयान था। अयान की असमय मौत से पूरे परिवार में मातम छा गया है। आज जौहर की नमाज के बाद अयान को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

# फजलपुर तबेला में किड्स जोन का शुभारंभ

## बच्चों को खेल-खेल में आधुनिक शिक्षा देने की पहल शुरू हुई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सन शाइन पब्लिक स्कूल में नन्हें मुन्ने बच्चे के लिए किड्स जोन का शुभारम्भ किया गया। अब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे खेल खेल में तनावरहित शिक्षा पा सकेंगे।

ग्राम फजलपुर तबेला में सन शाइन पब्लिक स्कूल में आयोजित समारोह के साथ पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर ने किड्स जोन का फीता काट कर शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि सुबोध पाराशर ने कहा ग्रामीण अंचल में आधुनिक अंग्रेजी माध्यम शिक्षा के साथ खेल खेल में शिक्षा पा सकेंगे। उन्होंने इस विद्यालय के शुभारंभ से अब तक की यात्रा को ग्रामीण क्षेत्र के लिए उल्लेखनीय प्रयास की सराहना की है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को शिक्षित करने व उनके उज्जवल भविष्य के लिए समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के प्रबंधक विनोद मित्तल ने अभिभावकों को आश्वस्त किया वह बेहतर शिक्षा से कई के लिए समर्पित है और सभी के सहयोग से विद्यालयों को ऊंचाइयों पर ले जाते हुए जमात की आधुनिक शिक्षा देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने पूर्व प्रबंधक श्रीमती मालती अग्रवाल की स्मृति में प्रतिवर्ष कक्षा 6 से 12 के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को परीक्षा आधारित छात्रवृति देने की घोषणा की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सुबोध पाराशर, प्रबंधक विनोद मित्तल, प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल, प्रबन्ध निदेशक दीपा मित्तल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किये। छात्र छात्राओं ने अनेक गीत नृत्य समूह नृत्य प्रस्तुत कर अभिभावक व आगन्तुकों की तालियां बंटोरी। बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'इत्ती सी हंसी इत्ती सी खुशी', 'राम आएंगे शुभ दिन आएंगे', 'मैं निकला गाड़ी लेकर' को सराहा। कार्यक्रम में प्रबन्धन की ओर से स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं का उनके अमूल्य योगदान के लिए मुख्य अतिथि सुबोध पाराशर ने सम्मानित किया। समारोह में आयुष मित्तल ने अपने सम्बोधन में विद्यालय की प्रगति शैक्षिक वातावरण व सांस्कृतिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए भविष्य में बेहतर सहयोग की अपेक्षा की है। शिक्षिका पिंकी शर्मा व हुमैरा जबीं के संचालन में हुए

कार्यक्रम में विनय कौशिक, पंकज शर्मा, मुकेश सिन्हा,शकील रजा, आशा रजा, जितेन्द्र कक्कड़, जुगल किशोर, प्रमोद मित्तल, सीमा देवी और उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि सुबोध पाराशर, आगन्तुक अतिथियों, अभिभावकों ने विद्यालय परिसर में किड्स जोन कक्ष का अवलोकन किया और इस व्यवस्था का ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक उपलब्धि बताया।

# कार टेंपू की टक्कर में तीन की मौत, दस घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** रविवार शाम तेज रतार कार और टेंपो में टक्कर हो गई। हादसे में महिला समेत तीन की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हैं। इनमें 6 की हालत गंभीर है।

हादसा आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर धनारी क्षेत्र में गांव उध रनपुर के पास शाम करीब 6 बजे हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो और कार दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बहजोई ले जाया गया। टेंपो में महिलाओं-बच्चों समेत 12 लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि अर्टिगा कार की रफ्तार काफी तेज थी। वह जिला मुख्यालय बहजोई की ओर से बबराला की तरफ जा रही थी, जबकि टेंपो बहजोई की ओर आ रहा था। टेंपो में बच्चों और महिलाओं समेत कुल 12 लोग सवार थे, वहीं अर्टिगा कार में चालक समेत दो लोग मौजूद थे। हादसे में मरने वालों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। इनमें एक महिला, लड़की और युवक शामिल हैं। हादसे के बाद मौतों से कोहराम मचा हुआ है। घायलों की चींख पुकार और करूण क्रंदन से सहायता को दौड़े लोगों की आँख में आँसू भर आए।



सम्भल- भाजपा के जिला कार्यालय पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित करते।

# आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से पता लगाएगी पुलिस

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** अर्टिगा और टैम्पू से हुए हादसे में जहां तीन ने मौके पर दम तोड़ वहीं ओमपाल (34) पुत्र मानसिंह, प्रवेश (31) पत्नी ओमपाल, रजनी (11) पुत्री ओमपाल, सलोनी (6) पुत्री ओमपाल, कुलदीप (2) पुत्र ओमपाल निवासी रायपुर कला थाना बहजोई शामिल हैं। इसके अलावा शौकीन (31) पुत्र रफी निवासी अकबरपुर बहजोई, रजनीश (19) पुत्र कल्लू निवासी पाठकपुर की मढैया थाना बहजोई, प्रियांशु (13) पुत्र रामगोपाल, कृपाल (34) पुत्र पूरन सिंह निवासी लहरा नगला श्याम थाना जुनावई तथा किशोरी लाल (39) वर्ष पुत्र झंडू सिंह निवासी मानपुर थाना धानारी भी घायल हए हैं। सीओ बहजोई

**० दस घायलें को बेहतर उपचार के लिए भेजा गया जिला अस्पताल**

डा.. प्रदीप कुमार ने बताया कि हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए आसपास लगे। सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। गंभीर रूप से घायल 10 लोगों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इस हादसे में एक महिला और एक युवती समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मरने वालों की पहचान और उनके पता लगाने का प्रयास में जुट गई है।

# भाजपा व्यक्ति नहीं विचार और कार्यकर्ता आधार पार्टी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भाजपा के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का समाोह में सम्मान व स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे।

एकता विहार कालोनी स्थित समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम के साथ हुई। समारोह में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया के आते ही कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ उनका स्वागत किया।कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों का बारी-बारी से माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने रखते हुए कहा कि हम सभी भारतीय जनता पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में कार्य करना है पार्टी में जिले में जिन कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी बनाया है उन्हें अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए कार्य करना है। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन ने जिन ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है, वे पार्टी की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा व्यक्ति आधारित नहीं, बल्कि विचार और कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। नव-मनोनित पदाधिकारियों के जोश और अनुभव से सम्भल में संगठन को एक नई ऊंचाई मिलेगी। उन्होने आगामी लक्ष्यों ध्यान में रखते हुए सभी को पार्टी हित में कार्य करने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों और सांगठनिक कार्यक्रमों को देखते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारी आज से ही जन-जन तक केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को पहुँचाने के कार्य में जुट जाने को कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अयक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह व संचालन जिला महामंत्री हरिओम शर्मा ने किया।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव, परमेश्वर लाल सैनी, मंजू दिलेर, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, भीष्म शर्मा, डा. नरेंद्र सिंह, चंद्रपाल, ओमवीर सिंह खड़गबंशी, संतोष देवी, हिरदेश यादव, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र त्यागी विकास वार्ष्णेय सुधीर मल्होत्रा दीपक यादव सौरभ गुप्ता विपिन गुप्ता अर्जुन वाल्मीकि जयप्रकाश प्रजापति जिला महामंत्री हरिओम शर्मा शिल्पी गुप्ता मनोज कठेरिया अवधेश प्रताप चंद्रसेन खड़गवंशी चरण सिंह भारती सोनू चाहल देव चंद सैनी अंकित जैन शुभम अग्रवाल यश मदान सहित मंडल अध्यक्ष एवं ब्लाक प्रमुख सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कैलादेवी मंदिर पर उमड़े श्रद्धालु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रसिद्ध धाम कैला देवी मंदिर पर नवरात्रि के दिनों में सोमवार होने के चलते हजारों की संख्या में श्रृद्वालुओं ने पूजा अर्चना की तथा पंचम दिन माँ स्कंद माता की पूजा अर्चना करते हुए हवन यज्ञ कराया। साथ ही मां कैला देवी की पूजा अर्चना करते हुए मन्नत मांगी। जहां नवरात्र में मां दुर्गा का पंचम रूप स्कंद माता के रूप में सोमवार को भक्तों ने पूजा अर्चना की तो वहीं मां कैला देवी धाम पर सोमवार होने के चलते हजारों की संख्या में श्रृद्वालु पहुंचे और उन्होंने दिनभर पूजा अर्चना करने के बाद महिलाओं तथा बच्चों ने खरीदारी भी की साथ ही बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया गया तथा सैकड़ो की संख्या में महिलाओं तथा पुरुषों ने हवन कराया। कैला देवी के मुख्य चौराहे पर पुलिस बल तैनात रहा तथा श्रृद्वालु अपने वाहनों से पहुंचे तो कहीं मंदिर पर पैदल चलकर पूजा अर्चना की।

# मिडिल ईस्ट में जंग का सोने चांदी पर असर

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** मडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव का असर अब सर्राफा बाजार पर साफ दिख रहा है। लगातार 8 सत्रों से गिर रहे सोना-चांदी के दामों ने निवेशकों को चौंका दिया है।

**० कीमतों में गिरावट से सर्राफा बाज़ार में हलचल**

एमसीएक्स पर चांदी करीब 6प्रतिशत यानी 13,606 गिरकर 2,13,166 प्रति किलो पर पहुंच गई, जबकि सोना 7,115 टूटकर 1,37,377 प्रति 10 ग्राम पर आ गया। विशेषज्ञ इसे 1983 के बाद की सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट मान रहे हैं।

# स्वागत के साथ कम भागीदारी से ब्राह्मण समाज नाराज

**०नामित सभासद के स्वागत में नाराजगी हुई उजागर**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के बैनर तले महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नवमनोनीत नगर पालिका परिषद के सभासद गोपाल शर्मा का फूल माला पहनाकर एवं शाल भेंट करके सम्मानित किया।

इंडियन स्कॉलर एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम का नवीन प्रकाश शर्मा, के के मिश्रा एवं अमित शुक्ला ने भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्वलन करके शुभारंभ किया। इस अवसर पर के के मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण समाज से गोपाल शर्मा की नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उनको सभासद नामित किया गया है, इस कार्य से आज पूरा समाज गदगद है। दूसरी तरफ भाजपा जिला कार्यकारिणी में ब्राह्मण समाज की बहुत कम भागीदारी होने के कारण, ब्राह्मण समाज का मन व्यथित है। समय की माँग है कि ब्राह्मण समाज की भागीदारी बहुत जरुरी है। जब ब्राह्मण को उचित सम्मान प्राप्त होगा, तभी समाज में समानता और समरसता की भावना मजबूत होगी। ब्रह्मण शक्ति संघ के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने यूजीसी का मुद्दा सदन में उठाया, सदस्यों द्वारा इस पर गंभीरता से चर्चा की गई। इस इस अवसर पर वीकेश शर्मा, भरत मिश्रा, राजकुमार शर्मा, अमित शुक्ला, दुष्यंत मिश्रा, नवीन प्रकाश शर्मा, राघव शुक्ला, अमन पूठिया, विनय शुक्ला, डी पी शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, संजीव शुक्ला, ज्ञानप्रकाश उपाध्याय, प्रणवीर गौड, अनन्त कुमार,आर्यन आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीकेश शर्मा ने एवं संचालन दुष्यंत मिश्रा ने किया।



सम्भल- नामित सभासद गोपाल शर्मा का स्वागत करते ब्राह्मण महासंघ के कार्यकर्ता

## नगर हिंदू सभा की एक ओर कार्यकारिणी की गठित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर हिंदू सभा की एक ओर 51 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है। दूसरी कार्यकारणी में नो सदस्यीय मार्ग दर्शक मंडल/निर्णायक मंडल के साथ नगर की प्रत्येक बस्ती एवं समाज के प्रतिनिधित्व के साथ कार्यकारिणी गठित करने का दावा किया गया है।

## ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने मनाया शहादत दिवस

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** शहीद भगत सिंह पार्क में शहीदों की याद में शहीद दिवस के अवसर पर ऑल इंडिया किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने शहीद भगत सिंह पार्क में एकत्रित होकर श्रृद्वांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीद दिवस को साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संगठन के जिला अध्यक्ष सोमपाल सिंह द्वारा भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने श्रृद्वापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए सोमपाल सिंह ने कहा कि जिन आदर्शों और संघर्षों के लिए भगत सिंह और उनके साथियों ने अपने प्राण न्यौछावर किए, आज उन्हीं मूल्यों पर पुनः खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में वैश्विक शक्तियों के प्रभाव में कृषि नीतियों पर ऐसे निर्णय लिए जा रहे हैं, जो किसानों और मजदूरों के हितों के प्रतिकूल हैं।

# विशुद्धीचक्र में स्वर और व्यंजनों से शब्द वाक्यों का निर्माण करती है स्कंदमाता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।**आध्यात्मिक गुरु पं. राधेश्याम श्रीमाली के नेतृत्व मे दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पंजू सराय में स्थित श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला के तहत माँदुर्गा स्तवन की 92 बीं कडी के पांचवें दिन जिला साधना प्रमुख आनंद सैनी व बबिता सैनी कैलाश शर्मा मनजीत शर्मा हरीश कुमार सैनी गुडिया सैनी द्वारा माँदुर्गा के पांचवे स्वरुप स्कंद माता को पॉच वर्ष की कन्या का पूजन कर बत्तीस हजार चार सौ आहुतियाँ प्रदान की और विश्व शान्ति भारत राष्ट्र की समृद्धि श्रीकल्कि के प्राकटय को प्रार्थना की। इस अवसर पर यज्ञाचार्य डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा की बृह्माण्ड के महरूलोक व देव दुर्लभ मानव शरीर के विशुद्धीचक्र अर्थात कंठ प्रदेश मे स्थित अनहद नाद चक्र से उठने बाली त्रिगुणात्मक ध्वनि को जो प्रकाश ताप और कम्पन से बनकर उठती है को गोद में अपने पुत्र स्कंद को धारण किये हुए ममता मयी स्कंद माता ध्वनि में आने वाले सातो स्वर और

**०विश्व शांति को दी बत्तीस हज़ार आहूतियां**

व्यंजनों से को शब्दों में परिवर्तित कर वाक्यों से विभिन्न भाषाओँ की रचना करती है। स्कंद माता ममतामयी दया करुणा और वात्सल्य की प्रतिमूर्ति हैं। जो अपने भक्तो की सभी मनोकामनाएं पूर्ण कर निःसंतानो को संतान सुख प्रदान करती है। इस दौरान डा. सुरेश चन्द्र सैनी रामवीर शर्मा कैलाश चन्द्र कृष्णा मोहन आकाश सैनी समिति जिलाध्यक्ष नरेश सैनी जिला सचिव ज्वालेश श्रीमाली आनंद सैनी पार्थ शर्मा भीकम सरन लाला भूकनलाल किसन आर्य लक्ष्मन सिंह राकेश सैनी जितेन्द्र गुप्ता योगी देवांश मोहन कराई महाज्योत वंदना सहित समिति सभी पदाधिकारी व महिला मंडल रुकमनी देवी सुनिता देवी नीरज श्रीमाली लक्ष्मी श्रीमाली आरती श्रीमाली रिया श्रीमाली शिवम श्रीमाली आंचल श्रीमाली निक्की सैनी अनमोल सैनी सदस्य व साधक साधिकाए उपस्थित रहे।

## एक नज़र इधर भी

### शिक्षा के अभाव में विकास असम्भव

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )**देश के वीर सपूतों भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहीदी दिवस पर नमन किया गया।

भाजपा बबराला मण्डल के पूर्व महामंत्री दिनेश कौशल ने कहा कि वीर सपूत भगत सिंह,राजगुरु, सुखदेव ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिये।उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।उनको नमन करना चाहिए।इस दौरान रमेशचंद्र, निशांत,राजीव,अंकित,मनोज आदि मौजूद रहे। उधर युवा समाज कल्याण कमेटी ने शहीद दिवस पर भगत सिंह, सुखदेव,राजगुरू को याद किया। इस मौके पर रविराज गुप्ता,सुनील वार्ष्णेय,एके शर्मा,नीरज वार्ष्णेय,बीरेन्द्र कुमार,सतीश वार्ष्णेय, प्रशान्त वार्ष्णेय आदि रहे।

### शिक्षा के अभाव में विकास असम्भव

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )**।गुजरात पाल सभा के संस्थापक नेम सिंह बघेल के 65वें जन्मदिवस के अवसर पर, बघेल के पैतृक गांव मई, मिठनपुर, तहसील गुन्नौर में उत्तर प्रदेश में पाल सभा होली, मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधान सभा गुन्नौर, सहसवान, बिल्सी, बिसौली व कासगंज विधान सभा के पाल समाज के गणमान्य लोगों द्वारा समाज को नई दिशा देने हेतु शपथ दिलाई गई, इससे पूर्व होनेरी कैप्टन रन सिंह ने बताया कि आज के भौतिक युग में शिक्षा विकास के लिए अनिवार्य शस्त्र है। शिक्षा के अभाव में विकास की कल्पना करना भूल मात्र है। इस अवसर पर नेम सिंह बघेल ने बताया कि समाज को अब परिवर्तन की जरूरत है, समाज के प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह अपने से कमजोर सजातीय बंधुओं की हर संभव मदद करने के लिए तत्पर रहना चाहिए, तथा समाज को संगठित, रहकर देश हित के कार्यों के लिए तैयार रहना चाहिए इस अवसर पर, पाल सभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष चंद्रभान सिंह पाल, रन सिंह पाल सेवानिवृत कैप्टन, नरेंद्र पाल, तिलक सिंह, हरकेश पाल,श्रीपाल, प्रेमशंकर पाल, नरेश पाल, ओमवीर सिंह पाल, महेंद्र पाल, देवेंद्र पाल व रमेश धानगर आदि लोग मौजूद रहे।



बबराला-कन्याओं का पूजन करती महिला शक्ति संगठन की महिलाएं

### कन्याओं का पूजन कर खेला डांडिया

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )**। महिला शक्ति संगठन की महिलाओं द्वारा नवरात्रि में रोज भजन कीर्तन और कन्या पूजन का आयोजन होता है। पंचमी तिथि पर अध्यक्ष दीपा बाष्णेय के आवास पर कन्या पूजन किया गया। जिसमें सभी महिलाओं ने कन्याओं को भोजन कराकर उपहार दक्षिणा आदि वितरित किया। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने मिलकर एक साथ कन्या पूजन किया। सभी ने मिलकर माता रानी के भजन गाए और भजनों पर नृत्य किया। कन्या रूप में सजी हुई छोटी-छोटी कन्याएं साक्षात् देवी रूप पृथ्वी पर अवतरित लग रहा था। सभी ने डांडिया भी खेला। दीपा वार्ष्णेय ने बताया कि परांबा की कृपा से पूरे साल शक्ति और संपन्नता बनी रहती है। माता रानी की पूजा करने से समस्त देवताओं की पूजा स्वयं हो जाती है इसलिए हम इस उत्सव को बहुत ही धूमधाम से मनाते हैं। यह कार्यक्रम बहुत ही मनोहारी रहा। कार्यक्रम में दीपा ,खुशबू ,निलिमा, रिचारोविन शशि गंभीर, ममता, छाया, कल्पना, उषा आर्य, शशि वाला, लक्ष्मी देवी, दिव्यांशी ,स्वाति, प्रतिमा, नीरू, राधिका, आदि महिलाएं रही।

# नगर हिंदूसभा के नरेश शुक्ला अध्यक्ष गगन वार्ष्णेय महामंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर हिंदूसभा की महत्वपूर्ण बैठक में अध्यक्ष और महामंत्री का चुनाव सम्पन्न हो गया।





हिंदू समाज के वयोवृद्व संरक्षक विष्णू शरण रस्तोगी के आवास पर आयोजित नगर हिंदू सभा की वरिष्ठ नागरिकों ने नगर हिंदू सभा का कार्यकाल पूर्ण होने पर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया। बैठक में नगर हिंदू सभा के संरक्षकों ने मौजूद लोगों में से नामों का प्रस्ताव मांगे। जिनमें विभिन्न नामों का प्रस्ताव किया गया। इनमें नरेश चन्द्र शुक्ला एडवोकेट को नगर हिंदू सभा का अध्यक्ष जबकि नगर पालिका परिषद के सभासद गगन वार्ष्णेय को महामंत्री चुन लिया गया। दोनों पदों पर सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। बैठक में सभा के संरक्षकों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को 15 दिनों के भीतर पूर्ण कार्यकारिणी का गठन सुनिश्चत करने के निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता विष्णू शरण रस्तोगी व संचालन संरक्षक अशोक गर्ग ने किया। बैठक में किए गए प्रस्ताव और चुनाव पत्र पर विष्णु शरण रस्तोगी, अशोक गर्ग, योगेश मदान, आशुदत्त शर्मा संरक्षक नगर हिंदू सभा के अस्ताक्षर थे।

## पांचवे दिन स्कंद माता की आराधना

**शाह टाइम्स ,संवाददाता**

**बबराला।** नगर में मंदिरों में देवी की पूजा अर्चना की गई।पण्डित हरेश बाबू शर्मा ने बताया कि नवरात्रि के पांचवें दिन देवी स्कंदमाता की पूजा की जाती है।कहते है की इनकी कृपा दृस्टि से व्यक्ति को विद्या और ज्ञान का वरदान प्राप्त होता है। भगवान स्कन्द देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। भगवान स्कंद माँ की गोद में बालरूप में विराजमान है। इनकी चार भुजाएं हैं और दाए हाथ में माँ पुत्र स्कंद को गोद में पकड़े हुए हैं। माँ के एक हाथ में कमल का फूल तो दूसरे हाथ की भुजा वरमुद्रा में है। कमल के आसन पर विराजमान माँ का रंग सफेद(श्वेत वर्ण) है। कमल पर विराजमान होने के कारण इनका एक नाम पद्मासना भी पड़ा। सिंह इनका वाहन है। ममता का प्रतीक माँ का यह रूप भक्तो को प्रेम का आशीर्वाद देता है। घर पर शाम को देवी के भजन गाये जा रहे हैं।

# लोहिया जी की जयंती पर अखिलेश को सीएम बनाने का संकल्प

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ के कार्यालय पर डा. राम मनोहर लोहिया जी का 116 वें जन्मदिन पर गोष्ठी का आयोजन कर व उनके चित्र पर मालार्पण किया गया। कार्यक्रम में लोहिया जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुऐ सम्भल सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खाँ ने कहा कि डा. राममनोहर लोहिया ने हमेशा किसान मजदूर गरीब नोजवान दलित पिछड़ो अल्पसंख्यकों एवं सभी वर्गो के लोगों को साथ लेकर चलते थे। उन्होंने कभी भी गरीब किसान मजदूर की आवाज को दबने नही दिया। उनकी लड़ाई हमेश लड़ते रहते थे। लोहिया जी ने कहा था कि अगर सड़के वीरान हो जायेगी तो संसद आवारा हो जायेगी। वही आज देश मे हो रहा है हम समाजवादी लोग भी हमेशा डा. राम मनोहर लोहिया जी के आदेशों पर चलकर गरीबों मजदूरों किसानों नोजवानो एवं सभी वर्गों की सेवा कर समाजवादी पार्टी को आगे बढ़ाएंगे। जबकि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता ने एकजुट होकर आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से करने और समाजवादी पार्टी के द्वारा चलाये जा रहे पीडीए चर्चा कार्यक्रम के जरिये गांव गांव जाकर लोगो को जागरूक करने का कार्य करने के साथ सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत कर 2027 में उन्हे मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया, साथ ही पर अस्पतालों में फल वितरित किये गये। आरिफ खाँ रामरहिस यादव वीरेश यादव राजेश यादव गौरव यादव जाहिद खां इमरान खाँ शान कुरैशी फैजान शाही अब्बास खाँ प्रेम यादव सुभाष मोनिस सालिम बाबू खाँ गुलाम मुस्तुफा जबर सिंह यादव आदि लोग शामिल रहे



सम्भल-लोहिया जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता।

# कल्कि भगवान को भेंट किया कल्कि सेना का निमंत्रण पत्र

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** श्री कल्कि सेना (निष्कलंक दल) के 33वें स्थापना दिवस समारोह के निमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया।

प्राचीन कल्कि विष्णु मंदिर में आयोजित विमोचन कार्यक्रम से पूर्व भगवान श्री कल्कि के महामंत्र का 11 बार उच्चारण किया गया।तत्पश्चात संगठन के संरक्षक, राष्ट्रीय अध्यक्ष, पदाधिकारियों, कल्कि सैनिकों व आमंत्रित अतिथियों द्वारा निमंत्रण पत्र का विमोचन किया। साथ ही भगवान श्री कल्कि को प्रथम निमंत्रण पत्र भेंट किया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि आगामी 21 व 22 अप्रैल को संगठन का दो दिवसीय 33 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया जाएगा. इसके लिए निमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम को भव्य व अलौकिक रूप प्रदान करने के लिए निमंत्रण पत्र नगर, जिले, प्रदेश व देश के विभिन्न राज्यों में रह रहे कल्कि भक्तों को भेजे जाएंगे। साथ ही शासन, प्रशासन व अन्य विशिष्ट अतिथियों को निमंत्रण पत्र भेजकर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की जाएगी। संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री गगन वार्ष्णेय ने स्थापना दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया' कि आगामी 21 व 22 अप्रैल को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के प्रथम दिन 24 घंटे का अखंड संकीर्तन एवं द्वितीय दिन भजन संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संबोधन सत्र तत्पश्चात प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए कार्यक्रम की समस्त रूपरेखा तैयार कर ली गई है व कल्कि सैनिकों को व्यवस्थाएं बांट दी गई है। इस दौरान सुभाष त्यागी, सत्येंद्र चौधरी, राजवीर सिंह, श्रृषभ श्रीवास्तव, आशीष गुप्ता, संजू कश्यप, सोनू, वैभव शर्मा, अक्षय शर्मा, सुभाष खन्ना, यश गुप्ता, नवीन सक्सेना,अभिषेक शर्मा, सुषमा गुप्ता, पिंकी ग्रेवाल, अर्चना सक्सेना, उमा शर्मा, आशा शर्मा, पनवाती शर्मा, कुमकुम शर्मा, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. महेंद्र प्रसाद शर्मा व संचालन जिला प्रभारी उज्ज्वल सक्सेना ने किया।



सम्भल- श्रीकल्कि सेना के स्थापना दिवस का निमंत्रण पत्र भगवान कल्कि को भेंट करते।

# पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं पर निर्भर:हरेन्द्र रिंकू

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल गुन्नौर का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान शिविर आयोजित किया गया।

नगर पंचायत गुन्नौर चेयरमैन खुशबू प्रजापति के आवास पर मुख्य वक्ता मंजू दिलेर ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में अपेक्षित श्रेणी मंडल कार्यसमिति के सदस्य,शक्ति केंद्र के संयोजक, शक्ति केंद्र के प्रभारी मंडल में निवास करने वाले जिला, क्षेत्र पदाधिकारी नगर पंचायत चेयरमैन, सभी भाजपा सभासद, मोर्चा के अध्यक्ष, मोर्चा के महामंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी मौजूद हैं। यह सभी भाजपा के कर्णधार है और प्रशिक्षण के ज्ञान का प्रसार करें। सुधीर मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने में सहयोगी हैं। पार्टी की नीतियों और योजनाओं के कारण सभी मजबूती के साथ जुड़ रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह उर्फ रिंकू ने कहा कि भाजपा ने जन जागरण के साथ अयोध्या में पांच सौ वर्ष के संघर्ष के बाद मन्दिर की स्थापना हुई। यह मण्डल प्रशिक्षण है। सभी वक्त बौद्विक क्षमता बढ़ाने को दे रहे हैं। कार्यकर्ता दायित्व प्राप्त पदाधिकारियों को सुने और उनका सम्मान करें। पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओ पर निर्भर है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष दीपक यादव, चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मेन्द्र प्रजापति, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुन्नौर इन्दीवर सिंह, जूलियस सीजर, महीपाल सिंह, विद्याराम पाल, सचिन प्रजापति, राहुल कुमार, शेखर बाल्मीकि, मोनू आदि रहे।



सम्भल- कैलादेवी धाम पर पूजा अर्चना को आयी महिलाओं को जागरूक करती।

### महिलाओं को किया जागरूक

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )**। कैला देवी थाना क्षेत्र के खास कैला देवी धाम मंदिर पर नवरात्र होने के चलते हजारों की संख्या में श्रृद्वालु पूजा अर्चना करने पहुंचे तो वहीं महिलाओं ने भी पूजा अर्चना की जबकि इस दौरान मिशन शक्ति अभियान के तहत मिशन शक्ति टीम प्रभारी आंचल सिद्बू के नेतृत्व में उनकी टीम ने महिलाओं तथा बालिकाओं को मंदिर पर पहुंचकर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी तथा योजनाओं के बारे में अवगत कराया और किसी प्रकार की समस्या होने पर बिना किसी भय के हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करने तथा नजदीकी थाने में संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। वहीं उन्होंने मंदिर पर पूजा अर्चना करने आई बालिकाओं तथा महिलाओं को लेकर निगरानी भी राखी साथ ही सीयूजी नंबर तथा सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया।

# कटघर थाना क्षेत्र में चोरों ने घर से उड़ाया लाखों का माल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है।पीड़ित मोहम्मद शाकिर हुसैन निवासी बरवाला मझरा ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 मार्च की सुबह करीब 5 बजे वह अपने पूरे परिवार के साथ किसी काम से बाहर गए थे। घर पर ताला लगा हुआ था और कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था।

इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मौका पाकर मकान का ताला तोड़ दिया और अंदर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।पीड़ित के अनुसार, चोर घर से सोने के कई कीमती जेवरात लेकर फरार हो गए। चोरी हुए सामान में सोने का गले का हार, कंठी, पेंडिल, झालें, कुंडल, अंगूठी, नथनी समेत अन्य आभूषण शामिल हैं। इसके अलावा चोर घर में रखी करीब 2 लाख 80 हजार रुपये की नकदी भी अपने साथ ले गए।कुल मिलाकर लाखों रुपये की चोरी होने की बात सामने आई है।दोपहर करीब 1 बजे के बाद जब परिवार वापस लौटा तो घर का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था।



घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।स्थानीय लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने की मांग की है।

## अमरोहा गेट इलाकें में खाद्य विभाग का छापा, पनीर-घी के नमूने लिए

**मुरादाबाद।** शहर में मिलावटखोरी पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में सोमवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के अमरोहा गेट इलाके में विभागीय टीम ने छापेमारी अभियान चलाया, जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया।कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सैनी पनीर भंडार पर छापा मारते हुए पनीर और घी के नमूने लिए। अधिकारियों ने बताया कि लिए गए नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही टीम ने कुट्टू के आटे की भी जांच शुरू की है, क्योंकि त्योहारों के दौरान इसकी मांग बढ़ने के चलते मिलावट की आशंका रहती है। अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। छापेमारी के दौरान आसपास के व्यापारियों में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। कई दुकानदार अपनी दुकानों के शटर गिराकर मौके से हटते नजर आए। विभाग की इस कार्रवाई को आम जनता ने सराहा है और इसे मिलावटखोरी पर लगाम लगाने की दिशा में अहम कदम बताया है।खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आगे भी इसी तरह का अभियान जारी रहेगा और मिलावट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की कि यदि उन्हें किसी खाद्य पदार्थ में मिलावट की आशंका हो तो तुरंत विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।



## एक नजर

### मैनाठेर में शादी कार्ड बांटने जा रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत, दो सुरक्षित

**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव लालपुर हमीरपुर के निकट रविवार शाम एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, हादसे के बाद मार्ग पर जाम लग गया। जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब 8:30 बजे संभल के चमन सराय निवासी चार दोस्त समीर, अयान, जीशान व अनस दो मोटरसाइकिलों से अनस के भाई की शादी का कार्ड देने मोती बाग मुरादाबाद जा रहे थे। बताया गया संभल-मुरादाबाद हाईवे स्थित गांव लालपुर हमीरपुर के पास एक ट्रक और कार के बीच से तेज रफ्तार में निकलने के दौरान समीर और अयान की मोटरसाइकिल कार से टकरा गई। हादसा इतनी भीषण था कि मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई जिसमें समीर (22) पुत्र तस्लीम और अयान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार जीशान और अनस सुरक्षित बताये जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई। हालांकि हादसे में शामिल अज्ञात वाहन कोई सुराग नहीं लग सका। वहीं हादसे के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया।

### उर्स मुबारक सूफी गुलजार शाह हसन में उमड़ी अकीदतमंदो की भीड़



**कुंदरकी।** ब्लॉक के निकटवर्ती गांव जैतपुर पट्टी में तीन दिवसीय सालाना उर्स का आगाज ईद की नमाज के बाद हजरत सूफी गुलजार हसन शाह रहमततुल्ला आलेह के विसाली कुल और परचम कुसाई के साथ उर्स का आगाज हुआ जौहर की नमाज के बाद चादर गद्दा नसी साहिबे सज्जादा शाहिद मियां ने पेस की अकीदत मंदो ने चादर पेशी में शिरकत कर आस्ताने गुलजार पर सलामती की दुआएं की रात को 9 बजे माननीय विधायक ठाकुर रामवीर जी ने जैतपुर पट्टी का दौरा कर सज्जादा नशीन शाहिद मियां से मुलाकात की और हजरीन से हर्षो उल्लास के साथ उर्स मनाने के लिए कहा किसी भी तरह की दिक्कतों से निपटने का आश्वासन भी दिया इशा की नमाज के बाद मिलाद और नातिया मुसायरा में शिरकत की शायर आकिल जैतपुरी ने खिराजे अकीदत पेस की तीसरे दिन सोमवार की सुबह 10 बजे कुल शरीफ की रस्म अदायगी की गई इसमें बाहर दूर दराज से आए मेहमान लोगों ने आकर दुआ में शिरकत की साहिबे सज्जादा शाहिद मियां ने मुल्क ओ अमन चौन खुशाहाली के लिए दुआ कराई। इस मौके पर इंतजामिया कमेटी नबाब साहब मतलूब जहागीरी असलम ने दरगाह की खिदमत को अंजाम दिया मोहम्मद याकूब गुलाम मुस्तफा इरफान अली सईद अख्तर सानू ,,समाज सेवी फुरकान अंसारी ,,सराफत ग्राम प्रधान पद प्रत्याशी सरफाराज हुसैन नासिर दरोगा जी ग्राम प्रधान जब्बार हुसैन वाजिद हुसैन इब्राहीम ने इंतजाम उर्स में काम को अंजाम दिया।

### ट्रैक्टर पर हुड़दंग मचाने वाले दबंगों का वीडियो वायरल, पुलिस ने की कार्रवाई वाहन किया सीज

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर पर सवार होकर हुड़दंग मचाने वाले दबंगों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने संबंधित ट्रैक्टर को सीज कर दिया है और आरोपियों की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार मामला रामगंगा विहार क्षेत्र का है, जहां कुछ युवक ट्रैक्टर पर सवार होकर भीड़भाड़ वाली चटोरी गली में पहुंच गए और वहां जमकर हुड़दंग मचाया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर के आगे 'माफिया' लिखकर दबंगई का प्रदर्शन किया जा रहा था, जिससे क्षेत्र में दहशत और अव्यवस्था का माहौल बन गया।

इस दौरान किसी स्थानीय व्यक्ति ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई और मामले का संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्रवाई की।सिविल लाइंस थाना पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। साथ ही वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर इस तरह का हुड़दंग और कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले कृत्य बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है और ऐसे तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस तरह की हरकत करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे, ताकि शहर में शांति और व्यवस्था बनी रहे।




## सुरजननगर के श्री नलो वाले बाबा मंदिर में 25 फीट ऊँची शिव प्रतिमा का भूमि पूजन संपन्न

**सुरजन नगर।** क्षेत्र के आस्था के केंद्र, फीका नदी के समीप स्थित श्री श्री 108 नलो वाले बाबा के मंदिर परिसर में भव्य शिव शंकर की मूर्ति के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। सोमवार को मंदिर परिसर में 25 फीट ऊँची विशाल शिव प्रतिमा की स्थापना हेतु विधि-विधान के साथ भूमि पूजन का आयोजन किया गया। जिसमे ध्धार्मिक अनुष्ठान और मंत्रोच्चारण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भूमि पूजन के अवसर पर भूपेंद्र सिंह,और ग्राम प्रधान पुत्र योगेन्द्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। श्रद्धा के इस पावन कार्य में महेश कुमार, चंद्रवीर सिंह, जितेंद्र कुमार, अभिषेक चौहान और गजेंद्र वर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने भी आहुति दी और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं का मानना है कि इस भव्य प्रतिमा के निर्माण से मंदिर की दिव्यता और बढ़ेगी तथा यह स्थान पर्यटन व आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।



## कुष्ठ रोगी खोजी अभियान का समापन, 47 कुष्ठ रोगियों की पुष्टि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चलाएं जा रहे कुष्ठ रोगी खोजी अभियान का आज समापन हो गया। इस अभियान में मुरादाबाद महानगर के समस्त ब्लॉक एवं शहरी क्षेत्र में 2787 टीमों द्वारा व्यक्तियों का परीक्षण किया गया। इस क्रम में टीम द्वारा घर-घर जाकर ऐसे मरीजों की खोज की गई जिसके शरीर पर त्वचा के रंग से हल्के या गाढे रंग का कोई भी निशान जो की सुन्न हो, जिसमें पसीना ना आता हो, जिसमें खुजली ना आती हो, जिस जगह के बाल गिर गए हो । उनके कार्य के पर्यवेक्षक के लिए 535 सुपरवाइजर को लगाया गया था। जिन्होंने इन टीमों के कार्यों का पर्यवेक्षण किया। 14 दिन के कार्यक्रम के दौरान जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ भास्कर अग्रवाल एवं जिला नाभिक टीम के रामानंद बाजपेई एवं विनोद कुमार पाल द्वारा विभिन्न ब्लाकों एवं मुरादाबाद शहरी क्षेत्र में टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ भास्कर अग्रवाल ने बताया कि पूरे अभियान में टीमों द्वारा 3409933 व्यक्तियों की जांच की गई जिसमें से 1318 संभावित रोगियों की खोज की गई। ऐसे संभावित मरीजों को पर्ची देकर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा गया है जहां उनकी जांच की जाएगी और कुष्ठ रोग की पुष्टि होने पर उनका उपचार आरंभ किया जाएगा। इस प्रक्रिया में अब तक जनपद मुरादाबाद में 47 कुष्ठ रोगियों की पुष्टि हो चुकी है। इसमें ठाकुरद्वारा में 6, बिलारी में 3, काठं में 7, मूढ़ापांडे में 7, भोजपुर में 7, डिलारी में 6 ताजपुर में 4, कुंदरकी में 3 एवं मुरादाबाद शहरी क्षेत्र में 4 कुष्ठ रोगी की पुष्टि हुई है। इन 47 रोगियों में 13 का उपचार 6 महीने किया जाएगा, एवं 34 का उपचार 1 साल का चलेगा।टीम द्वारा ऐसे घरों में जहां पर सभी लोगों की जांच नहीं हो पाई है वहां अभियान के 14 वे दिन आज दोबारा भ्रमण किया गया एवं पहले अनुपस्थित पाए गए लोगों का परीक्षण किया गया।

नगरीय क्षेत्र की टीमों का निरीक्षण समय-समय पर डॉ नितिन यादव द्वारा भी किया गया।



## लोहिया ने कहा था जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करतीं : जयवीर यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद, जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय में सोमवार को प्रख्यात समाजवादी विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर सपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राम मनोहर लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके विचारों को याद किया। सभा को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि डॉ. लोहिया ने हमेशा कमजोर और शोषित लोगों की आवाज को बुलंद किया और उनकी समस्याओं को संसद तक पहुंचाने का कार्य किया। डॉ. लोहिया ने कहा था, षजिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करतीं।ष उन्होंने अपना पूरा जीवन समाजवाद और राष्ट्रहित को समर्पित कर दिया। उनकी प्रखर देशभक्ति और तेजस्वी विचारधारा ने उन्हें उनके विरोधियों के बीच भी सम्मान दिलाया और शासन की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला महासचिव फुरकान अली ने कहा कि आज के दौर में जब समाज कई प्रकार की विषमताओं से जूझ रहा है, तब लोहिया जी की सप्त क्रांति हमें एक नई दिशा देती है।

उन्होंने अपील की कि इन विचारों को अपने जीवन में अपनाकर ही हम सच्चे मायनों में उन्हें श्रद्धांजलि दे सकते हैं। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव जिला महासचिव फुरकान अली, लाखन सिंह सैनी, प्रेम बाबू वाल्मीकि, प्रदीप यादव, बालकिशन शर्मा, वेद प्रकाश सैनी, शंकर लाल सैनी, राकेश राठी, राजू यादव,आशाकर पाशा, जिगरी मलिक,राम सिंह आर्य, संजीव चौधरी, अक्षय भटनागर, मौ. महमूद,धर्मेन्द्र यादव,मोहन यादव आदि मौजूद रहे।




## मुरादाबाद-संभल मार्ग पर बेकाबू कार ने दर्जनभर लोगों को रौंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना मैनाठेर डींगरपुर-पाकवाड़ा मार्ग पर रविवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक तेज रफ्तार और बेकाबू कार ने सड़क किनारे चल रहे लोगों पर कहर बरपा दिया। देखते ही देखते चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद लोग सहम उठे और मार्ग पर चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार यह घटना गांव जटपुरा के निकट हुई जहां एक कार चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे पैदल चल रहे लोगों तथा बाइक सवारों को एक के बाद एक टक्कर मारते हुए करीब दर्जनभर लोगों को रौंद डाला। बताते हैं हादसे में ट्यूशन पढ़ने जा रही एक मासूम बच्ची भी कार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार की रफ्तार काफी तेज थी और चालक कार पर नियंत्रण नहीं रख पाया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई लोग उछलकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद वहां मौजूद राहगीरों ने घायलों को सड़क से हटाकर पास के स्थान पर पहुंचाया और अस्पताल भिजवाया। बताया जा रहा है कि इस भीषण हादसे में करीब दर्जनभर लोग घायल हुए हैं जिनमें कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों का इलाज निजी अस्पतालों में जारी है। वहीं घटना की पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।




## सेनानी भवन में युवाओं के साथ मनाया गया बलिदान दिवस, क्रांतिकारियों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वन्दे भारत (संस्कार संस्कृति संवाहक) के तत्वावधान में सोमवार को सेनानी भवन में बलिदान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में चित्रगुप्त कॉलेज के युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत माहौल बना दिया।कार्यक्रम का आयोजन डॉ. नवनीत गोस्वामी के कुशल नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर छात्र प्रिंस और ध्रुव ने अपने कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के आकर्षक चित्र बनाकर उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। इसके बाद तीनों महान क्रांतिकारियों की प्रतिमाओं पर अंगवस्त्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल हरि गुप्ता ने की, जबकि संचालन शुभम त्यागी द्वारा किया गया। इस मौके पर वन्दे भारत के राष्ट्रीय सहसंयोजक एवं मुख्य वक्ता धवल दीक्षित ने बलिदान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 23 मार्च को पूरा देश उन महान वीर सपूतों को याद करता है, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

उन्होंने कहा कि बलिदान दिवस केवल भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्होंने अपने त्याग और बलिदान से देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह दिन हमें उनकी वीरता, साहस और देशभक्ति की भावना को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। मुख्य वक्ता ने युवाओं से आह्वान किया कि वे देशहित में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें और एक सशक्त एवं समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम के अंत में राजीव पाठक ने सभी युवाओं एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



## फिजिक्सवाला लिमिटेड (पीडब्ल्यू) ने किया टिमिट के 4 विद्यार्थियों का शानदार पैकेज पर चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बडे हर्ष का विषय है कि टिमिट में फाईनल ईयर के विद्यार्थियों के लिये देश की प्रतिष्ठित एड-टेक कम्पनी फिजिक्सवाला लिमिटेड (पीडब्ल्यू) ने रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया। कम्पनी की ओर से सीनियर एचआर मैनेजर व टीम ने कम्पनी व जॉब के बारें में सम्पूर्ण जानकारी वर्चुअल प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी और विद्यार्थियों की जॉब सम्बन्धित जिज्ञासाओं का समाधान दिया। सभी विद्यार्थियों के ग्रुप डिस्कशन व पर्सनल इन्टरव्यू लिये गये। सभी कठिन चयन प्रक्रियाओं के बाद टिमिट के एमबीए के अनन्या बजाज, कृति जैन, पुलकित, तनिष्का जैन को अंतिम रूप से चयनित कर नोएडा में ज्वाइनिंग प्रदान की गायी। छात्रों ने इस उपलब्धि का श्रेय टिमिट के सर्वोत्तम स्लेबस, प्रैक्टिकल ज्ञानपरख शिक्षा व सवोत्तम फेकल्टिज के साथ प्लेसमेंट सेल की उत्तम क्रिया प्रणाली को प्रदान किया और कहा कि टिमिट से शिक्षा ग्रहण करने के साथ उनके सपनों की मंजिल मिल गई है इस अवसर पर टिमिट के डीन-फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्रों की सफलता हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। टिमिट में हम छात्रों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार कौशल भी प्रदान करते हैं। एमबीए जैसे पाठ्यक्रमों में आपने जो मेहनत की है, उसका परिणाम आज आपके सफल करियर के रूप में सामने है। आपकी नौकरी लगने की खबर न केवल आपके लिए बल्कि पूरे टिमिट परिवार के लिए गर्व का विषय है। हम आशा करते हैं कि आप अपने नए करियर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और हमेशा आगे बढ़ते रहेंगे। टिमिट परिवार की ओर से आपको ढेरों शुभकामनाएं और भविष्य के लिए हार्दिक बधाई। इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के डायरेक्टर अरुण कुमार व डिप्टी डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर ने चयन प्रक्रिया में शामिल फिजिक्सवाला लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि टिमिट हमेशा अपने छात्रों को उद्योग की मांगों के अनुसार प्रशिक्षित करने में अग्रणी रहा है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने कार्यस्थल पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और अपने संस्थान का नाम रोशन करें।



अनन्या बजाज | कृति जैन | पुलकित | तनिष्का जैन

## कुत्तों के काटने पर 102 लोगों ने लगवाए इंजेक्शन

### नगर व आस-पास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक

**कुंदरकी।** नगर व आस-पास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। कुत्तों के काटने और हमलों की घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है, जिसके चलते सोमवार को कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में घायलों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार करीब 102 लोगों को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए गए। बताया गया कि ईद और रविवार की छुट्टी के चलते अस्पताल में नियमित सेवाएं प्रभावित रहीं, जिससे कुत्तों के हमले में घायल हुए सैकड़ों मरीजों को दो दिन तक इंतजार करना पड़ा। सोमवार को जैसे ही अस्पताल खुला, सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें लग गईं। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी वर्ग के लोग उपचार के लिए पहुंचे। अस्पताल परिसर में भीड़ अधिक होने के कारण मरीजों को घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ा। कई लोगों ने अव्यवस्था और देरी को लेकर नाराजगी भी जताई। मरीजों का कहना था कि समय पर इलाज न मिलने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में छुट्टियों के दौरान भी वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। डॉक्टरों ने बताया कि कुत्ते के काटने पर तुरंत प्राथमिक उपचार और समय पर एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगवाना बेहद जरूरी होता है। लापरवाही बरतने पर जानलेवा संक्रमण का खतरा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण करने और नगर में नियमित अभियान चलाने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे हाई स्कूल के अंक पत्र में त्रुटिवश मेरे नाम की स्पेलिंग (SHAGUFTA KHANAN) लिखी गई है, जोकि गलत हैं, जबकि मेरे नाम की सही स्पेलिंग **(SHAGUFTA KHANAM)** हैं, जोकि सही है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचान जाए। शगुफ्ता खानम पत्नी श्री अकील अहमद निवासी सी 62, जिगर कॉलोनी, थाना सिविल लाइंस, जिला मुरादाबाद। मोबाइल नंबर-9415528648

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र मयंक श्रीवास्तव व पुत्रवधू श्रीमती कीर्ति पत्नी अनिल कुमार, पुत्री सुनील कुमार को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **अनिल कुमार पुत्र नरोत्तम प्रसाद** निवासी: ए-44 कुंवर एन्कलेव दैनिक जागरण के पास रामगंगा विहार फेस 2, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

मैं अपनी पुत्री नेहा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में नेहा के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेन-देन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **नन्हूं उर्फ नन्नू पुत्र बसंता निवासी ग्राम मानपुर मुजफ्फरपुर पोस्ट भगवानपुर जिला मुरादाबाद।**

# लोकोशेड पुल के पास रोडवेज बस ने बाइक सवार युवकों को रौंदा, एक की मौत, दूसरा घायल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में रोडवेज बस ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जानक. ारी के अनुसार हादसा लोकोशेड पुल के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार फरदीन की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक फरदीन थाना गलशहीद क्षेत्र के ईदगाह का रहने वाला था और पेशे से पॉलिश का काम करता था। वहीं उसके साथ बाइक पर सवार मुकर्रम, जो थाना कटघर क्षेत्र के मकबरा का निवासी है, गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि दोनों दोस्त हर्बल पार्क से अपने घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद आरोपी बस चालक मौके से बस लेकर फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायल मुकर्रम को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है और उन्होंने प्रशासन से सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की मांग की है।

## आवारा कुत्तों का आतंक: मासूम सहित 17 लोग घायल, सीएचसी में लगा एंटी रैबीज टीका

**ठाकुरद्वारा।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों, बंदरों और बिल्लियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थिति यह है कि लोग घर से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग इस समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने में नाकाम साबित हो रहा है। आवारा पशुओं के हमलों के चलते आए दिन लोग घायल हो रहे हैं। कई बार तो लोग इनके डर से भागते समय गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं। सोमवार को नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में कुल 17 लोगों को कुत्ते, बंदर और बिल्ली के काटने के बाद उपचार के लिए लाया गया, जिनमें छोटे बच्चे भी शामिल हैं। सभी घायलों को चिकित्सकों द्वारा एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया गया। घायलों में डिलारी निवासी 46 वर्षीय अशोक कुमार और फरीदनगर निवासी 50 वर्षीय अली मोबीन सहित अन्य लोग शामिल हैं, जिन्हें उपचार के बाद घर भेज दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहल्लों और बाजारों में आवारा कुत्तों और बंदरों के झुंड खुलेआम घूमते रहते हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द इन पर नियंत्रण के लिए अभियान चलाने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# कालेज संचालक ने राजस्व टीम पर सत्ता पक्ष के दबाब और हठधर्मी से भूमि की पैमाइश करने लगाया आरोप

**ठाकुरद्वारा।** नगर स्थित कैलेंडर वाली मस्जिद के निकट स्थित ऑक्सफोर्ड वीर अब्दुल हमीद इण्टर कालेज परिसर मे सोमवार को राजस्व विभाग टीम व नगर पालिका की टीम ने सोमवार को ग्राम समाज के तालाब की भूमि की पैमाईश की, घंटों चली पैमाईश के बाद टीम ने कॉलेज परिसर मे तालाब की भूमि होने का दावा किया तो वहीं कॉलेज संचालक ने इसे सत्ता पक्ष के दबाव मे गलत कार्यवाही बताते हुए उच्चस्तरीय शिकायत किए जाने की बात करते हुए पैमाईश पर आपत्ति जताई है। कॉलेज संचालक हाजी भूरे हुसैन अंसारी ने पैमाईश करने पहुंची टीम पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त प्रकरण माननीय न्यायालय मे विचाराधीन है जिसमे मुकदमा संख्या 183/2022 का संज्ञान लेते हुए माननीय न्यायालय ने यथास्थिति बनाए रखने के आदेश जारी किए हैं,लेकिन उस सब को अनदेखा करते हुए राजस्व विभाग व नगर पालिका की टीम ने हठधर्मी दिखाते हुए उक्त भूमि की पैमाईश की है।उन्होंने दावा किया कि उक्त भूमि के संबंध मे कॉलेज प्रबंधक जहरा खातून द्वारा बनाम तहसीलदार मुकदमा संख्या 209/2022 व 183/2022 अकील बनाम हरकेश जिसमें सिविल कोर्ट द्वारा यथास्थिति के आदेश दिए गए हैं, तथा 27/2026 हाजी भूरे हुसैन बनाम चंद्रपाल व नगर पालिका आदि को पार्टी बनाया गया है। कॉलेज संचालक हाजी भूरे हुसैन अंसारी का आरोप है कि उनके माननीय न्यायालय की शरण मे होते हुए भी हठधर्मी दिखाते हुए राजस्व विभाग व नगर पालिका की टीम ने सत्ता पक्ष के एक नेता व कुछ प्रभावी लोग के दवाब मे मनमर्जी की पैमाईश की है। उन्होंने कहा कि वह इस प्रकरण की उच्चस्तरीय शिकायत करेंगे। वहीं मौके पर पहुंची टीम का कहना है कि अभिलेखों मे गाटा संख्या 446 पर ग्राम समाज के तालाब के रूप मे 0. 1740 हैक्टेयर भूमि अंकित है,जो पैमाईश के दौरान उक्त कॉलेज परिसर मे होना पाया गया है,संबंधित अधिकारियों को इसकी रिपोर्ट सौंप दी जाएगी यदि कॉलेज संचालक को कोई आपत्ति है तो उच्चाधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराकर दोबारा पैमाईश करा सकते हैं। बता दें कि ग्राम समाज के तालाब उक्त भूमि को लेकर पिछले कई वर्षों से कॉलेज संचालक व उनके पड़ोसी परिवार के बीच विवाद चल रहा है,जिसे लेकर कॉलेज संचालक तो पड़ोसी की जमीन मे तालाब की भूमि होने का दावा करते हैं लेकिन पड़ोसी परिवार उनके कॉलेज परिसर मे तालाब की भूमि होने का दावा करते हैं।कुल मिलाकर तालाब की भूमि सरकारी अभिलेखों मे तो दर्ज है लेकिन मौके पर तालाब की भूमि नदारद है अब देखना होगा कि प्रकरण मे क्या नतीजा निकलता है। जांच के दौरान नगरपालिका अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह, लेखपाल सिंह हिमांशु सिंह , मनोज कुमार व नगरपालिका सफाई कर्मचारी शामिल रहे।

## एक नजर

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक, एंटी रोमियो टीम रही सक्रिय



**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन को बढ़ावा देने हेतु चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के तहत पुलिसकर्मियों ने चौपाल लगाकर बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए जानकारी दी गई तथा उन्हें सुरक्षित और सशक्त वातावरण प्रदान करने का संदेश दिया गया।

एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण कर पम्पलेट वितरित किए। कार्यक्रम में महिलाओं को वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181, एम्बुलेंस सेवा 108, स्वास्थ्य सेवा 102 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। मोबाइल पैनिक बटन के उपयोग का डेमो भी दिया गया।

### संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने सुनीं जनसमस्याएं




**चन्दौसी।** सोमवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना। मौसम नम होने के बावजूद भी बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और दोपहर तक लंबी कतार लगी रही। समाधान दिवस में विभिन्न प्रकार की शिकायतें सामने आईं। मौलागढ़ निवासी नत्थू सैनी ने नाले को अतिक्रमण मुक्त कर सफाई कराने की मांग की। वहीं कैथल की वीरवती ने आरोप लगाया कि उसके पति को नशा कराकर पैतृक भूमि का बैनामा कराया गया, जिसे निरस्त कराने की गुहार लगाई। गुमथल निवासी नानकचंद ने राशन कार्ड बनवाने की मांग रखी। मझोला निवासी विशाल दिवाकर ने गांव में ग्राम सभा की भूमि पर दबंगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत की। इसी तरह सैंजनी गांव के सुरेशचंद्र ने खरीदी गई भूमि पर कब्जा न मिलने की समस्या उठाई। पुरा गांव के एक अन्य फरियादी विशाल दिवाकर ने भूमाफिया व हिस्ट्रीशीटर द्वारा कब्जा हटवाने की मांग की।

इसके अलावा चन्दौसी के उद्योगपति गिरीश मामा ने कुछ लोगों द्वारा उत्पीड़न किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। पक्का कटरा निवासी सरकारी ठेकेदार पी.के. सक्सेना ने भी अपनी समस्या अधिकारियों के समक्ष रखी। समाधान दिवस में कुल 68 शिकायत दर्ज हुईं जिनमें से 08 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि अन्य को संबंधित विभागों को जांच एवं कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एडीएम प्रदीप वर्मा, सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, सीएमओ, उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, तहसीलदार रवि सोनकर, ईओ धर्मराज राम, सीओ दीपक तिवारी, अपराध निरीक्षक विनीत कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हरिहर मंदिर/जामा मस्जिद विवाद: सिमरन गुप्ता के पक्षकार बनने की मांग पर आज न्यायालय में सुनवाई

**चन्दौसी।** बहुचर्चित हरिहर मंदिर/जामा मस्जिद संभल विवाद में एक नया मोड़ सामने आया है। हिंदू नेता सिमरन गुप्ता द्वारा मामले में स्वयं को पक्षकार बनाए जाने की मांग की गई है। इस संबंध में दाखिल प्रार्थना पत्र पर मंगलवार 24 मार्च को जनपद न्यायालय में सुनवाई निर्धारित की गई है।

हिंदू पक्ष के अधिवक्ता रमेश बाबू शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सिमरन गुप्ता की ओर से न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर मामले में पक्षकार बनाए जाने का अनुरोध किया गया है। उनका कहना है कि इस विवाद से जुड़े विभिन्न पक्षों की सुनवाई के बीच सिमरन गुप्ता भी अपना पक्ष रखना चाहते हैं, जिसके लिए यह आवेदन किया गया है।

### मक्का की फसल में दवा डालकर हानि पहुंचाने का आरोप

**चन्दौसी।** तहसील चंदौसी अंतर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ के गांव दियौरा खास निवासी किसान रामनिवास पुत्र मेहरबान की चार बीघा मक्का की खेत में खड़ी फसल झुलस गई। किसान का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति की फसल को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार की रात दवा का छिड़काव किया गया है। किसान रामनिवास निवासी दियौरा खास द्वारा अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कुढफतेहगढ़ थाने में तहरीर दी गई है।

### तहसील समाधान दिवस में आई 46 शिकायतों में चार का मौके पर निस्तारण

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक आज सोमवार को तहसील समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम संतदास पवार की अध्यक्षता में किया गया जिसमें 46 लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई इनमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया बाकी शिकायतों के निस्तारण के एसडीएम ने एक सप्ताह में किए जाने के निर्देश दिए। वैसे तो तहसील समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को होता है लेकिन शनिवार और रविवार का अवकाश होने के कारण इसका आयोजन आज सोमवार को किया गया पहले से जानकारी न होने के कारण भी चार दर्जन के करीब लोग अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए पहुंच गए जिन्होंने राजस्व विकास विद्युत लोक निर्माण विभाग नहर गन्ना आदि से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। समाधान दिवस में बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रभारी निरीक्षक छजलेट सहायक विकास अधिकारी पंचायत सहायक वन संरक्षक मुरादाबाद उप निबंधन कांठ और सहायक अभियंता जल निगम मुरादाबाद गैर हाजिर रहे। इनकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई है समाधान दिवस में तहसीलदार राजकुमार सिंह नायब तहसीलदार योगेश शर्मा आदि ने लोगों की शिकायतों को सुना।



### परिषदीय विद्यालयों की विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**ठाकुरद्वारा।** सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र ठाकुरद्वारा पर खंड शिक्षा अधिकारी ठाकुरद्वारा मनोज कुमार बॉस के मार्गदर्शन में परिषदीय विद्यालयों की विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। प्रशिक्षण में संदर्भदाता राकेश कुमार सिंह तथा प्रदीप कुमार बरोलिया द्वारा प्रतिभागियों को अवगत कराया गया कि परिषदीय विद्यालयों की वर्तमान प्रबंध समिति का कार्यकाल 31 मार्च 2026 को समाप्त हो रहा है।नए शैक्षिक सत्र से पूर्व विद्यालयों में नई प्रबंध समिति का गठन किया जाना है ताकि नई प्रबंध समिति प्रथम दिन से कार्य कर सके।पीयूष कुमार प्रशांत द्वारा बताया गया कि प्रबंध समिति में कुल 15 सदस्य होते हैं जिसमें चार नामित तथा 11 अभिभावक सदस्य होते है। प्रशिक्षण में चंद्रवीर सिंह,नरेंद्र सिंह,सतेंद्र कुमार,आशीष कुमार,संजय कुमार,रवि कुमार,भूरे खान,मनोज कुमार,विनीता चौधरी,अंजलि सिंह,कंचन,रजनी, यशिका, श्वेता, रिंकी, गीता, लक्ष्मी आदि शिक्षक व सदस्य उपस्थित रहे।

## द्वादश ज्योर्तिलिंगम पांच दिवसीय शिव मेले का समापन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय द्वादश ज्योर्तिलिंगम शिव मेले का आज समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू ने मेले की तारीफ की और कहा की मेले के द्वारा जो आत्मा और परमात्मा से संबंधित जानकारी उन्हें मिली है वह काबिले तारीफ है इस दौरान राजनीतिक सेवा प्रभाव सम्मेलन में बताए गए ज्ञान दर्शन के बारे में उन्होंने कहा कि राज योगी शरद जी द्वारा जो जानकारी उन्होंने दी है उससे नगर के लोगों को काफी लाभ पहुंचेगा इस दौरान मुकेश महेश्वरी और अन्य लोगों ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन किए जाने से समाज को अध्यात्म के बारे में जानकारी मिलती है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में तनवीर आलम पंकज भदौरिया चौधरी विक्रांत सिंह अशोक कुमार विश्नोई चौधरी हुकम सिंह विनीत बिश्नोई अशोक कुमार पेली बिश्नोई महेश गुप्ता जी सोमबीर सिंह सहित काफी संख्या में महिला और पुरुष मौजूद रहे।




## रास्ते में रोक कर मारपीट करने और तमंचे से फायर करने के आरोप में पुलिस ने किया छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** रास्ते में गाड़ी रोक कर मारपीट करने और तमंचे से फायर करने के आरोप में पुलिस ने 6 के खिलाफ मामला दर्ज किया है थाना छजलैट के गांव बैरमपुर निवासी शोहित पुत्र कमल सिंह का कहना था कि 19 मार्च को उसके भाई हैप्पी चौधरी की पत्नी की डिलिवरी हुई थी 20 मार्च को शाम करीब 5:00 बजे हैप्पी चौधरी अगवानपुर से घर का सामान लेकर अपनी कार से वापस आ रहा था गांव के पास यादराम इंटर कॉलेज के करीब घात लगाकर खड़े सुजानपुर की मंडया थाना छजलैट के शुभम पुत्र नरेंद्र हर्ष पुत्र नरेंद्र अर्पित पुत्र आजाद वीर विशाल पुत्र राजवीर निशांत पुत्र कर्मवीर तथा ग्राम कुई के भास्कर पुत्र नामालूम ने उसे रोक लिया और लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी आरोप है कि हर्ष ने हैप्पी चौधरी के सर में तमंचे की बट मारी और निशांत ने तमंचे से फायर कर दिया जो उसके लगने से बार-बार बच गया शोर सुनकर गांव वाले उस और दौड़े तो सभी लोग आइंदा जान से मारने की धमकी देकर भाग गए हैप्पी के शरीर में काफी चोट आई वह उसे लेकर थाने पहुंचा और तहरीर दी पुलिस ने सभी छह आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## विधायक ने ईद की मुबारकबाद के साथ सुनी जनता की समस्याएं



**कांठ ( शाह टाइम्स )** विधायक कमाल अख्तर ने कांठ में सपा कार्यालय पर क्षेत्र के नागरिकों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस से मुलाकात की और उन्हें ईद की मुबारकबाद दी, उन्होंने सभी से गले मिलकर आपसी भाईचारे, सामा. जिक सौहार्द और एकता का संदेश दिया कहा कि समाजवादी विचारधारा हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और कमजोर वर्ग के सम्मान एवं अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। वर्तमान समय में समाज को बांटने वाली ताकतों के बीच आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भाव को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है, और इसी भावना के साथ वे लगातार क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में शामिल होकर उनकी आवाज को मजबूती देने का कार्य कर रहे हैं, उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने का आश्वासन दिया, और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को और गति देने की बात कही। इस मौके पर विक्रम सिंह यादव आरिफ मलिक, फुरकान अली, अमजद अली, अतिकुर रहमान, अंजार अली, मुजाहिद अली, अनवर नेताजी, दानिश चौधरी, भूरे खान, आबिद हुसैन, हाजी रशीद, आदि लोग मौजूद रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैसर्स गंगवार इण्टरप्राइजेज, मैन रोड मिलक, जिला-रामपुर (यू0पी0) पंजीकरण सं0- एम0बी0डी0-2290 में दो पार्टनर श्री महेन्द्र पाल गंगवार एवं प्रभाकर मिश्रा थे। पार्टनर श्री प्रभाकर मिश्रा ने दिनांक 23.03.2026 को रिटायरमेन्ट लेकर अपनी साझीदार समाप्त कर ली है। फर्म में दिनांक 23.03.2026 को श्री रूप चन्द शामिल हो गये हैं। रिटायरमेंट लेने वाले पार्टनर की उक्त फर्म पर अब कोई लेनदारी/ देनदारी नहीं है। फर्म में अब दो पार्टनर श्री महेन्द्र पाल गंगवार एवं रूप चन्द हैं।

**भवदीय ( महेन्द्र पाल गंगवार )**
**पार्टनर, मैसर्स गंगवार इण्टरप्राइजेज, मैन रोड मिलक, जिला- रामपुर, उ०प्र०।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भावी ट्रांसपोर्ट की बिल्डिंग खाली कराने पहुंचा प्रशासन

## न्यायालय के आदेश पर प्रशासन ने कराई बिल्डिंग खाली, विरोध के बीच समझौते से सुलझा मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर में लंबे समय से चल रहे संपत्ति विवाद के तहत सोमवार को प्रशासन ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में भावी ट्रांसपोर्ट की बिल्डिंग को खाली कराने की कार्रवाई की। दो वर्ष से चले आ रहे इस विवाद को लेकर पहले भी तत्कालीन इंस्पेक्टर सत्येन्द्र पंवार के कार्यकाल में कब्जा हटाया गया था, लेकिन बाद में पुन: कब्जा कर निर्माण कार्य करा लिया गया था। बताया गया कि पी.के. सक्सेना व गिरीश अग्रवाल का दावा है कि उन्होंने यह संपत्ति विधिवत खरीदी है। पूर्व में जब कार्रवाई हुई थी, तब भवन स्वामी का नाम भी बिल्डिंग पर अंकित था और बुल्डोजर की सहायता से जर्जर हिस्से को ध्वस्त किया गया था। उस दौरान कुछ लोग वहां से हट गए थे, लेकिन प्रशांत शर्मा का परिवार वहीं रह रहा था, जिन्हें तत्कालीन जिलाधिकारी ने सहानुभूति दी थी। मामला न्यायालय पहुंचा, जहां निर्णय पी.के. सक्सेना व गिरीश अग्रवाल के पक्ष में आया। इसी के अनुपालन में 24 मार्च को भावी ट्रांसपोर्ट की बिल्डिंग खाली कराने की योजना थी लेकिन समाधान दिवस के चलते तिथि में बदलाव किया गया। सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की मौजूदगी में प्रशासनिक टीम, नामित मजिस्ट्रेट और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और भवन खाली कराने की प्रक्रिया शुरू की। इस दौरान भवन में रह रहे लोगों ने विरोध किया। कुछ महिलाएं छत पर चढ़ गईं और बच्चों के रोने से माहौल भावुक हो गया। दोनों ओर से आवागमन भी रोक दिया गया। तहसीलदार व नायब तहस. ीलदार ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं से स्वामित्व संबंधी कागजात मांगे, वहीं प्रशांत पक्ष के अधिवक्ता ने भी अपनी दलीलें रखीं। स्थिति को देखते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष बनवारी लाल पाठक ने मध्यस्थता की। उनके प्रयासों से दोनों पक्ष न्यायालय के आदेश को मानने पर सहमत हो गए। इसके बाद देर शाम तक भावी ट्रांसपोर्ट की बिल्डिंग को खाली करा लिया गया। मौके पर इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर, अपराध निरीक्षक विनीत कुमार, एसआई अमरपाल सहित महिला पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन ने पूरे घटनाक्रम को सूझबूझ के साथ शांतिपूर्वक संपन्न कराया।



## 25 मार्च 2026 तक किसान अपने गन्ने की आपूर्ति अनिवार्य रूप से कर दे: टीएस यादव

**ठाकुरद्वारा।** त्रिवेणी इन्जीनियरिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लि०, शुगर यूनिट-रानीनांगल के महाप्रबंधक (गन्ना ) टी0एस0 यादव और उपाध्यक्ष वी0 वेंकटरथनम् ने सोमवार को सभी किसान से अपील करते हुए कहा कि त्रिवेणी चीनी मिल, रानीनांगल गन्ने की कमी के कारण प्रतिदिन नो केन में बंद हो रही है तथा क्षेत्र में पेराई योग्य गन्ना लगभग समाप्त हो चुका है। चीनी मिल बन्दी के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित गन्ना समितियों को अन्तिम मिल बन्दी नोटिस प्रेषित किये जा चुके हैं। अत: सभी कृषकगण अपना आपूर्ति योग्य गन्ना 25.03.2026 तक चीनी मिल में अनिवार्य रूप से आपूर्ति कर दें। 25. 03.2026 के पश्चात् आपूर्ति योग्य गन्ना समाप्त होने की स्थिति में चीनी मिल पेराई सत्र 2025-26 हेतु अन्तिम रूप से बन्द कर दी जायेगी।

# गंगा जमुनी तहजीब बनाए रखने के लिए मुस्लिम राष्ट्र मंत्र की ओर से भव्य होली एवं ईद मिलन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** मुस्लिम राष्ट्र मंच की ओर से सोमवार को नगर के नगलिया मार्ग पर काशीराम कॉलोनी के सामने स्थित न्यू एंजल एकेडमी होली एवं ईद मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तुषारकांत हिंदुस्तानी राष्ट्रीय सहसंयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच और भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन कुमार विनय ने किया। कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को होली एवं ईद की शुभकामनाएं और बधाइयां दीं।इस दौरान मुख्य अतिथियों ने सभी त्योहारों को मिलजुल कर मानने और ठाकुरद्वारा की गंगा जमुनी तहजीब बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर जलपान की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेरठ प्रांत के सह संयोजक डॉक्टर आफताब हाशमी , राष्ट्रीय सह संयोजक तुषार कांत हिंदुस्तानी, उत्तराखंड अल्पसंख्यक मोर्चे के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन,हाजी मुख्तार सैफी,जरिफ मलिक, ने भी अपने विचार रखें। इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजद रहे। जिसमें पूर्व शरीफ नगर के प्रधान इलियास अंसारी, इकराम कुरैशी साईक पठान, सलीम सैफी, अनवर, जाहिद ,आबिद, राजकमल प्रजापति आदि उपस्थित रहे।



# बारिश से तबाह हुई गेहूं की फसल, मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में हाल ही में आई तेज आंधी और बेमौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। गेहूं और लाही की फसलें खेतों में ही गिरकर बर्बाद हो गईं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

सोमवार को ब्लॉक परिसर में आयोजित भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की पंचायत में किसानों का दर्द खुलकर सामने आया। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष धनेंद्रशर्मा व तहसील अध्यक्ष राजेंद्रचौधरी के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए कहा कि तैयार खड़ी गेहूं की फसल आंधी-बारिश के चलते जमीन पर गिर गई, जिससे उत्पादन पर गंभीर असर पड़ेगा। कई किसानों की पूरी फसल खराब हो चुकी है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पंचायत में किसानों ने प्रशासन से मांग की कि प्रभावित गांवों में तत्काल सर्वे कराया जाए और नुकसान का सही आकलन कर शीघ्र मुआवजा दिया जाए। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते राहत नहीं मिली तो उनकी आजीविका पर गहरा असर पड़ेगा। इसके साथ ही किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। पंचायत में बड़ी संख्या में किसानों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की और सरकार से जल्द राहत की उम्मीद जताई।

प्रदर्शन में सुमित चौहान, हरीराज सिंह, राजपाल सिंह ,अनूप सिंह, उदयपाल सिंह,सुधीर कुमार, मास्टरहरकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## बाइक फिसलने से युवक घायल, राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल

**ठाकुरद्वारा।** करनपुर मार्ग पर एक युवक की बाइक अचानक फिसल जाने से वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सतेंद्र शर्मा पुत्र श्री चंद्र देव शर्मा निवासी रुद्रपुर मलकपुर सेमली दवाई लेकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रुद्रपुर के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में सतेंद्र शर्मा को चोटें आईं और वह सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत मानवता का परिचय देते हुए घायल को संभाला और प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। लोगों ने प्रशासन से सड़क की मरम्मत कराने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शौर्य-2026 का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में विद्यार्थी वर्ग के एनुअल स्पोर्ट्स मीट "शौर्य-2026" का शुभारंभ प्रतिकुलाधिपति श्री अभिनव कोठीवाल और कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। प्रतिकुलाधिपति श्री कोठीवाल ने कहा कि सभी विद्यार्थी खेल की भावना से खेलें और अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन करें। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई को अपनी पहली प्राथमिकता देते हुए खेल को भी अपने जीवन में स्थान दें, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, चेस, कैरम, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, लांग जंप, हाई जंप, रेस, कबड्डी, खो-खो आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जो कि 30 मार्च तक चलेंगी। सोमवार को क्रिकेट के मैच में स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजी. नियरिंग की संयुक्त टीम ने स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की टीम को हराकर जीत दर्ज की।



# मुख्यमंत्री ने पेश किया आर्थिक लेखा-जोखा

**पिछले साल के मुकाबले 9.42 प्रतिशत ज्यादा है, प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर लगभग 5,31,610 रुपये रहने का अनुमान है, जो राष्ट्रीय औसत से करीब ढाई गुना अधिक है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश किया। मुख्यमंत्री ने इसे सदन के पटल पर रखते हुए कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण राजधानी की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, मजबूत बुनियादी ढांचे और जनकल्याणकारी नीतियों का स्पष्ट प्रमाण है।

दिल्ली सरकार का लक्ष्य राजधानी को एक विश्वस्तरीय, समावेशी, न्यायसंगत और रहने योग्य शहर बनाना है ताकि हर नागरिक की आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके। अग्रिम अनुमान के मुताबिक, साल 2025-26 में दिल्ली की अर्थव्यवस्था (जीएसडीपी) मौजूदा कीमतों पर करीब 13,27,055 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है, जो पिछले साल के मुक.ाबले 9.42 प्रतिशत ज्यादा है। प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर लगभग 5,31,610 रुपये रहने का अनुमान है, जो राष्ट्रीय औसत से करीब ढाई गुना अधिक है। हालांकि सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि दर राष्ट्रीय औसत की तुलना में धीमी रही है।

दिल्ली की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र का सबसे बड़ा योगदान है (86.32%), जबकि उद्योग का हिस्सा 12.88% और कृषि का 0.80% है। राज्य का राजस्व अधिशेष भी बरक.रार (रेवेन्यू सरप्लस) है, जो करीब 9661.31 करोड़ रुपये (जीएसडीपी का 0.73%) रहने का अनुमान है। वहीं, एक लाख करोड़ रुपये के कुल बजट में से 59,300 करोड़ रुपये योजनाओं और कार्यक्रमों पर आवंटित किए गए हैं। दिल्ली सरकार द्वारा वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए गए प्रयासों से हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप 'अच्छे दिनों' (अच्छे, संतोषजनक और मध्यम श्रेणी) की संख्या वर्ष 2018 के 159 से बढ़कर 2025 में 200 हो गई है। कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में, शहर में 46 सरकारी पशु चिकित्सालय, 25 औषधालय, एक प्रयोगशाला, एक किसान सूचना केंद्र और तीन मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों का एक मजबूत नेटवर्क मौजूद है। इन केंद्रों पर उपचार सेवाएं लेने वाले पशुओं की संख्या में भी काफी वृद्धि देखी गई है, जो वर्ष 2011-12 के 4,15,986 से बढ़कर मार्च 2026 तक 5,45,754 हो गई है।दिल्ली की अर्थव्यवस्था में विनिर्माण क्षेत्र का महत्वपूर्ण स्थान है, जिसका सकल राज्य मूल्य वर्धन (जीएसवीए) वर्तमान कीमतों पर वर्ष 2024-25 में 45930 करोड़ रुपये और 2025-26 में 50144 करोड़ रुपये अनुमानित है, जो क्रमशः 6.30% और 9.18% की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। पर्यटन के मामले में, वर्ष 2024 में कुल विदेशी पर्यटक आगमन में 9.55% हिस्सेदारी के साथ दिल्ली ने देश में छठा स्थान प्राप्त किया है।

ऊर्जा क्षेत्र की बात करें तो, दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग वर्ष 2015-16 के 5846 मेगावाट से काफी बढ़कर 2025-26 में 8442 मेगावाट तक पहुंच गई है। पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, जनवरी 2026 तक शहर की कुल स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 509 मेगावाट हो गई है, जिसमें 425 मेगावाट सौर ऊर्जा और 84 मेगावाट अपशिष्ट से ऊर्जा (वेस्ट-टू-एनर्जी) का योगदान है। दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन मुख्य रूप से डीटीसी और क्लस्टर बसों के साथ-साथ डीएमआरसी की मेट्रो रेल पर आधारित है। मेट्रो में वर्तमान में औसत यात्री संख्या लगभग 67 लाख है। बसों की बात करें तो मार्च 2026 तक डीटीसी और परिवहन विभाग के पास कुल 6100 बसों का बेड़ा था, जिसमें 1002 नॉन-एसी सीएनजी, 760 एसी सीएनजी, 2750 बड़ी इलेक्ट्रिक बसें (12 मीटर) और 1588 छोटी इलेक्ट्रिक बसें (9 मीटर) शामिल थीं। विशेष रूप से, इलेक्ट्रिक बसों की संख्या में बड़ी वृद्धि देखी गई है।

## दिल्ली की टीम बनी मेजबान, यूपी उत्तराखंड टीम का हुआ सम्मान

**नई दिल्ली।** श्री देवोत्थान सेवा समिति द्वारा विश्व की ऐतिहासिक 'अस्थि कलश विसर्जन यार्त्रा' के 25 वें सिल्वर जुबली वर्ष में दिल्ली की टीम ने मेजबानी करते हुए पिछले 25 वर्षों से निरंतर सहयोग कर रही टीम के उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के सैकड़ों महानुभावों को सम्मानित किया। कश्मीरी गेट स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच के स्पेशल कमिश्नर आईपीएस देवेश चन्द्र श्रीवास्तव, श्रीलंका की अशोक वाटिका के वृक्ष के नीचे बैठकर श्रीराम कथा का श्रवण करने वाले कथा मर्मज्ञ राष्ट्रसंत अजय भाई, श्री राजमाता झंडेवालान मंदिर गोरख पार्क के महंत समिति के अध्यक्ष अनिल नरेंद्र, संगठन मंत्री दीपक गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, दूरदर्शिता और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता नहीं नायक, शासक नहीं सेवक और केवल कार्य नहीं विजन के साथ में काम करने वाले ऐसे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हम सब और दिल्ली के प्रत्येक नागरिक की ओर से हार्दिक बधाई देते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही और समर्पण जैसे मूल्यों को नई पहचान मिली है। उन्होंने अपने कार्य और आचरण के माध्यम से यह सिद्ध किया है कि देश के प्रति निष्ठा और जनता के प्रति कर्तव्य सर्वोपरि हैं। उन्होंने बिना थके 24 गुना 7 दिन देशहित में कार्य करते हुए समर्पित नेतृत्व का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से देश की वैश्विक प्रतिष्ठा, मान-सम्मान और स्वाभिमान में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

उनकी जन-कल्याणकारी नीतियों, प्रभावी विदेश नीति और सुशासन के माध्यम से देश को नई दिशा मिली है। साथ ही, एक सुदृढ़ और सुरक्षित भविष्य की नींव रखी गई है, जिसमें प्रत्येक नागरिक के विकास की संभावनाएं सुनिश्चित हुई हैं।

प्रधानमंत्री जी ने तकनीक के उपयोग, टीमवर्क और भविष्य-केंद्रित सोच के माध्यम से शासन-प्रणाली को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया है। उन्होंने भारत को प्रगति के नए पथ पर अग्रसर किया है।

## सत्या शर्मा ने किया सकरावती क्षेत्र का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्थायी समिति अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा ने आज नजफगढ़ जोन के नंगली सकरावती क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नजफगढ़ जोन (वार्ड समिति) की अध्यक्ष सविता शर्मा, जोनल उपायुक्त श्री सुमित कुमार तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। स्थायी समिति अध्यक्ष ने क्षेत्र के निर्माणाधीन बायोगैस प्लांट का निरीक्षण किया और कार्य में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए ठेकेदार के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना डेयरी अपशिष्ट के निस्तारण का एक महत्वपूर्ण और दीर्घकालिक समाधान है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा कार्य को निर्धारित समय-सीमा में प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए।

स्थायी समिति अध्यक्ष ने गोयला डेयरी क्षेत्र का दौरा किया, जहां उन्होंने डेयरियों से निकलने वाले गोबर के निस्तारण की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसी समुचित व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे गोबर नालियों में न डाला जाए और स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित न हो।

निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि पार्क के लिए निर्धारित भूमि का उपयोग डेयरी अपशिष्ट के संग्रहण के लिए किया जा रहा है।



बिहार स्थापना दिवस को लेकर दिल्ली सचिवालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेते कलाकार।

## बिहार स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बिहार स्थापना दिवस को लेकर दिल्ली सचिवालय में सोमवार को एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सरकार की ओर से ज्ञान, संस्कृति, धर्म और क्रांति की भूमि बिहार के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। बिहार राज्य का गठन 22 मार्च 1912 में हुआ था।कार्यक्रम का आयोजन कला, संस्कृति एवं भाषा की ओर से साहित्य कला परिषद ने किया। इसमें बिहार का पारंपरिक झिझिया नृत्य का प्रदर्शन कलाकारों ने किया, साथ ही भोजपुरी और मैथिली में संगीत व नृत्य प्रस्तुतियां हुईं। कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' संकल्प की दिशा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में सभी राज्यों के स्थापना दिवस मनाए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय एकता मजबूत होने के साथ भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को एक मंच पर लाने का कार्य किया जा रहा है। कपिल मिश्रा ने कहा कि इसी क्रम में आज भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली और भगवान महावीर की तपस्थली बिहार का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। विश्व को शांति और सुशासन का संदेश देने वाला बिहार, भारत की गौरवशाली विरासत और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। बिहार की समृद्ध संस्कृति और यहाँ की भाषाख्रभोजपुरी, मैथिली और मगहीख्र हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। छठ पूजा जैसे पवित्र पर्व बिहार की आस्था, अनुशासन और प्रकृति के प्रति सम्मान का अद्भुत उदाहरण हैं। दिल्ली सरकार ने पिछले साल भव्य छठ पूजा का आयोजन किया। पहली बार मॉडल छठ घाट बनाये गए और श्रद्धालुओं को कई वर्षों बाद यमुना घाट पर पूजन का अवसर मिला।

## ख्याल रन-दिल्ली चैप्टर आयोजित किया

**नई दिल्ली।** भारत में रनिंग कल्चर लगातार बढ़ रहा है 2025 में सक्रिय धावकों की संख्या 26 लाख से अधिक हो चुकी है। वहीं खघमा.ेशी से होने वाला बेहद खघस और सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिल रहा है। 50 वर्ष से अधिक उम्र के अधिक से अधिक लोग अब दौड़ने के लिए सक्रिय रूप से आगे आए। एजटेक प्लेटफॉर्म, "ख्याल" ने इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए "ख्याल रन दिल्ली चैप्टर" द्वारका में आयोजित किया। इस आयोजन में हर आयु और हर गति के धावकों का स्वागत था लेकिन इसका मूल उद्देश्य "ख्याल" के बड़े मिशन से जुड़ा है: जिसका उद्देश्य ऐसा मंच तैयार करना है, जहाँ 50 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिक स्वयं को लोगों के समक्ष लाएं, समर्थन पाएं और सम्मानित महसूस करें।

## दिल्ली में रेल पटरियों की होगी हाईटेक मेंटेनेंस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रेलवे दिल्ली में रेल पटरियों के रखरखाव और सुधार को और अधिक आधुनिक बनाएगा। विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर ट्रैक मशीन साइडिंग और रेल ग्राइंडिंग मशीन (आरजीएम) साइडिंग विकसित की जाएगी। इससे रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और यात्रियों की सुरक्षा भी बेहतर होगी।

वर्तमान में ट्रेनों की बढ़ती संख्या और यात्रियों के लगातार बढ़ते दबाव को देखते हुए ट्रैक मेंटेनेंस को अत्याधुनिक बनाना बेहद जरूरी हो गया है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह परियोजना शुरू की जा रही है। ट्रैक मशीन साइडिंग विशेष लाइनें होती हैं, जहां ट्रैक मेंटेनेंस करने वाली मशीनें खड़ी की जाती हैं और उनका रखरखाव होता है। जबकि रेल ग्राइंडिंग मशीन पटरियों की सतह को चिकना बनाती है ताकि घिसाव कम हो। इस योजना के अंतर्गत ट्रैक मशीन साइडिंग विक.सित होने से ट्रैक मेंटेनेंस में इस्तेमाल होने वाली भारी मशीनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा और संचा.लित किया जा सकेगा। इससे मरम्मत कार्य में तेजी आएगी और ट्रैक की नियमित जांच अधिक प्रभावी तरीके से हो सकेगी। ट्रैक की बेहतर देखरेख से जहां रेल दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी। वहीं ट्रेनों की देरी की समस्या में भी कमी आएगी।

## धूमधाम से मनाया गया एकता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वर्गीय गोस्वामी आर सी भारती जी की स्मृति में गत वर्षों की भांति मानस कुटीर 349/12 भोलानाथ नगर में मनाया गया। स्वर्गीय आर सी भारती जी की यह 13 वीं पुण्यतिथि थी।

मानस कुटीर में होने वाले इस समारोह में समाज के जाने-माने लोग उपस्थित रहे।। इसमें मुख्यत: अशोक कुमारी भारती (संस्थापिका सिद्धार्थ इंटरनेशनल दिल्ली एनसीआर) रविकांत भारती, शशिकांत भारती , बी मेहता भारती, श्वेता भारती, पंकज गोस्वामी , प्रेरणा भारत, एडवोकेट देवाशीष भारती, निहारिका भारती , एडवोकेट यश कीर्ति कुमार भारती, आकृति भारती, अनिल पुरी, विपिन



कुमार , अशोक पुरी, प्रभात गोस्वामी, मथुरा प्रसाद गोस्वामी, आकाश पुरी, डोरीलाल गोस्वामी, महेंद्र गिरी , आदेश मोहन, नानक चंद गोस्वामी अध्यक्ष गोस्वामी समाज दिल्ली रजिस्टर्ड प्रोफेसर अरविंद कुमार राजपूत (राष्ट्रीय अध्यक्ष स्ट्रांग भारत फाउंडेशन ट्रस्ट ) , अर्जुन सिंह , राजेंद्र सिंह रहे ।

## सिग्नेचर ब्रिज के पास दुर्घटना में नाबालिग की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नवरात्रो मे कालका.जी माता के दर्शन करने निकले तीन लड़के दुर्घटना के शिकार हो गए और उनमे से एक नाबालिग की मौत हो गयी, जबकि दूसरा नाबालिग घायल हुआ है पुलिस ने 281/125(ए ) बीएनएस की धारा के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है स

मृतक की पहचान निखिल (17) के रूप मे हुई है वह मकान न-4/2, करावल नगर एक्सटेंशन मे रहता था जबकि घायलों की पहचान इंद्रजीत (16) और गोविन्द के रूप मे हुई है यह भी करावल नगर के रहने वाले है स पुलिस के अनुसार रविवार रात को न्यू उस्मानपुर थाने मे एक रोड एक्सीडेंट की सूचना मिली थी, जब पुलिस टीम सिग्नेचर ब्रिज के पास मौके पर पहुंची तो वहां दुर्घटनाग्रस्त बाइक मिली, जबकि तीनों घायल लड़को को सिविल लाइन स्थित ट्रामा सेंटर ले जाया जा चूका था स ट्रामा सेंटर मे डॉक्टरों ने निखिल को मृत घोषित कर दिया जबकि इंद्रजीत और गोविन्द को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी स बताया जा रहा है यह तीनों लड़के एक ही बाइक पर सवार थे और मृतक बाइक चला रहा था, बाइक के आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक मारे होंगे जिस वजह से बाइक आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई और बाइक सवार तीनों लड़के घायल हो गए और जिनमे से एक की मौत हो गयी।



दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व कैबिनेट मंत्रियों के साथ शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

## शहीद भगत सिंह को अर्पित की गई पुष्पांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शहीद भगत सिंह, श्री राजगुरु और श्री सुखदेव का अडिग साहस और क्रांतिकारी भावना हमारे राष्ट्र की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों की आधारशिला है, यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और कैबिनेट मंत्रियों के साथ शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन तीनों नायकों की शहादत हर भारतीय के लिए प्रेरणा का एक शाश्वत स्रोत है, जो युवाओं को आधुनिक भारत में प्राप्त स्वतंत्रता के लिए चुकाई गई भारी कीमत की याद दिलाती है। इस गौरवशाली अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के साथ मंत्रिपरिषद के सदस्यों और विभिन्न विधायकों ने शहीद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में शहीदों को भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की।

विधानसभा परिसर का वातावरण अत्यंत गरिमामय और श्रद्धापूर्ण रहा, जहाँ नेताओं ने इन क्रांतिकारियों की अदम्य वीरता और आत्मनिर्भर भारत के उनके दृष्टिकोण को याद किया। यह श्रद्धांजलि न केवल 1931 के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण थी, बल्कि दिल्ली के जनप्रतिनिधियों द्वारा शहीदों के न्याय और देशभक्ति के आदर्शों को बनाए रखने का एक सामूहिक संकल्प भी थी।

## डीयू में किसी भी सभा के लिए लिखित सूचना व अनुमति जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि परिसर में किसी भी सभा/ एकत्रण/विरोध प्रदर्शन/ धरना/ मार्च/ जुलूस या इसी तरह की गतिविधि के लिए सक्षम प्राधिकारी से पूर्व लिखित सूचना और अनुमति अनिवार्य है।

डीयू के प्रॉक्टर कार्यालय द्वारा इस संबंध में सोमवार को एक नोटिस जारी किया गया है जिसके तहत डीयू के सभी छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों को इसकी सख्त पालन के लिए सूचित किया गया है।

डीयू प्रॉक्टर प्रो. मनोज कुमार सिंह के अनुसार आयोजकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे आवेदन की एक भौतिक/हार्ड कॉपी, स्वयं उपस्थित होकर, जिस पर उनके हस्ताक्षर हों और सभी वांछित जानकारी शामिल हो उसे दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर कार्यालय और संबंधित स्थानीय पुलिस अधिकारियों (संबंधित क्षेत्र के के पास जमा करें।उन्होंने बताया कि आयोजक का नाम, कॉलेज/ संस्थान/विभाग, संपर्क नंबर, ईमेल आईडी, कोर्स का नाम, कार्यक्रम का विवरण और कार्यक्रम की प्रकृति (विरोध प्रदर्शन, सार्वजनिक भाषण, धरना, रैली, आदि) के साथ, कार्यक्रम की अवधि, लॉजिस्टिक्स का उपयोग, वक्ताओं की सूची व प्रतिभागियों की अनुमानित संख्या की जानकारी आदि दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर कार्यालय और संबंधित स्थानीय पुलिस अधिकारियों (संबंधित क्षेत्र के को कम से कम 72 घंटे पहले जमा करवानी होगी। उन्होंने बताया कि किसी भी परिस्थिति में, किसी भी इलेक्ट्रॉनिक संचार, पैम्फलेट, पोस्टर, नोटिस, सोशल मीडिया पोस्ट, वॉटसेप फॉरवर्ड, या किसी अन्य सामग्री को, चाहे वह मुद्रित हो या डिजिटल, विवि से/को दी गई आधिकारिक सूचना या अनुमति के रूप में नहीं माना जाएगा और न ही स्वीकार किया जाएगा। आयोजकों और प्रतिभागियों को परिसर में ऐसी किसी भी गतिविधि में भाग लेने या शामिल होने के लिए बाहरी व्यक्तियों (जिनमें दिल्ली विश्वविद्यालय में नामांकित छात्र शामिल नहीं हैं) को आमंत्रित करने, लाने या अनुमति देने से सख्त मनाही है।

## 'खीर सेरेमनी' के साथ बजट सत्र की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 'खीर सेरेमनी' के साथ शुरू हुआ। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'विकसित दिल्ली, हरित दिल्ली' के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह बजट राजधानी के लगभग 3 करोड़ दिल्लीवासियों के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि 'खीर सेरेमनी' न केवल बजट प्रक्रिया की पारंपरिक शुरुआत है, बल्कि यह समृद्धि, शुभता और जनकल्याण के संकल्प का प्रतीक भी है, जो आगामी बजट में दिखाई देगा।

खीर सेरेमनी' में मुख्यमंत्री के साथ किसान, स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक, डॉक्टरों, किन्नर समाज के लोग, महिला ड्राइवर, मीडियाकर्मियों ने भाग लिया। इस अवसर पर किसानों ने मुख्यमंत्री को पारंपरिक रूप से पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह,आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविन्द्र इन्द्राज सिंह,कपिल मिश्रा सहित विधायकगण और अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का यह दूसरा बजट दिल्ली के विकास की गति को और तेज करने वाला होगा। यह बजट न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेगा, बल्कि दिल्लीवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का माध्यम भी बनेगा। यह बजट एक ऐसे दिल्ली के निर्माण की दिशा में अग्रसर है, जहां नागरिक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, उत्कृष्ट शिक्षा, सुदृढ़ आधारभूत संरचना और स्वच्छ एवं हरित वातावरण में जीवन यापन कर सकें। इस बजट में छात्रों के लिए बेहतर सुविधाएं, स्वास्थ्य क्षेत्र में सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण और हरित परिवेश को प्राथमिकता दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'विकसित दिल्ली, हरित दिल्ली' केवल एक नारा नहीं, बल्कि सरकार का स्पष्ट विजन है, जिसके माध्यम से एक सकारात्मक, सुरक्षित और समृद्ध वातावरण तैयार किया जाएगा, जहां आमजन सुख और संतोष के साथ जीवन व्यतीत कर सकें। पिछले वर्ष सरकार ने दिल्ली की दिशा बदलने का कार्य किया है और अब इस बजट के माध्यम से राजधानी की दशा को बेहतर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के आशीर्वाद और विश्वास से ही सरकार निरंतर कार्य कर रही है। सरकार 24 गुना 7 जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और हर दिन दिल्ली को और बेहतर बनाने के लिए कार्य करती रहेगी।

## ऋण को लेकर पारिवारिक विवाद के चलते हुई थी हत्या, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस के कंझावला थाने के स्टाफ ने हत्या का मामला सुलझाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से अपराध में प्रयुक्त 1 डंडा (हथियार) और अपराध के समय आरोपी द्वारा पहने गए कपड़े बरामद किए है। यह हत्या ऋण को लेकर हुए पारिवारिक विवाद के कारण हुई थी।

दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त शशांक जायसवाल ने बताया कि 16 मार्च को कंझावला थाने में झगड़े के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। इस कॉल के मिलते हु स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और पाया कि पीड़ित अग्लू (55) को संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया और बाद में सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। पीड़ित की पत्नी का बयान दर्ज किया गया, जिसमें उसने बताया कि झगड़ा दिनेश (70) से लिए गए 30,000 रुपये के ऋण को लेकर पारिवारिक विवाद के कारण हुआ था। बयान के आधार पर, कंझावला थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी बेगमपुर

सार्थक त्यागी की देखरेख में एसएचओ कंझावाला कृष्ण कुमार के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान मोबाइल क्राइम टीम और एफएसएल रोहिणी टीम ने अपराध स्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए।

जांच के दौरान, टीम ने तकनीकी निगरानी और मानवीय खुफिया जानकारी के आधार पर कंझावला औद्योगिक क्षेत्र के पास छापा मारकर आरोपी दिनेश को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान, उसने इस मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर, अपराध में इस्तेमाल किया गया हथियार (यानी डंडा) और घटना के समय आरोपी द्वारा पहने गए कपड़े बरामद कर लिए गए हैं।

## ड्रग सप्लाई नेटवर्क का किया भंडाफोड़, दो धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के एंटी-स्नैचिंग और चोरी निरोधक सेल ने ड्रग सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़ कर दो आरो.पियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से 18.48 ग्राम स्मैक और 29,270/- रुपये नकद बरामद किए है। दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि 21 मार्च को एसीपी ऑपरेशन वीरेंद्र सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर रितेश राज के नेतृत्व में एंटी-स्नैचिंग और चोरी निरोधक सेल की एक टीम का गठन किया गया। ऑपरेशन के दौरान, जब टीम निहाल विहार थाने के इलाके में गश्त कर रही थी और गुप्त सूचनाएं जुटा रही थी, तो उन्होंने दो व्यक्तियों को देखा। पुलिस को देखते ही उन दोनों ने भागने की कोशिश की। संदेह होने पर, टीम ने तुरंत उन्हें पकड़ लिया। उनकी पहचान सरब.जीत (18)और चरणजीत (18)के रूप में हुई।

उनकी व्यक्तिगत तलाशी के दौरान, एक पदार्थ बरामद हुआ। फील्ड टेस्टिंग किट से जांच करने पर, वह पदार्थ श्स्मैकश पाया गया। वजन करने पर, बरामद पदार्थ की मात्रा 18.48 ग्राम पाई गई। इसके अतिरिक्त, उनके कब्जे से 29,270/- रुपये नकद भी बरामद हुए, जिनके बारे में संदेह है कि यह स्मैक की बिक्री से प्राप्त रकम थी।

# भारत में लोकतंत्र की जड़ें वैदिक काल से ही अंकुरितः राज्यपाल

## लोकतंत्र का भविष्य पार्लियामेंट में नहीं, बल्कि कक्षाओं में होगा: प्रो. मंजुला जैन, मेहमानों को शॉल, स्मृति चिन्ह, पोर्ट्रेट और संविधान की प्रस्तावना की भेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** असम के महामहिम राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने कहा, लोकतंत्र एक जीवन पद्धति है। भारत में लोकतंत्र की जड़ें वैदिक काल से ही अंकुरित हैं। वैदिक काल में राजा भी अपनी प्रजा को तय नियमों-कानूनों के तहत ही राज्य करता था। वह धर्म और न्याय को सर्वोच्च स्थान देता था। वेदों में कहा गया है, धर्मो रक्षति रक्षत: अर्थात जो व्यक्ति धर्म, न्याय, नैतिकता, सही कर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है। कौटिल्य को कोट करते हुए बोले, प्रजा का सुख ही शासक का सुख है। प्रजा के हित में ही शासक का हित है। भगवान महावीर के अपरिग्रह और सत्य के सूत्र ही लोकतंत्र की सफलता के मूल हैं। श्री आचार्य तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज-टीएमसीएलएलएस की ओर से बिल्डिंग डेमोक्रेसी थ्रू लॉ एंड इन्फॉर्मेशन पर आयोजित दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के शुभारम्भ सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व कैंपस में असम के महामहिम के प्रथम मंगल आगमन पर की-नोट स्पीकर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी, लखनऊ के वीसी प्रो. राज कुमार मित्तल, टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन और डीन अकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। साथ ही स्काउट एंड गाइड की ओर से गॉर्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। कॉन्फ्रेंस में एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, टीएमसीएलएलएस के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। मेहमानों ने कॉन्फ्रेंस में जर्नल के संग-संग पुस्तक- दा डॉरी पैराडॉक्स का विमा. चन भी किया। कॉन्फ्रेंस के बाद मुख्य अतिथि श्री आचार्य ने लॉ कॉलेज में मूट कोर्ट का उदघाटन भी किया। मुख्य अतिथि और की-नोट स्पीकर को शॉल, स्मृति चिन्ह, पोट्रेट और भारतीय संविधान की प्रस्तावना भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कैंपस में वृक्षरोपण किया। साथ ही इंडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम का भ्रमण भी किया। कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ और समापन वंदे मातरम् और राष्ट्रगान के संग हुआ। श्री आचार्य बोले, सत्ता, पद और धन का उपयोग जनकल्याण के लिए करना ही लोकतंत्र को मजबूती प्रदान कर सकता है। संविधान और लो. कतंत्र की सफलता के लिए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। एनईपी-2020 के लिए माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को साधुवाद देते हुए बोले, युवाओं में हुनर के विकास की एनईपी में वकालत की गई है। इसमें हम सफल भी हो रहे हैं। कर्तव्यों, नैतिकता, मानवीय मूल्यों में ही लोकतंत्र की सफलता निहित है। कानून किसी भी पद और व्यक्ति से सर्वोच्च है। न्यायपूर्ण, संतुलित समाज, समानता, अधिकरों की सुरक्षा ही सफल लोकतंत्र की नींव है। भारत ने हमेशा वसुधैव कुटुम्बकम की बात की है। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर का स्मरण करते हुए बोले, डॉ. आंबेडकर का स्पष्ट कहना था, संविधान कितना भी अच्छा हो, लेकिन इसको चलाने वाले लोग अच्छे नहीं होंगे तो यह कभी अच्छा नहीं हो सकता। संविधान की सफलता के लिए ई-गवर्नेंस, डिजिटल सेवा, भाषा संस्कृति का सम्मान दिया जाना जरूरी है। हमें न्याय क्षेत्र में भी मातृ भाषा को स्थान देना होगा। भाषा संस्कृति को बढ़ाने के लिए मेडिकल और इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रमों को स्थानीय भाषाओं में तैयार किया जा रहा है। विश्वविद्यालय केवल शिक्षा के केन्द्र नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों





और सामाजिक चेतना के वाहक होते हैं। संविधान केवल अधिकरों नहीं, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का निर्वाहन भी है। किसी भी देश की समृद्धि देश में महिला सशक्तिकरण से निर्धारित होती है। 2047 तक हमें प्रधानमंत्री के विक. सित, समृद्ध और शक्तिशाली भारत के सपने को पूरा करना होगा। इस सपने को पूरा करने में देश के युवाओं ताकत बनेंगे। श्री आचार्य ने टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन को कर्मयोगी की संज्ञा देते हुए कहा, टीएमयू की स्थापना श्री जैन के समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रतिफल है। समाज हमें बनाता है, इसीलिए बदले में हमें भी समाज को देना होगा। हम जानते हैं, जी नहीं पाते। सोचते बहुत हैं, लेकिन कर नहीं पाते। श्री सुरेश जैन में कल्पनाशीलता है। समाज को देने की प्यास है। एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त बोले, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा जनता ही करेगी। यह जीवन में उतारने का विषय का है। हमें संविधान के अनुसार आचरण करना होगा। यह कार्य युवा पीढ़ी के हाथों में हैं। उन्होंने मशहूर शायर डॉ. बशीर बद्र का एक शेर भी सुनाया। 2001 में टिमिट की स्थापना से आज तक मैं टीएमयू परिवार का हिस्सा हूं। 2005 में डेंटल कॉलेज और 2008 में यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई। दुनिया की टॉप 200 यूनिवर्सिटीज में टीएमयू को शामिल करना हमारा लक्ष्य है। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन बोले, इन्फॉर्मेशन लो. कतंत्र की कुंजी है। आज के युग में इन्फॉर्मेशन की प्रचुरता है। हमें सही ज्ञान को निकालना होगा।

सूचना का विश्लेषण करना होगा अन्यथा हमारे निर्णय गलत हो सकते हैं। उन्होंने जैन फिलासफी के तत्वार्थसूत्र को कोट करते हुए कहा, हर जीव को एक-दूसरे की परस्पर सहायता करनी चाहिए। सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक दर्शन ही सफलता के मार्ग हैं। सफलता के लिए मन, वचन और काय में एकरूपता जरूरी है। समाज को अच्छा बनाने के लिए हमें स्वंय को अच्छा बनाना होगा। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन बोलीं, भारतीय लोकतंत्र का भविष्य पार्लियामेंट में नहीं, बल्कि कक्षाओं और न्यायालयों में होगा। टीएमयू केवल सेंटर ऑफ लर्निंग नहीं, बल्कि युवाओं के लिए एक लॉच पैड है। टीएमयू के इन्क्यूबेशन सेंटर में करीब 40 स्टार्टअप्स जुड़े हुए हैं। राइट इन्फॉर्मेशन से ही राइट नॉलेज मिलती है।

कॉन्फ्रेंस में लॉ कॉलेज की ओर से एचओडी डॉ. अमित वर्मा, कॉन्फ्रेंस के कन्वीनर कडॉ. राकेश कुमार, को-कन्वीनर डॉ. बिष्णानंद दुबे के संग-संग प्रो. आरके द्विवेदी, प्रो. एमपी सिंह, प्रो. विपिन जैन, श्री नीशीथ मिश्रा, प्रो. नवनीत कुमार, डॉ. ज्योति पुरी, डॉ. अमित कंसल, प्रो. पंकज कुमार सिंह, प्रो. मनु मिश्रा आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व टीएमसीएलएलएस के प्रिंसिपल प्रो. एसके सिंह ने मुख्य अतिथि का जीवन परिचय पढ़ा, जबकि संचालन डॉ. माधव शर्मा ने किया।

### दिल खोलकर पढ़े कसीदे

**मुरादाबाद।** इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में असम के महामहिम श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य और उनके बालसखा एवम् सलाहकार और टीएमसीएलएलएस के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने अपने संबंधों को पचास बरस पुराने बताते हुए एक-दूसरे के दिल खोलकर कसीदे पढ़े। पहली बारी प्रो. हरबंश दीक्षित की रही। महामहिम के सलाहकार के तौर पर दिल को छू गई दो बातों का उन्होंने विस्तार से जिक्र किया। टीचर्स डे पर सबसे उम्रदराज रिटायर्ड प्राइमरी टीचर का सम्मान बेमिसाल रहा। महामहिम ने टीचर को उनके घर जाकर सम्मानित किया, जहां अपनी कुर्सी पर बिठाकर उनके पैर भी छूए। यह देश के लिए अनुकरणीय मिसाल है। दूसरा उन्होंने एनईपी-2020 के क्रियान्वयन का किस्सा सुनाया। प्रो. दीक्षित ने खुलासा किया, स्टेट लेवल मीटिंग में वीसी, डायरेक्टर्स, शिक्षाविदों आदि ने सलाह दी, हमारे पाठ्यक्रम का 20 प्रतिशत पाठ्यक्रम हमारी लोकल समस्याओं पर केंद्रित रहेगा। महामहिम के सलाहकार बोले, ऐसा ही मूर्त रूप दिया भी गया। अब बारी थी महामहिम की। महामहिम श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने प्रो. हरबंश दीक्षित के संग अपने रिश्तों को कुछ यूं कहकर बयां किया, आपके व्यक्तित्व, आपकी सफलता में यह निर्भर करता है कि आखिर आपका सलाहकार कौन है? उन्होंने बड़े गर्व के साथ कहा, मेरी सफलता के पीछे मेरे बालसखा प्रो. हरबंश दीक्षित हैं। अब मैं असम का गवर्नर हूं तो भी मेरे सलाहकार मेरे ही बालसखा प्रो. हरबंश दीक्षित ही हैं। मेरे मित्र प्रो. दीक्षित भले ही असम में मेरे साथ हों, लेकिन एक घंटे की बातचीत में 20 मिनट तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सुरेश जैन और वहां की उपलब्धियां ही रहती हैं। यहां आकर यह मैं शिद्दत से महसूस कर रहा हूं।

# प्रधानाचार्य परिषद ने शिक्षा मंत्री को स्मारिका भेंट की, विद्यालयी समस्याओं से कराया अवगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी को परिषद की स्मारिका भेंट कर शिक्षा जगत से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान राजीव कुमार शर्मा ने माध्यमिक विद्यालयों में व्याप्त समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए बताया कि शिक्षकों की कमी, संसाधनों का अभाव, कंप्यूटर शिक्षकों की अनुपलब्धता तथा विभाग द्वारा लगातार सूचनाओं के संग्रह का दबाव शिक्षण व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने डिजिटल उपस्थिति, ऑनलाइन अवकाश प्रणाली, कक्षाओं में कैमरे और बोर्ड परीक्षाओं के कैमरों के माध्यम से संचालन जैसी व्यवस्थाओं का भी उल्लेख किया।



उन्होंने बताया कि दिसंबर 2023 से मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से वेतन भुगतान की व्यवस्था लागू की गई है, जिससे प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता आई है। साथ ही, माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे नए-नए प्रयोगों की सराहना करते हुए इसे सरकार का सकारात्मक और सराहनीय कदम बताया। राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यालयों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है कि बुनियादी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, जिससे शिक्षकों और छात्रों दोनों को बेहतर वातावरण मिल सके। इस अवसर पर उन्होंने सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा भी की।

# महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा के उद्देश्य से पुलिस लाइन्स से निकाली गई स्कूटी रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य से सोमवार को मिशन शक्ति अभियान 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत एक भव्य महिला स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। रैली को रिजर्व पुलिस लाइन से पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।यह अभियान प्रदेश सरकार के निर्देश पर संचा. लित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक करना है।



पुलिस प्रशासन द्वारा इस पहल के माध्यम से समाज में सुरक्षा का संदेश देने के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।रैली में महिला पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूटियों पर सवार महिला आरक्षियों के साथ पीआरवी 4-व्हीलर वाहन भी शामिल रहे। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए आमजन को महिला सुरक्षा, सम्मान और सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक करती रही।

रैली का मार्ग रिजर्व पुलिस लाइन से शुरू होकर पीली कोठी, फब्बारा चौराहा, इम्पीरियल बुद्ध बाजार, टाउन हॉल, गुरहट्टी, कचहरी रोड, बंगला गांव (कैम्प चौकी), पीएसी तिराहा, किला तिराहा, सोनकपुर पुलिया, बिजली घर तिराहा, होली चौराहा और चौधरी चरण सिंह चौक से होकर पुन: फब्बारा व पीली कोठी के रास्ते रिजर्व पुलिस लाइन पर समाप्त हुआ।इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा और महिलाएं खुद को अधिक सुरक्षित महसूस करेंगी।

पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की कि वह महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर सजग रहें और किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों का तुरंत उपयोग करें। इस रैली ने शहर में महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया।

### सय्यद शान अली बने नामित सभासद, भाजपा नेताओं ने किया सम्मान

चन्दौसी। भाजपा से पिछले तीन दशकों से जुड़े रहे सय्यद शान अली को नगरपालिका परिषद सम्भल में नामित सभासद बनाए जाने पर पार्टी नेताओं द्वारा समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेताओं ने इसे पार्टी के सबका साथ-सबका विकास के नारे को सशक्त करने वाला कदम बताया। जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने सय्यद शान अली को पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया और बधाई दी। उन्होंने कहा कि पार्टी में लंबे समय तक समर्पण और निष्ठा से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मान देना भाजपा की परंपरा रही है। जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू एवं भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश राजेश सिंघल ने भी सय्यद शान अली के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शान अली ने वर्षों तक संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसका यह सम्मान परिणाम है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# डीएम-एसएसपी ने बिलारी तहसील में सुनीं शिकायतें, 52 में से सात का निरस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की शिकायतें सुनीं। कुल दर्ज 52 में से सात शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया बाकी की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को सौंपी गई। राजस्व विभाग संबंधित 26, विकास विभाग संबंधी 10,पुलिस विभाग संबंधित छह, विद्युत संबंधित तीन और आपूर्ति विभाग संबंधित सात शिकायतें दर्ज की गईं। गाँव खानपुर के अलीजान ने प्रार्थना पत्र देकर मकान से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की कहा रोजगार के लिए मैं सहसपुर में रहने लगा हूं मेरे पीछे उनके रिश्तेदार अली हुसैन ने 70 वर्ग गज वाले मकान को मेरी बिना मर्जी के बेच दिया जबकि दूसरे मकान में खुद रहता है खाली करने को कहा तो धमकाया पुलिस को शिकायत दी परंतु सुनवाई नहीं हुई शिकायत की प्रति मुख्यमंत्री को भी भेजी गई है। चांदपुर गणेश के ग्रामीणों के साथ भाकियू पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन देकर कहा गांव के तालाब पर दबंगों ने अवैध कब्जा करके पानी रोक दिया है इससे गांव की गलियों में पानी भर रहा है अवैध कब्जा हटवा कर पानी निकासी कराई जाए। ज्ञापन पर जयवीर सिंह, प्रेमपाल सिंह, अजब सिंह अनूप कुमार योगेंद्र सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं।



दिवस में एसएसपी सतपाल अंतिल, एसडीएम विनय कुमार सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# शहादत दिवस पर भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को भावभीनी श्रद्धांजलि, युवाओं को उनके आदर्श अपनाने का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मंदिर पोडा खेड़ा हॉल, बिलारी में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिदूत अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के शहादत दिवस पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, युवाओं और विभिन्न सामाजिक वर्गों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राकेश रफीक ने की, जबकि संचालन युवा वतन के राष्ट्रीय संयोजक कपिल राज द्वारा किया गया।



अपने संबोधन में कपिल राज ने कहा कि भगत सिंह केवल एक क्रांतिकारी नहीं, बल्कि दूरदर्शी विचारक भी थे, जिनका सपना एक समानता और न्याय पर आधारित भारत का निर्माण करना था। उन्होंने युवाओं से शहीदों के आदर्शों को जीवन में अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। वक्ता प्रेम कुमार ने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का बलिदान हमें राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और एकजुटता बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

अध्यक्षीय उद्‌बोधन में डॉ. राकेश रफीक ने कहा कि भगत सिंह एक जीवंत विचारधारा हैं, जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि इन महान शहीदों ने स्वतंत्रता के साथ-साथ सामाजिक अन्याय और असमानता के खिलाफ भी संघर्ष किया। उनके विचारों को आत्मसात कर ही एक सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में भयराज सिंह, हुकम सिंह, मुन्ना, श्रुति, कविल इदरीसी, रमेश सिंह, सुनील लाठर सहित राज यादव, असलम अंसारी, जहीर सलमानी, विष्णु जाटव और गौरांश शर्मा सहित कई युवाओं की उपस्थिति रही। अंत में सभी ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# नवचंडी यज्ञ के पांचवें दिन की गई स्कंद माता की पूजा अर्चना

**बिलारी।** रुस्तम नगर सहसपुर के श्रीराम आश्रम काली मंदिर पर चल रहे नवचंडी महायज्ञ के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर नवचंडी महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दी। पंडित राघवेंद्र शर्मा ने मंत्रोंचरण द्वारा यज्ञ कार्य संपन्न कराया। इस मौके पर हवन कुंड में आहुतियां देने में मुख्य यजमान के तौर पर विकास गुप्ता, निशिता गुप्ता, ध्रुव सिंह, रेखा सिंह, जगबीर प्रजापति, कामिनी प्रजापति आदि मौजूद रहे। यज्ञ कार्य में पंडित विमल कुमार शर्मा ने सहयोग दिया। वहीं आरती में पंडित मोहनलाल शर्मा, पंडित मोहित शर्मा, पंडित रॉबिन शर्मा, पंडित सत्यम शर्मा, गीता शर्मा आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

# कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने मिशन शक्ति तहत महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारियां दीं

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन-5.0 अभियान के अंतर्गत सोमवार को कुढफतेहगढ़ पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। यह पहल महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य की गई। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर आयोजित किया गया जिसमें महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1098 आदि के बारे में विस्तार से बताया गया जो आपात स्थिति में उनकी सहायता ले सकती हैं। इस अभियान में उपनिरीक्षक आकाश यादव एवं एलएचसी प्रीति ने सहभागिता निभाई।

## एक नजर



### पर्यावरण महाव्रत कार्यक्रम में शिक्षकों का सम्मान, ब्राह्मण समाज ने किया अभिनंदन

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** बिलारी मुरादाबाद,अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, मुरादाबाद के तत्वावधान में आयोजित 21वें महाव्रत पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत मनोरंजन भवन, रेलवे कॉलोनी में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा एवं प्रधानाचार्या वंदना शर्मा को ब्राह्मण समाज द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान दोनों शिक्षाविदों को भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट कर तथा पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कवि मयंक शर्मा ने किया, जिन्होंने अपने ओजस्वी अंदाज में कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार धवल दीक्षित, बिजनौर टाइम्स से जुड़े सुशील कुमार शर्मा तथा ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष विमलेंद्र कुमार शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने समाज में शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सम्मानित शिक्षकों के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने भी भगवान परशुराम की चित्र स्मृति भेंट कर सम्मान प्रकट किया। समारोह में समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और इस प्रकार के आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

### शरीफ नगर में ईद मेला शुरू,सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात, रात 10 बजे बंद होगा मेला



**सुरजननगर।** शरीफ नगर में ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए मेले को रात्रि 10 बजे ही बंद करने का निर्णय लिया है।सुरक्षा कमान संभालते हुए पुलिस बल ने पूरे मेला परिसर में गश्त की। इसमें विजय देशवाल और सचिन तालियान जैसे अधिकारी शामिल थे। पुलिस प्रशासन सामाजिक गतिविधियों पर पैनी नजर रख रहा है।पुलिस ने आम जनता से शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की गलत हरकत न करने का सख्त अनुरोध किया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि हुड़दंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मेले का समापन आज 24 मार्च को होगा, जिसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

### शहीद दिवस पर शहीदों को अर्पित की गई श्रद्धांजलि



**मुरादाबाद।** वन्दे भारत राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानी भवन में शहीद दिवस के अवसर पर देश की आजादी के लिए अपना बलिदान देने वाले शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की मूर्तियों पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उन्हें नमन किया।इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मेजर राजीव ढल ने शहीद - ए - आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव से जुड़े प्रेरक प्रसंगों के बारे में बताया। प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा बबीता मेहरोत्रा ने कहा कि इन तीनों का बलिदान हमें राष्ट्र सेवा करने की प्रेरणा देता है।मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा मधुबाला त्यागी, जिला अध्यक्ष मेजर सुदेश कुमार भटनागर, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा पूनम गुप्ता ने कहा कि हमें देश की युवा पीढ़ी को उन क्रांतिकारियों के बलिदान के बारे में बताना चाहिए कि किस प्रकार से उन क्रांतिकारियों ने बलिदान देकर देश को आजाद कराया।इस मौके पर धवल दिक्षित जी ने बताया कि उनके पिताजी का जन्म भी उसी लाहौर की सेंट्रल जेल में हुआ था जहां भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी क्योंकि उनके परिजन भी स्वतंत्रता सेनानी थी।इस मौके पर एडवोकेट रमेश आर्य, ग्रंथ सिंह, विमल कुमार, संजय कुमार आदि सहित वन्दे भारत राष्ट्रवादी संगठन के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्री प्राचीन सिद्धपीठ जय मां दुर्गा मंदिर सेवा ट्रस्ट बूजपुर आशा में मेला शुरू



**मूंढापाण्डे।** वूजपुर आशा में स्थित श्री प्राचीन सिद्धपीठ जय मां दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। मंदिर का इतिहास करीब 150 साल पुराना है। नवरात्रों में मंदिर में अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है, मंदिर में पूजा अर्चना करने से मांगी गई मुराद पूरी होती है,मंदिर के सेवा ट्रस्ट के सेवादार नरेंद्रवीर सिंह उर्फ टंडन यादव,वीरेंद्र सिंह,हुकम सिंह ,किशनपाल सिंह ,कमल सिंह ,बीर सिंह ,कमल सिंह यादव ने बताया कि मंदिर में दोनों समय शंख ध्वनि,आरती के साथ प्रत्येक चतुर्दशी को हवन यज्ञ होता है। इसमें क्षेत्र से लेकर,दिल्ली ,गाजियाबाद, नोएडा, हैदराबाद ,हिमाचल प्रदेश ,लखनऊ ,शाहजहांपुर ,उत्तराखंड आदि तक के श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। श्री प्राचीन सिद्धपीठ जय मां दुर्गा मंदिर में प्रतिवर्ष 13 दिन का विशाल मेला लगता है। मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेंद्रवीर सिंह ने बताया की मंदिर समिति द्वारा श्री प्राचीन दुर्गा मंदिर पर लगने वाले मेले की तैयारियां जोर-शोर से की गईं थी ,रंग बिरंगी लाइटों से मंदिरों को सजाया गया है। दुकानों के लिए जगह का आवंटन भी किया गया है। मेला ग्राउंड से फैली हुई गंदगी को हटाकर साफ सफाई कराई गई थी,श्री प्राचीन सिध्दपीठ जय मां दुर्गा मंदिर वूजपुर आशा में मेला 15 मार्च से शुरू हुआ जोकि 27 मार्च तक चलेगा।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 24 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## जंग बंद होगी!

ईरान–इस्राईल/अमेरिका युद्ध के 24वें दिन एक अच्छी खबर आई, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पांच दिन के लिए अपनी ओर से ईरान पर किसी तरह के हमले पर रोक की बात कही। विशेषकर ईरान के पॉवर प्लांट को लेकर। जैसाकि हम जानते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने होर्मुज खाड़ी को बंद करने को लेकर ईरान को 48 घंटे का समय दिया था, जिसमें उन्होंने धमकी दी थी कि अगर ईरान ने 48 घंटे के भीतर होर्मुज को नहीं खोला, तो वह उसके पॉवर प्लांट पर हमला कर देंगे, जिसके चलते ईरान अंधेरे में डूब जाएगा। हालांकि बदले में ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति की भाषा के जवाब में चेतावनी दी थी कि अगर इस तरह की कोई कोशिश हुई तो ईरान भी बदले की कार्रवाई करेगा और यूएई सहित तमाम अमेरिकी ठिकानों पर हमला बोलेगा। जब ऐसा लग रहा था कि यह युद्ध और भड़कने की ओर जा रहा है, तभी ट्रम्प ने 48 घंटे की समय सीमा खत्म होने से पूर्व ही बड़े ही नाटकीय अंदाज में पांच दिन के लिए एक तरह से संघर्ष विराम की घोषणा कर दी। साथ ही यह भी जानकारी दी कि ईरान के साथ उनके प्रतिनिधि विटकॉफ और कुशनर के बीच ईरान से बातचीत हुई है। फॉक्स बिजनेस ने दावा किया है कि यह बातचीत रविवार की रात हुई और इसमें तुर्कीए, पाकिस्तान और ईजिप्ट के अधिकारी शामिल थे। फॉक्स बिजनेस के अनुसार इसमें ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची भी शामिल थे। हालांकि ईरान ने ऐसी किसी बातचीत से इन्कार किया है, क्योंकि ईरान का मानना रहा है कि जब भी बातचीत होती है, तभी अमेरिका धोखा देता है। अब पर्दे के पीछे चली बातचीत में कितनी सच्चाई है, यह तो आगे पता चलेगा कि इस पर कितना अमल जमीन पर दिखाई देता है, लेकिन एक बात साफ है कि ईरान ने जिस तरह विश्व की दो बड़ी परमाणु शक्तियों के साथ टकराव में बड़ी टक्कर दी है, उसने सभी को हैरत में डाल दिया है। जहां तक बात ट्रम्प की है, वह अपनी बातों को बदलने में माहिर माने जाते हैं। इसलिए उनकी बातों को कोई अब गंभीरता से भी नहीं लेता। अभी भी वह यही कह रहे हैं कि ईरान उनसे समझौता करना चाहता है और वह युद्ध जीत चुके हैं और ईरान की शक्ति को बुरी तरह कुचल चुके हैं, लेकिन जमीनी हालात एक अलग ही कहानी बयान करते दिखाई दे रहे हैं, जिससे कहीं भी यह नहीं लगता कि ईरान जरा भी पीछे हटने के लिए तैयार है। होर्मुज को लेकर उसने सभी को चेतावनी दी है और कहा है कि जो ईरान के मित्र देश हैं, उनके लिए यह पूरी तरह खुला है और यदि यह बंद है, तो उन देशों के लिए है, जो इस्राईल व अमेरिका के हितों की रक्षा करने में लगे है। जहां तक बात भारत की है, भारत भी इस युद्ध से बुरी तरह प्रभावित है और उसका मानना रहा है कि यह युद्ध शीघ्र बंद हो, सोमवार को प्रधानमंत्री ने संसद में दिए अपने संबोधन में अपने इसी स्टैंड को दोहराया है।

## नौ वर्षों में राज्य ने की अभूतपूर्व प्रगति



आध्यात्मिक प्रेरणा और जनसहभागिता के बल पर उत्तर प्रदेश ने बीते नौ वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है, प्रदेश आज विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है व प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है, सरकारी योजनाओं के प्रभाव से महिलाएं अब विकास की मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं और स्वास्थ्य तथा शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है, 2017 में प्रदेश के युवा रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर थे, जबकि आज उत्तर प्रदेश रोजगार और निवेश का केंद्र बनकर उभरा है, अब गरीब और श्रमिक वर्ग के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है, जिसके लिए अटल आवासीय विद्यालयों जैसी पहलें की गई हैं।

**–योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश**

## पश्चिम बंगाल चुनाव : सत्ता की जंग से बड़ी चुनाव आयोग की साख की अग्नि परीक्षा





ओ.पी. पाल

पश्चिम बंगाल की सत्ता का रण एक बार फिर सज चुका है। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य की 294 विधानसभा सीटों के लिए चुनावी बिगुल फूंक दिया है, जहां की राजनीति हमेशा से ही प्रतिबद्धता और प्रतिरोध की प्रयोगशाला रही है, लेकिन इस बार का यह महामुकाबला केवल यह तय नहीं करेगा कि कोलकाता के ऐतिहासिक राइटर्स बिल्डिंग में अगला मुख्यमंत्री कौन बैठेगा, बल्कि यह भारतीय चुनाव आयोग की उस वैश्विक साख की भी सबसे बड़ी परीक्षा साबित होने वाला है, जिसने 2021 के चुनाव और उसके बाद हुई भीषण हिंसा के दाग को धोने और हिंसा मुक्त बंगाल का संकल्प लिया है। मसलन इस बार का चुनाव न केवल राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सुरक्षा और चुनावी प्रक्रिया के प्रबंधन के लिहाज से एक बड़ी चुनौती वाला चुनाव है। आयोग ने इस बार अपने आत्मविश्वास को दर्शाते हुए पिछले 8 चरणों के लंबे कार्यक्रम को घटाकर मात्र दो चरणों में समेटने का साहसिक फैसला लिया है, जो अपने आप में एक बड़ा दावं माना जा रहा है। हालांकि इसका असली परिणाम 23 और 29 अप्रैल को होने वाले दोनों चरणों के मतदान की शांति और सुरक्षा से तय होगा?

पश्चिम बंगाल के चुनावी इतिहास में हिंसा एक ऐसा शब्द रहा है जिसने लोकतांत्रिक उत्सव को कई बार फीका किया है। 2021 के चुनाव और उसके बाद हुई हिंसा के कड़वे अनुभवों को देखते हुए, इस बार चुनाव आयोग का पूरा जोर हिंसा मुक्त मतदान पर है, जिसके लिए पिछले सप्ताह कोलकाता का तीन दिवसीय दौरा करके मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राज्य के प्रमुख राजनीतिक दलों भाजपा, तृणमूल कांग्रेस, सीपीआई (एम), कांग्रेस और अन्य दलों से रुबरु होकर स्पष्ट संदेश दिया है कि चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हिंसा, धमकाने की कोशिशों और चुनाव कर्मचारियों को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का ऐलान किया है। मुख्य आयुक्त ने जोर देकर कहा कि आयोग पश्चिम बंगाल में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अब सवाल है कि क्या यह विधानसभा चुनाव राज्य के चुनावी इतिहास में हिंसा–मुक्त होने का नया कीर्तिमान स्थापित कर पाएगा? हालांकि यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा, लेकिन आयोग की सक्रियता ने उन मतदाताओं में भरोसा जरूर जगाया है, जो लंबे समय से शांतिपूर्ण मतदान की बाट जोह रहे हैं। एक मायने में यह चुनाव न केवल बंगाल का भविष्य तय करेगा, बल्कि भारतीय लो. कतंत्र में निष्पक्ष चुनाव कराने वाली सर्वोच्च संस्था की साख को भी पुनः स्थापित करेगा। चुनावी कार्यक्रम के अनुसार इस बार पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को उत्तर बंगाल और जंगलम. हल के इलाके की 152 सीटों और दूसर चरण में 29 अप्रैल को दक्षिण बंगाल और कोलकाता के आसपास के इलाके की 142 सीटों पर मतदान होना है। जबकि चुनाव के नतीजे चार मई को आएंगे।

### बेहद दिलचस्प मुकाबले के आसार

बंगाल की जमीन पर राजनीतिक बिसात भी दिलचस्प है, जहां चुनावी मुकाबला मुख्य रूप से सत्ताधारी टीएमसी और मुख्य विपक्षी दल भाजपा के बीच आर–पार का है। वहीं पिछले चुनाव में शून्य पर सिमटने के बाद, वाम मोर्चा और कांग्रेस वाला गठबंधन इस बार श्प्रासंगिकताश बचाने की जंग लड़ रहा है। टीएमसी की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने चौथी बार सत्ता बरकरार रखने की बड़ी चुनौती है, जिसमें टीएमसी को भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों और एंटी–इनकंबेंसी (सत्ता विरोधी लहर) से लड़ना है। सत्तापक्ष के लिए हाल ही में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उपजे विवाद भी भी किसी चुनौती से कम नहीं होगा, जिसका मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी पंहुचा है। आयोग के एसआईआर और केंद्रीय फंड में हो रही कटौती को लेकर फैली बेचैनी ने बंगाल में खासतौर से टीएमसी के लिए राजनीतिक चिंताएं बढ़ा दी हैं। वहीं 2021 में 77 सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार सत्ता परिवर्तन की पुरजोर कोशिश में जुटी है। पार्टी व्यापक चुनावी रणनीति के साथ घुसपैठ और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों को आधार बना रही है, लेकिन उसे अभी भी स्थानीय स्तर पर एक सर्वमान्य मजबूत नेतृत्व और सांगठनिक एकजुटता की तलाश है। भले ही सीटों के मामले में टीएमसी आगे दिख रही हो, लेकिन वोट प्रतिशत के मामले में फासला बहुत कम रह गया है, जिसमें यह आंकड़ा बताता है कि बंगाल का मुकाबला बेहद करीबी होने वाला है। हालांकि क्या जमीन पर यह आंकड़े हकीकत में बदलेंगे या 4 मई के नतीजे कुछ और ही कहानी कहेंगे? यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

### सुरक्षा आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता

पश्चिम बंगाल के चुनावी इतिहास में हिंसा एक ऐसा शब्द रहा है जिसने लोकतांत्रिक उत्सव को कई बार फीका किया है। 2021 के चुनाव और उसके बाद हुई हिंसा के कड़वे अनुभवों को देखते हुए इस बार आयोग का पूरा जोर हिंसा मुक्त मतदान पर है। इसी रणनीति के तहत चुनाव आयोग चुनाव की घोषणा से पहले ही केंद्रीय बलों 480 कंपनियां राज्य में भेज चुका हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि केंद्रीय बलों का उपयोग केवल मतदान के दिन ही नहीं, बल्कि मतदाताओं में विश्वास पैदा करने के लिए बलों द्वारा एरिया डोमिनेशन और गश्त में पहले से कर रहा है। वहीं दागी अधिकारियों को लेकर भी चुनाव आयोग पूरी तरह से मुस्तैद है यानी आयोग इस बार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। इसलिए आयोग ने उन पुलिस अधिकारियों की सूची मांगी है जिन पर पिछले चुनावों में हिंसा को बढ़ावा देने या लापरवाही बरतने के आरोप लगे थे। ऐसे दागी अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया से दूर रखने के लिए आयोग ने उन्हें हटाने की कार्रवाई भी शुरु कर दी है। वहीं चुनाव आयोग इस बार श्फर्जी मतदानश की गुंजाइश खत्म करने की दिशा में मतदान केंद्रों के बाहर चेहरा सत्यापन के लिए विशेष काउंटर बनाने पर विचार कर रहा है, जहां बुर्का या घूंघट वाले मतदाताओं की पहचान महिला कर्मचारियों द्वारा की जाएगी।

### बंगाल के चुनावी एक्स फैक्टर

राजनीतिक जानकारों की माने तो पश्चिम बंगाल में महिलाएं अक्सर साइलेंट वोटर होती हैं। श्संद. ेशखालीश जैसी घटनाओं और श्लक्ष्मी भंडारश जैसी योजनाओं के बीच उनका झुकाव ही सत्ता की चाबी तय करेगा। राज्य में बढ़ती बेरोजगारी और भर्ती घोटाले युवाओं के बीच एक बड़ा चुनावी मुद्दा बन चुके हैं। बंगाल में बदलते राजनी. तिक परिदृश्य ने नए अवसर पैदा किए हैं। कभी बनर्जी को संदेह की नजर से देखने वाले शहरी बंगाली भद्रलोक मतदाता अब एसआईआर के दखल को लेकर अपनी नाराजगी साझा कर रहे हैं। वहीं, मतुआ और राजबंशी जैसे समुदाय जिनके समर्थन ने भाजपा को बंगाल में मुख्य विपक्षी दल के रूप में खड़ा करने में मदद की थी, अब उनमें भी बेचैनी के संकेत दिख रहे हैं। उत्तर बंगाल में भाजपा की पकड़ मजबूत रही है, जबकि दक्षिण बंगाल टीएमसी का किला है। इस बार दोनों दल एक–दूसरे के गढ़ में घुसपैठ की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए इस बार पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव महज आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह उन करोड़ों मतदाताओं की उम्मीदों का परीक्षण है, जो दशकों से शांतिपूर्ण मतदान का सपना देख रहे हैं। यदि चुनाव आयोग हिंसा मुक्त मतदान कराने में सफल रहता है, तो यह भारतीय चुनाव प्रबंधन के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। 4 मई के नतीजे यह बताएंगे कि बंगाल ने दीदी की निरंतरता को चुना या परिवर्तन के केसरिया संकल्प को पर भरोसा जताया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

## जयपुर की घटना ने पेश की सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल

**एक तरफ होली और दीपावली जैसे त्योहार हिन्दुओं के लिए महत्वपूर्ण होते हैं तो दूसरी तरफ ईद–उल–फितर जैसा त्योहार मुसलमानों के लिए महत्वपूर्ण होता है। विविध संस्कृति वाले इस देश में हमें एक–दूसरे के त्योहारों का सम्मान करना चाहिए। एक–दूसरे के धर्मों तथा त्योहारों का सम्मान करके ही हम इस देश की साझा संस्कृति को आगे बढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही हमें यह ध्यान भी रखना होगा कि कोई भी त्योहार धार्मिक कट्टरता का प्रतीक न बने।**



रोहित कौशिक

दिल्ली हाईकोर्ट और दिल्ली पुलिस की वजह से दिल्ली के उत्तमनगर में ईद शांतिपूर्वक तरीके से मनाई गई। उत्तमनगर के मुद्दे को लेकर ईद से पहले कई तरह की अफवाहें फैली थीं। कुछ हिन्दू संगठनों द्वारा लगातार यह धमकी भी दी जा रही थी कि उत्तमनगर में ईद पर खून की होली खेली जाएगी। कुछ संगठनों ने यह धमकी भी दी थी कि इस बार हमारे घरों में होली नहीं मनी तो हम ईद भी नहीं मनने देंगे लेकिन पुलिस की सक्रियता की वजह से उत्तमनगर में ईद पर शांति रही। उत्तमनगर में भारी पुलिस बल तैनात था। इसके बावजूद कई संगठन के लोग उत्तमनगर पहुंचे लेकिन पुलिस ने उन्हें वहां से भगा दिया। तरुण के परिवार ने भी इस मामले में गंभीरता दिखाई और कहा कि हमारा एक युवा इस दुनिया से चला गया लेकिन हम नहीं चाहते किसी का बेटा इस दुनिया से चला जाए। दूसरी तरफ ईद के दिन मथुरा में फरसा वाले बाबा की मौत के बाद जरूर बवाल हुआ। फरसा वाले बाबा की मौत के बाद भड़की हिंसा और उपद्रव के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। हिन्दू सगठनों ने आरोप लगाया कि गोरक्षक फरसा वाले बाबा की कुचल कर हत्या की गई है लेकिन पुलिस का कहना है कि मौत सड़क हादसे में हुई है। दरअसल ईद से पहले और ईद पर उत्तमनगर के साथ ही देश के कई हिस्सों से अफवाह फैलने की खबरें आईं। ईद पर उत्तमनगर और देश के विभिन्न हिस्सों मे तनाव की आशंका के बीच एक अच्छी खबर आई। जयपुर में ईद के अवसर पर हिन्दू समुदाय के लोगों ने मुख्य ईदगाह में नमाज अदा कर रहे मुस्लिमों पर फूल बरसाए। यह सराहनीय पहल हिन्दू–मुस्लिम एकता समिति के तत्वावधान में की गई। इस पहल का उद्देश्य भाईचारे और एकता का संदेश देना था। इस अवसर पर हिन्दू–मस्लिम एकता समिति के सदस्य राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि ईद का त्योहार शांति और सदभाव का प्रतीक है। यह भावना राजस्थान सहित पूरे भारत में बरकरार रहनी चाहिए। कुछ लोग बांटने की कोशिश करते हैं लेकिन यह गलत है। उन्होंने कहा कि राम के बिना रमजान नहीं है और ईद के बिना दीवाली नहीं है। हम सब एक ही परिवार के सदस्य हैं। जयपुर की यह पहल दिखाती है कि यही असली हिन्दुस्तान है। एक ऐसा हिन्दुस्तान जिसमें हिन्दुओं और मुसलमानों का एक दूसरे के बिना काम नहीं चलता है। फिर कौन हैं वे लोग जो हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच दरार डालना चाहते हैं? कौन हैं वे लोग जो एक दूसरे के खिलाफ नफरत परोसते हैं? कौन हैं वे लोग जो बार–बार यह कहते हैं कि मुसलमान इस देश पर कब्जा कर लेंगे? ऐसे लोग आपके और हमारे बीच ही मौजूद हैं। जी हां, वे लोग बाहरी लोग नहीं हैं। वे लोग अपने ही लोग हैं जो मुसलमानों के खिलाफ नफरत परोसते रहते हैं।

ऐसे लोग हर मुसलमान को शक की नजर से देखने के आदी हो जाते हैं। लेकिन ऐसे लोग ए नहीं समझ पाते कि भारत का ज्यादातर ईंधन खाड़ी या अरब देशों से ही आता है।

यानी जहां से हमारे देश का ज्यादातर ईंधन आता है, वे मुस्लिम देश हैं। हाल ही में जब गैस एजेंसियों में गैस सिलेंडर के लिए लंबी–लंबी लाइने लगीं और लोगों को कई–कई दिन तक सिलेंडर नहीं मिला तो सबके साथ मुसलमानों को गाली देने वाले तथाकथित हिन्दू नेताओं की हालत भी खराब हो गई। तब किसी हिन्दू नेता ने नहीं कहा कि हम मुस्लिम देशों से आने वाले ईंधन को नहीं लेंगे। हमें यह समझना पड़ेगा कि हिन्दुओं के बिना मुसलमानों का काम नहीं चल सकता है और मुसलमानों के बना हिन्दुओं का काम नहीं चल सकता है। इसलिए एक–दूसरे के लिए नफरत पैदा करके हम कुछ हासिल नहीं कर पाएंगे बल्कि अपना ही नुकसान करेंगे। हमारे देश पर कई सालों तक मुगलों ने राज किया फिर अंग्रेजों ने कई सालों तक राज किया लेकिन सनातन धर्म का कुछ नहीं बिगड़ा। फिर आज सनातन धर्म को खतरा पैदा कैसे हो गया? स्पष्ट है कि सनातन धर्म पर कोई खतरा नहीं है बल्कि खतरा दिखाकर अपना उल्लू सीधा किया जा रहा है और मुसलमानों के खिलाफ नफरत परोसी जा रही है।

## टीबी उन्मूलन की दिशा में वैश्विक प्रयास और भारत की रणनीति



योगेश कुमार गोयल

टीबी (ट्यूबरकुल बेसिलाइ), जिसे क्षय रोग, तपेदिक अथवा राजरोग के नाम से भी जाना जाता है, एक ऐसी संक्रामक बीमारी है, जो माइको ट्यूबरक्युलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। वैसे तो टीबी बाल और नाखूनों को छोड़कर शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकती है लेकिन इसका ज्यादातर असर फेफड़ों पर ही होता है। टीबी से पीड़ित व्यक्ति के खांसने–छींकने के दौरान मुंह व नाक से निकलने वाली ड्रॉपलेट्स के जरिए कोई स्वस्थ व्यक्ति भी संक्रमित हो सकता है। ड्रॉपलेट्स के जरिए फैलने वाले बैक्टीरिया कई घंटों तक हवा में रह सकते हैं। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक केवल फेफड़ों की टीबी ही संक्रामक होती है, शरीर के अन्य हिस्सों में यह संक्रामक नहीं होती। दरअसल फेफड़ों के अलावा टीबी मुंह, लिवर, गले, दिमाग, किडनी, रीढ़ तथा यूट्रस में भी हो सकती है किन्तु ऐसी टीबी मरीज से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलती। इस बीमारी को खतरनाक इसलिए माना जाता है क्योंकि यह शरीर के जिस हिस्से में होती है, धीरे–धीरे उस हिस्से को बेकार करना शुरू कर देती है।

कुछ दशक पूर्व टीबी को एक लाइलाज बीमारी माना जाता था लेकिन अब सही समय पर इसका समुं. चत इलाज कराए जाने से इसका पूरी तरह निदान संभव है और इलाज शुरू करने के बाद उसमें लापरवाही मरीज के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार टीबी अभी भी दुनिया की सबसे घातक संक्रामक जानलेवा बीमारियों में से एक है और दुनियाभर में प्रतिदिन करीब 4 हजार लोग इससे जान गंवाते हैं। प्रतिदिन करीब 30 हजार लोग इस बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। हालांकि आज टीबी का इलाज उपलब्ध होने पर ऐसे लोगों का सफल इलाज संभव है लेकिन जागरूकता के अभाव में हर साल लाखों लोग अब भी टीबी होने पर मौत के मुंह में समा जाते हैं।

इस वैश्विक महामारी के जानलेवा परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा इसे जड़ से खत्म करने के प्रयास तेज करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है और डब्ल्यूएचओ के तत्वाधान में विश्वभर में टीबी से संबंधित कई कार्यक्रम चलाए जाते हैं। 24 मार्च 1882 को एक जर्मन चिकित्सक और माइक्रोबायोलॉजिस्ट डा. रॉबर्ट कोच ने इस जानलेवा बीमारी के कारक बैक्टीरिया की पहचान करने की पुष्टि की थी, जिसके फलस्वरूप टीबी के निदान और इलाज में दुनियाभर के वैज्ञानिकों को बड़ी मदद मिली। रॉबर्ट कोच की इस महत्वपूर्ण खोज के पूरे 100 वर्ष बाद 'इंटरनेशनल यूनियन अगेंस्ट ट्यूबरकुलोसिस एंड लंग डिजीज' द्वारा 24 मार्च के दिन को विश्व टीबी दिवस के रूप में मनाने की सिफारिश की गई। हालांकि डब्ल्यूएचओ की विश्व स्वास्थ्य सभा और संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक दशक से भी ज्यादा समय बाद आधिकारिक तौर पर इसे एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में चिह्नित किया गया। डब्ल्यूएचओ ने 1995 में नीदरलैंड के डेन हैग में इसके लिए रॉयल नीदरलैंड ट्यूबरकुलोसिस फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया और कुछ और संगठनों के साथ आने



पर विश्व टीबी दिवस को सफल बनाने के लिए 1997 में डब्ल्यूएचओ ने बर्लिन में एक समाचार सम्मेलन आयोजित किया, जहां डॉट्स को उस दशक की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सफलता बताया गया। तभी डब्ल्यूएचओ द्वारा आधिकारिक तौर पर पहला विश्व टीबी दिवस मनाया गया। प्रतिवर्ष विश्व टीबी दिवस एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है और विश्व क्षय रोग दिवस 2026 का आधिकारिक विषय है 'हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैंरू देशों के नेतृत्व में, लोगों की शक्ति से।' विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा घोषित इस विषय में राष्ट्रीय नेतृत्व, समुदाय–संचालित प्रयासों और टीबी महामारी से निपटने में प्रगति को तेज करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया है, विशेष रूप से निवेश और नवाचार में वृद्धि के माध्यम से। टीबी का खात्मा करने की रणनीति के तहत डब्ल्यूएचओ 2035 तक टीबी से होने वाली मौतों को 95 फीसदी तक और टीबी के नए मामलों को 90 फीसदी तक कम करने पर काम कर रहा है। विश्व को टीबी मुक्त करने की डब्ल्यूएचओ की रणनीति के तहत टीबी रोगियों के लिए विशेष देखभाल केन्द्रों की स्थापना, सभी देशों द्वारा टीबी को लेकर सार्थक कदम उठाने और टीबी को खत्म करने वाली प्रणालियों पर कार्य करने की अनिवार्यता तथा टीबी को लेकर गहन अनुसंधान और नवाचार को शामिल किए जाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक, वर्ष 2000 से टीबी को खत्म करने के वैश्विक प्रयासों से अनुमानित 7 करोड़ से अधिक लोगों की जान बचाई गई है। टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में भारत सरकार द्वारा एक विशेष कार्यक्रम 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत की जा चुकी है। हालांकि देश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य बनाकर कार्य करना निसंदेह बड़ी पहल है लेकिन इसके लिए बेहद जरूरी है कि पोलियो उन्मूलन के प्रयासों की ही भांति टीबी उन्मूलन की दिशा में भी पूरी तैयारी के साथ कड़ी मेहनत की जाए ताकि इस अभियान को पलीता न लगे। दरअसल आमतौर पर ऐसी शिकायतें आती रही हैं कि टीबी के लिए आवश्यक अस्पतालों और कर्मियों का उपयोग दूसरे कार्यों में होता रहा है। टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बेहद जरूरी है कि सरकारी मशीनरी को बेहद चुस्त–दुरुस्त बनाते हुए यह भी सुनिश्चित किया जाए कि टीबी से मुक्ति पाने के लिए निर्धारित संसाधनों का बेहतर उपयोग हो और टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत और सक्रिय बनाया जाए।

समुचित इलाज के बावजूद टीबी के महामारी बनने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि लोगों में अभी भी इस बीमारी के प्रति जानकारी का अभाव है। देश में टीबी फैलने का प्रमुख कारण इस बीमारी के प्रति लोगों का सचेत न होना तथा शुरूआती दौर में इस बीमारी को गंभीरता से नहीं लेना ही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुता. बिक टीबी किसी को भी हो सकती है लेकिन लोगों को इसके लक्षणों, बचने के उपायों तथा इलाज के बारे में पूरी जानकारी होना बेहद जरूरी है। आज टीबी से घबराने की आवश्यकता नहीं है, 'डॉट्स' से हाथ मिलाकर टीबी जैसी जानलेवा बीमारी को हराया जा सकता है, बशर्ते डॉक्टर के निर्देशानुसार इलाज में कोई लापरवाही न बरती जाए।



नोएडा। तेज बारिश के बीच रेन कवर पहनकर साइकिल पर जाता युवक।

## इजरायल की सेना ने ईरान से दागी गई मिसाइल को रोका

**यरूशलम।** इजरायल ने एक घंटे में तीसरी बार ईरान से दागी गई मिसाइल का पता लगाया और उसे रोक दिया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि वायु रक्षा प्रणालियां उन्हें रोक रही हैं। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ देर पहले, आईडीएफ ने ईरान से इजरायल राष्ट्र के क्षेत्र की ओर दागी गई मिसाइलों की पहचान की। इस खतरे को रोकने के लिए रक्षा प्रणालियां काम कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल ने गत 28 फरवरी को ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए थे। ईरान इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य लक्ष्यों के खिलाफ हमले करके जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

# डिमोना पर हमले से इजरायली डिफेंस की पोल खुली

## 1500 Km दूरी तय कर पहुंची ईरानी मिसाइलें, कैसे फेल हुए THAAD, एरो व आयरन डोम

**■ हमले में 180 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है**

**तेल अवीव।** इजराइल के सबसे सुरक्षित इलाकों में उसका मुख्य परमाणु रिसर्च सेंटर माना जाता है। डिमोना न्यूक्लियर फैसिलिटी नेगेव रेगिस्तान में डिमोना शहर के पास स्थित है। यहां सुरक्षा बहुत कड़ी रहती है और इसे बचाने के लिए कई परतों वाली मिसाइल डिफेंस सिस्टम लगी हुई है।

लेकिन शनिवार रात एक चौंकाने वाली घटना हुई। ईरान की दो बैलिस्टिक मिसाइलें इजराइल के एयर डिफेंस को चकमा देकर डिमोना और पास के शहर अराद के रिहायशी इलाकों में गिर गईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके लिए मिसाइलों ने 1500 किमी से ज्यादा दूरी तय की ये दोनों हमले करीब तीन घंटे के अंतर से हुए। दोनों हमलों को रोकने में आयरन डोम, डेविड्स स्लिंग, एरो-3 और अमेरिकी डिफेंस सिस्टम थार्ड फेल हो गए। इजराइल के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इस हमले में 180 लोग घायल



हुए हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है।

### इजरायल ने माना: ईरानी मिसाइलें रोकने में नाकाम रहे

डिमोना में स्थित शिमोन पेरेस नेगेव परमाणु रिसर्च सेंटर को आम तौर पर 'डिमोना रिएक्टर' कहा जाता है। माना जाता है कि यहां इजराइल के परमाणु हथियार मौजूद हैं, हालांकि इजराइल ने कभी इसे आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया। यह देश के सबसे सुरक्षित इलाके माना जाता है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह रही कि इजराइली सेना ने खुद माना कि उसने इन मिसाइलों को रोकने की कोशिश की थी, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी। ऐसे में यहां हुए हमले से आसपास रहने वाले लोगों में डर फैल गया है।

### इजरायल बोला: अब तक 400 ईरानी मिसाइलें रोकीं

इजराइल का दावा है कि वह ज्यादातर मिसाइलों को रोक लेता है। इजराइली वायुसेना के अनुसार, 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद से अब तक ईरान 400 मिसाइलें दाग चुका है, जिनमें से 92 प्रतिशत को हवा में ही रोक लिया गया। हालांकि शनिवार रात की यह घटना दिखाती है कि कोई भी सुरक्षा सिस्टम 100 प्रतिशत सुरक्षित नहीं होता। अब जांच की जा रही है कि आखिर ये मिसाइलें इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम को कैसे पार कर गईं। इजराइल के पास कई तरह के एयर डिफेंस सिस्टम हैं। आयरन डोम छोटे रॉकेट रोकने के लिए है। डेविड्स स्लिंग मध्यम दूरी की मिसाइलों के लिए इस्तेमाल होता है। सबसे एडवांस सिस्टम एरो-3 है, जो अंतरिक्ष के पास ही मिसाइल को नष्ट करने की क्षमता रखता है। इसके अलावा अमेरिका का थार्ड सिस्टम भी वहां तैनात है। इसके बावजूद ये मिसाइलें अंदर तक पहुंच गईं। इससे सवाल उठ रहे हैं कि आखिर गलती कहां हुई। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह ऑपरेशन की नाकामी हो सकती है, यानी सिस्टम सही था लेकिन उसे इस्तेमाल करने में चूक हुई।

### इंटरसेप्टर मिसाइलों के स्टॉक खत्म होने की आशंका

एक और बड़ी चिंता यह भी सामने आ रही है कि कहीं इजराइल अपने सबसे महंगे और ताकतवर इंटरसेप्टर मिसाइलों का इस्तेमाल बचाकर तो नहीं कर रहा। पिछले साल ईरान के साथ 12 दिन की लड़ाई में काफी मिसाइलें खर्च हो चुकी थीं, इसलिए स्टॉक कम होने की आशंका जताई जा रही है।

# ईरान ने अमेरिका का F-15 जेट मार गिराया

## यह दुनिया का सबसे एडवांस फाइटर जेट, लेकिन ईरानी खतरे का अंदाजा नहीं लगा पाया

**■ ईरान की ओर से जारी वीडियो के मुताबिक, इस हमले में सिर्फ एक मिसाइल ही काफी रही**



**तेहरान।** ईरान से जंग के बीच कुवैत में अमेरिका का एक और फाइटर जेट मार गिराया गया है। अब इसका वीडियो भी सामने आ गया है। दावे के अनुसार अमेरिका के एफ-15 फाइटर जेट को एक हमले में कुवैत में ढेर कर दिया गया है। ईरान से जंग के बीच कुवैत में अमेरिका का एक और फाइटर जेट मार गिराया गया है। अल-अहद समाचार नेटवर्क के अनुसार इस अमेरिकी विमान पर हमला हुआ और कुछ ही मिनट में वह नीचे गिर गया।

अब इसका वीडियो भी सामे आ गया है, जिसमें अमेरिका के एफ-15 फाइटर जेट को गिरते हुए साफ देखा जा सकता है। इससे एक दिन पहले अमेरिका का एक और एफ-15 फाइटर जेट स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरान ने मार गिराया था। यह अमेरिका के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। इससे 4 दिन पहले ईरान ने अमेरिका के एफ-35 विमान को हिट किया था। इससे पहले ईरान ने तेहरान में ऑपरेशन करने पहुंचे अमेरिका के एफ-35 विमान को हिट किया था, जिसमें विमान को काफी नुकसान पहुंचा था। फिलहाल कुवैत में कौन सा लड़ाकू विमान गिरा है, इसका भी ब्यौरा सामने नहीं आ सका है। इस बारे में अमेरिका की ओर से अभी कोई बयान जारी नहीं किया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि ईरान के हमले के बाद कुवैत में अमेरिका का यह विमान गिराया गया है। हालांकि अभी तक ईरान ने भी विमान गिराने का कोई दावा नहीं किया है। ईरान ने कहा कि उसने 19 मार्च को अमेरिका के एफ-35 लड़ाकू विमान को अपना शिकार बनाया है। हालांकि अमेरिका इस घटना का पूरा विवरण जारी नहीं किया। अमेरिका के सेंट्रल कमांड (सीईएनटीसीओएम) ने दावे में कहा कि उसका विमान सुरक्षित उतरा और पायलट की हालत स्थिर है। हालांकि, सीईएनटीसीओएम ने घटना के विवरण नहीं दिए, लेकिन एफ-35 की सामान्य उड़ान ऊंचाई (उच्च स्तर पर) को देखते हुए, नुकसान संभवत: सर्फेस-टू-एयर मिसाइल (सेम) से हुआ है। **Air & Space Forces Magazine** की रिपोर्ट के अनुसार पायलट को शार्पनेल से चोटें आईं, लेकिन वे गंभीर नहीं हैं और पायलट स्थिर स्थिति में हैं। यह घटना ईरान के खिलाफ चल रहे **Operation Epic Fury** के दौरान हुई है, जहां अमेरिकी एफ-35ए स्टील्थ फाइटर ईरान के ऊपर मिशन पर थे। ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया कि उन्होंने एफ-35 को 'गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त) किया और थर्मल इमेजिंग वीडियो जारी किया, लेकिन अमेरिकी पक्ष ने केवल इमरजेंसी लैंडिंग का दावा किया। अगर यह दावा सही साबित होता है, तो यह अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे तनाव में बड़ी बढ़ोतरी मानी जाएगी। पहले से ही खाड़ी क्षेत्र में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और इस तरह की घटनाएं संघर्ष को और गंभीर बना सकती हैं। अमेरिका या इजरायल की ओर से भी इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। ईरान का यह दावा तब आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है कि अगर वो स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पूरी तरह नहीं खोलता तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट्स पर हमला कर सकता है। अब तक अमेरिका के कई एफ-15 फाइटर जेट ईरान के साथ 23 दिन की लड़ाई में तबाह हो चुके हैं। 3 एफ-15 फाइटर जेट युद्ध के शुरुआती दौर में ही गिरे थे, हालांकि ये तीनों जेट ईरान ने नहीं गिराए बल्कि कुवैत की एयर डिफेंस की ओर से गलती से गिराए गए बताए गए थे। इनमें मौजूद 6 पायलट सुरक्षित बाहर निकल गए थे।

## ईरान ने तटों पर हमला होने पर फॉरस की खाड़ी में बारूदी सुरंगें बिछाने की धमकी दी

**तेहरान।** ईरान ने सोमवार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसके तटवर्ती इलाकों या द्वीपों पर हमला होता है तो वह फारस की खाड़ी में महत्वपूर्ण संचार मार्गों पर बारूदी सुरंगें बिछा देगा। ईरान की राष्ट्रीय रक्षा परिषद ने कहा कि उसके क्षेत्र को निशाना बनाने के किसी भी प्रयास के परिणामस्वरूप फारस की खाड़ी में सभी संचार लाइनों में बारूदी सुरंगें बिछा दी जाएंगी। उसने यह भी कहा कि जहाज केवल तेहरान के समन्वय से ही होर्मुज स्ट्रेट से गुजर सकेंगे। बयान में कहा गया कि दुश्मन द्वारा ईरानी तटों या द्वीपों पर हमला करने के किसी प्रयास के बाद स्वाभाविक रूप से और सामान्य सैन्य अभ्यास के अनुसार फारस की खाड़ी और तटों के सभी पहुंच मार्गों एवं संचार लाइनों को विभिन्न प्रकार की नौसैनिक बारूदों से भर दिया जाएगा, जिसमें तैरती बारूदें भी शामिल हैं, जिन्हें तटों से छोड़ा जा सकता है। ईरान ने कहा कि ऐसे में, पूरे फारस की खाड़ी क्षेत्र में लंबे समय तक होर्मुज स्ट्रेट जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इस बार, होर्मुज स्ट्रेट के साथ-साथ पूरा फारस की खाड़ी क्षेत्र व्यावहारिक रूप से अवरुद्ध हो जाएगा और इसकी जिम्मेदारी धमकी देने वाले पक्ष की होगी। इस बीच अमेरिका कथित तौर पर ईरान के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण खार्ग द्वीप पर कब्जा करने या उसकी नाकाबंदी करने की योजनाओं पर विचार कर रहा है, ताकि तेहरान पर महत्वपूर्ण मार्ग को फिर से खोलने के लिए दबाव डाला जा सके। हालांकि यह एक ऐसा कदम है जो ईरान युद्ध को काफी हद तक बढ़ा सकता है।

## न्यूयॉर्क एयरपोर्ट पर प्लेन-ट्रक की टक्कर, दोनों पायलट की मौत

**■ एयर ट्रैफिक कंट्रोलर स्टॉप-स्टॉप चिल्लाता रहा 72 यात्री सवार थे**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में ला गार्डिया एयरपोर्ट पर रविवार रात (स्थानीय समयानुसार) एयर कनाडा एक्सप्रेस का एक विमान लैंडिंग के समय रनवे पर फायर ट्रक से टकरा गया। इससे विमान का अगला हिस्सा पूरी तरह तबाह हो गया। हादसे में पायलट और को-पायलट की मौत हो गई, जबकि ट्रक में सवार दो लोग घायल हुए हैं। जैज एविएशन के मुताबिक, यह फ्लाइट मॉन्ट्रियल से आ रही थी। सीआरजे-900 विमान में कुल 72 यात्री और 4 क्रू मेंबर सवार थे। टक्कर के तुरंत बाद रनवे 4 को बंद कर दिया गया। एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लागू करते हुए सभी फ्लाइट ऑपरेशन रोक दिए गए और आने वाली उड़ानों को डायवर्ट किया गया। हादसे से पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने विमान और ग्राउंड वाहन दोनों को रुकने के लिए कहा था और स्टॉप-स्टॉप चिल्लाता रहा, लेकिन फिर भी टक्कर हो गई। लैंडिंग से पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने विमान को रोकने की कोशिश की थी। वायरल ऑडियो में एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने पहले ट्रक को रनवे पार करने की अनुमति दी थी, लेकिन थोड़ी ही देर बाद कंट्रोलर लगातार 'स्टॉप, स्टॉप, ट्रक 1' चिल्लाता रहा। हालांकि, कुछ ही सेकंड में टक्कर हो गई। कंट्रोलर की आवाज रिकॉर्डिंग में सुनाई देती है-जाज् 646, आप वाहन से टकरा गए हैं, वहीं रुके रहें, मदद पहुंच रही है। फ्लाइट लैंडिंग के बाद रनवे पर करीब 130 मील प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रही थी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में विमान के आगे के हिस्से में नुकसान और कॉकपिट उठा हुआ दिखाई दे रहा है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने एयरक्राफ्ट इमरजेंसी घोषित करते हुए तुरंत ग्राउंड स्टॉप लगा दिया। एयरपोर्ट को सोमवार दोपहर 2 बजे तक बंद रखने की बात कही गई है। एयरपोर्ट पर आने वाले विमानों को दूसरे हवाई अड्डों की ओर मोड़ दिया गया था या उन्हें वापस भेज दिया गया। हादसे में शामिल विमान सीआरजे-900 था, जिसे जैज एविएशन ऑपरेट करता है। इसमें करीब 76 यात्रियों की क्षमता होती है। फ्लाइट रात करीब 10:30 बजे मॉन्ट्रियल से रवाना हुई थी और लगभग एक घंटे बाद ला गार्डिया पहुंची। घटना के बाद रनवे पर बड़ी संख्या में इमरजेंसी वाहन पहुंच गए। रात 2 बजे तक रनवे पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी था।

## हिजबुल्लाह के समर्थन में खुलकर उतरे ईसाई

### कहा: हमारी जंग एपस्टीन साम्राज्य से

**लेबनान।** रास बालबेक गांव में कैथोलिक ईसाइयों ने सुरक्षा के लिए हिजबुल्लाह से हाथ मिला लिया है। आईएसआईएस के हमलों के दौरान दोनों ने मिलकर लड़ाई लड़ी, जिससे उनका रिश्ता मजबूत हुआ। आज भी इजराइल हमलों और सीरिया से खतरे के बीच गांव के लोग हिजबुल्लाह को अपना रक्षक मानते हैं और साथ खड़े हैं।

लेबनान के एक छोटे से गांव रस बालबेक में अलग-अलग धर्म के लोग मिलकर मुश्किल हालात का सामना कर रहे हैं। यह गांव बेका वैली में है और सीरिया सीमा बॉर्डर के पास पड़ता है। यहां करीब 6,000 कैथोलिक ईसाई रहते हैं। सुरक्षा के खतरे को देखते हुए गांव के लोगों ने हिजबुल्लाह के साथ मिलकर अपने इलाके और चर्चों की रक्षा करने का



**■ लेबनान के एक छोटे से गांव रस बालबेक में अलग-अलग धर्म के लोग मिलकर मुश्किल हालात का सामना कर रहे हैं**

फैसला किया है। गांव के नेता रिफियात नसरल्लाह का कहना है कि हिजबुल्लाह ने मुश्किल समय में उनकी मदद की, जबकि वेटिकन ने कोई खास सहायता नहीं दी। नसरल्लाह का कहना है कि हिजबुल्लाह ने गांव की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी और खून बहाया। इसी वजह से दोनों के बीच बहुत मजबूत रिश्ता बन गया है। यहां तक कि हिजबुल्लाह हर साल गांव के लिए क्रिसमस ट्री भी खरीदता है। हम एपस्टीन गिरोह के लोगों के साथ युद्ध में हैं। ये लोग बच्चों को खाते, तलते और उनका बलात्कार करते हैं। ये राक्षस हैं, दरिंदे हैं। लेकिन सबसे बुरी बात ये है कि दुनिया पर राज करने वाले यही लोग हैं। यह रिश्ता खास तौर पर 2013 से 2017 के बीच और मजबूत हुआ, जब इस्लामिक स्टेट के आतंकियों ने सीरिया की तरफ से कई बार गांव पर हमला किया।

## महिला की लाश के साथ 13 घंटे उड़ता रहा विमान

**■ हॉन्गकॉन्ग से लंदन उड़ान में टेकऑफ के बाद मौत हुई, रास्तेभर बदबू से परेशान रहे पैसेंजर**

**लंदन।** ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट में रविवार को एक महिला यात्री की टेकऑफ के करीब 1 घंटे बाद मौत हो गई। इसके बाद उनका शव पूरे 13 घंटे तक विमान में ही रखा रहा। शव को विमान के पीछे वाले हिस्से में रखा गया था, जहां फर्श गर्म था।

इसी वजह से धीरे-धीरे बदबू फैलने लगी, जिससे पीछे बैठे यात्रियों को काफी परेशानी हुई। यह घटना हॉन्गकॉन्ग से लंदन जा रही फ्लाइट में हुई। महिला की उम्र करीब 60 साल थी। पायलट ने फ्लाइट को बीच में रोकने या वापस लौटने के बजाय लंदन तक जारी रखने का फैसला किया, क्योंकि नियमों के मुताबिक ऐसी स्थिति को आमतौर पर इमरजेंसी नहीं माना जाता। क्रू मेंबर्स ने पहले शव को टॉयलेट में रखने का सोचा, लेकिन बाद में उसे कंबल में लपेटकर गैली में रख दिया गया। गैली विमान का वह हिस्सा होता है, जहां फ्लाइट स्टाफ (क्रू) खाना-पीना तैयार करता है और सामान रखता है। यहीं से यात्रियों को खाना, पानी, चाय-कॉफी दी जाती है। आमतौर पर यह प्लेन के आगे या पीछे वाले हिस्से में होता है। लंदन पहुंचने पर पुलिस ने विमान में आकर जांच की और करीब 45 मिनट तक यात्रियों को सीट पर ही बैठाए रखा गया।

## युद्ध के बीच तेल-गैस से ईरान की रिकॉर्ड कमाई

### खार्ग टर्मिनल से सप्लाई जारी, खाड़ी देशों का प्रोडक्शन 70 प्रतिशत तक गिरा

**दुबई/ तेहरान।** अमेरिका व इजराइल के साथ जंग को ईरान ने एक मौके में बदल दिया है। अमेरिका ने खार्ग आइलैंड के पास सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन ग्लोबल ऑयल संकट के डर से तेल टर्मिनल को सीधे निशाना नहीं बनाया। इसी का फायदा उठाते हुए ईरान ने खार्ग टर्मिनल चालू रखा और 'घोस्ट फ्लीट' के जरिए चीन को सप्लाई जारी रखी है।

इंटरनेशनलएनर्जी एजेंसी और एस-पी ग्लोबल के मुताबिक, ईरान रोजाना 1.7 से 2 मिलियन (17 से 20 लाख) बैरल तेल एक्सपोर्ट कर रहा है। देश के करीब 90 प्रतिशत तेल का एक्सपोर्ट अभी भी खार्ग टर्मिनल से हो रहा है। साउथ पार्स गैस फील्ड पर



**■ देश के करीब 90 प्रतिशत तेल का एक्सपोर्ट अभी भी खार्ग टर्मिनल से हो रहा**

हमले से एक्सपोर्ट प्रभावित हुआ, लेकिन गैस सप्लाई पूरी तरह बंद नहीं हुई। रिपोर्ट है कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले विदेशी जहाजों से ईरान करीब 16.5 करोड़ रुपए प्रति जहाज 'वॉर टैक्स' भी वसूल रहा है। खाड़ी देशों का प्रोडक्शन 70 प्रतिशत तक गिरा ईरान की होर्मुज स्ट्रेट पर पकड़ और लगातार हमलों के कारण सऊदी अरब, कतर, इराक, कुवैत और यूएई जैसे खाड़ी देशों की सप्लाई प्रभावित हुई है। सुरक्षित समुद्री रास्तों की कमी, बढ़ते हमले और लॉजिस्टिक्स दिक्कतों के चलते इन देशों का कुल उत्पादन 70 प्रतिशत तक गिर गया है। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध का सबसे सीधा असर कच्चे तेल पर पड़ा है। शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड 3.26 प्रतिशत की उछाल के साथ 112.19 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जो जुलाई 2022 के बाद का सबसे उच्चतम स्तर है। अगर तेल की कीमतें 100 डॉलर के ऊपर बनी रहती हैं, तो इससे भारत में महंगाई बढ़ेगी जो बाजार के लिए अच्छा नहीं है।

## प्रेग्नेंसी में वर्क फ्रॉम होम नहीं दिया, 200 करोड़ जुर्माना

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के ओहायो में प्रेग्नेंट महिला को वर्क फ्रॉम होम की अनुमति न देने के मामले में कोर्ट ने कंपनी पर 2.25 करोड़ डॉलर (200 करोड़) का जुर्माना लगाया है। महिला को ऑफिस आने की मजबूरी की वजह से समय से पहले डिलीवरी हुई थी। जिससे नवजात की कुछ घंटों में ही मौत हो गई थी। कोर्ट ने माना कि अगर महिला को घर से काम करने दिया जाता, तो स्थिति अलग हो सकती थी। इसी आधार पर कंपनी पर यह जुर्माना लगाया गया। चेल्सी वॉल्श नाम की महिला टोटल क्वालिटी लॉजिस्टिक्स अमेरिकी कंपनी में काम करती थीं। फरवरी 2021 में उन्होंने वर्क फ्रॉम होम (डब्ल्यूएचएफ) की इजाजत मांगी थी। कंपनी ने उन्हें ऑफिस आकर काम करने या बिना सैलरी छुट्टी लेने का ऑप्शन दिया, जिससे उनकी इनकम और हेल्थ इंश्योरेंस पर असर पड़ता। मजबूरी में उन्हें 22 फरवरी से ऑफिस जाकर काम करना पड़ा। लगातार तीन दिन काम करने के बाद 24 फरवरी को उन्हें समय से पहले डिलीवरी हो गई। महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया, लेकिन जन्म के कुछ ही घंटों बाद उसकी मौत हो गई।

# ईरानी पावर प्लांट्स पर 5 दिन हमला नहीं करेंगे: ट्रम्प

## बातचीत के बाद फैसला, ईरान बोला: राष्ट्रपति तेल कीमत घटाने के लिए गुमराह कर रहे

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के पावर प्लांट्स और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले हमलों को फिलहाल टाल दिया है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच पिछले दो दिनों से चली बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया है।

उन्होंने बताया कि रक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि पावर प्लांट्स और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर सभी सैन्य हमलों को 5 दिनों के लिए रोक दिया जाए। ट्रम्प ने कहा कि अगर बातचीत सफल रहती है, तो मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव को खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकता है। दरअसल ट्रम्प ने दो दिन पहले ईरान को धमकी दी थी कि अगर 48 घंटे में होर्मुज रूट नहीं खोला गया तो वो ईरान के पावर प्लांट पर बड़ा हमला करेंगे। वहीं, ईरान ने दावा किया है कि ट्रम्प के साथ उनकी कोई बातचीत नहीं हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ट्रम्प एनर्जी की कीमतें कम करने के लिए ऐसे बयान दे रहे हैं।



**■ ईरान ने दावा: ट्रम्प के साथ उनकी कोई बातचीत नहीं हुई है**

मंत्रालय ने आगे कहा कि कई देश तनाव कम करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हमारा साफ कहना है कि हमने यह युद्ध शुरू नहीं किया। इसलिए इस बारे में बात अमेरिका से की जानी चाहिए। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने कहा है कि उनका देश होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने युद्ध की वजह से पैदा हो रही आर्थिक उथल-पुथल पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा- ईरान को लेकर आपकी जो भी राय हो, यह युद्ध उनकी वजह से शुरू नहीं हुआ है। अगर युद्ध जारी रहा, तो हालात और खराब हो सकते हैं। उन्होंने 'द इकोनॉमिस्ट' मैगजीन में लिखे अपने लेख में इस युद्ध को 'गैरकानूनी' बताया।

### ईरान बोला: अमेरिका से कोई बातचीत नहीं हुई

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि उनकी अमेरिका से किसी भी तरह की बातचीत नहीं हो रही है और न ही वे बातचीत करने की स्थिति में हैं। मेहर न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मंत्रालय ने कहा कि ट्रम्प ऊर्जा कीमतों को कम करना चाहते हैं और अपने प्लानिंग के लिए वक्त हासिल करना चाहते हैं। इसलिए वे ऐसे बयान दे रहे हैं। इजराइली सेना ने कहा है कि वह इस समय तेहरान के बीचों-बीच ईरानी शासन से जुड़े ठिकानों पर हमले कर रही है। यह बयान उस समय आया है जब कुछ ही देर पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमले की अपनी योजना को टालने का ऐलान किया था।

### ट्रम्प के ईरान पर हमले टालने के फैसले से तेल कीमतों में गिरावट

ट्रम्प के ईरान पर सैन्य कार्रवाई टालने के फैसले के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई है। रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेंट क्रूड की कीमत करीब 13/15 प्रतिशत गिरकर +96 प्रति बैरल तक पहुंच गई। वहीं अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) की कीमत भी लगभग 13.5 प्रतिशत गिरकर +85.28 प्रति बैरल तक आ गई।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108